

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,शनिवार 26 अगस्त 2023 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-148 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 27 अगस्त 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### चाय बनाते समय ट्रेन के टूरिस्ट कोच में फटा सिलेंडर, 10 की मौत

**मदुरै,26 अगस्त।** तमिलनाडु के मुदरै में शनिवार सुबह लखनऊ से रामेश्वरम जा रही ट्रेन के टूरिस्ट कोच (प्राइवेट कोट) में आग लगने से 9 यात्रियों की मौत हो गई। घटना मदुरै रेलवे स्टेशन के पास हुई। ब्लास्ट में 20 यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें निजी अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। घटना की सूचना पर आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। अब तक की जानकारी के मुताबिक, यह प्राइवेट कोच यूपी के सीतापुर से बुक किया गया था। कुल 62 लोगों के लिए कोच बुक किया गया था, जो चार धाम यात्रा पर थे। मुदरै आकर सभी रामेश्वरम दर्शन को जाना चाहते थे। बताया जा रहा है कि इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) टूर पर यात्रियों को लेकर पर्यटक कोच लखनऊ से मदुरै पहुंचा था, जब यह घटना सुबह करीब 5.15 बजे हुई। अधिकारियों ने कहा कि आग तब लगी जब ट्रेन शनिवार सुबह मदुरै यार्ड जंक्शन पर रुकी हुई थी। रेलवे ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है. प्राइवेट पार्टी कोच ने 17 अगस्त को लखनऊ से अपनी यात्रा शुरू की थी और कल चेन्नई पहुंचने वाली थे और इसके बाद इसे वहीं से लखनऊ लौटना था.

### मजदूरों से भरी जीप खाई में गिरी, 9 की मौत

**केरल,26 अगस्त।** देश में सड़क हादसा थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। जहां कुछ दिन पहले इंडियन आर्मी से भरी गाड़ी खाई में गिर गई थी। जहां



कई जवान शहीद हुए थे। तो वही आज केरल में मजदूरों से भरी जीप खाई में गिर गई। इस दर्दनाक हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोगों की हालत गंभीर है। हादसा केरल के वायनाड जिले का है। जानकारी के अनुसार वायनाड जिले की थालपुझा के पास यह हादसा हो गया है। मजदूर अपना काम करके घर लौट रहे थे। इसी दौरान जीप खाई में गिर गई। जिससे मौके पर ही 9 लोगों की मौत हो गई। वहीं 2 लोगों की हालत गंभीर होने से तत्काल अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद सीएम पिनाराई विजयन ने गहरा शोक जताया है।



# चंद्रमा पर शिवशक्ति और तिरंगा प्वाइंट

## चंद्रयान-3 के वैज्ञानिकों को सलाम करते-करते भावुक हो गए पीएम मोदी

**बेंगलुरु,26 अगस्त।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान -3 मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को भाषण दिया। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए इसरो टीम के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए पीएम मोदी भावुक हो गए। बेंगलुरु में इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क मिशन कंट्रोल कॉम्प्लेक्स में बोलते हुए, पीएम मोदी ने कहा, जिस स्थान पर चंद्रयान -3 का चंद्रमा लैंडर उतरा, उस बिंदु को 'शिवशक्ति' के नाम से जाना जाएगा। मैं जल्द से जल्द आपसे मिलना चाहता था और आपको सलाम करना चाहता था। आपके प्रयासों को सलाम करता हूं। इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) में टीम इसरो को संबोधित करते हुए उन्होंने उस स्थान की भी घोषणा की जहां चंद्रयान -2 ने 2019 में चंद्र सतह पर अपने पदचिह्न छोड़े थे। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त स्थल को तिरंगा प्वाइंट के नाम से जाना जाएगा।

इस बीच, इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस सोमनाथ ने शनिवार को विवरण साझा किया और प्रधान मंत्री मोदी को चंद्रयान -3 मिशन की प्रक्रिया के बारे में बताया। मोदी ने आगे कहा, आज मैं एक अलग स्तर की खुशी महसूस कर रहा हूं। ऐसे अवसर बहुत कम होते हैं, इस बार मैं बहुत बेचैन था। पीएम मोदी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा मैं दक्षिण अफ्रीका में था लेकिन मेरा मन आपके साथ था। पीएम मोदी ने कहा चंद्रमा की सतह पर वह स्थान जहां चंद्रयान -2 ने अपने पैरों के निशान छोड़े हैं, उसे तिरंगा के नाम से जाना जाएगा। ये भारत के हर प्रयास के लिए प्रेरणा बनेगा। यह हमें याद दिलाएगा कि कोई भी विफलता अंतिम नहीं होती।




**नागपुर,26 अगस्त।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के अहेरी अगरा में सड़क पर दौड़ती एक एसटी बस का वीडियो वायरल हुआ है. वीडियो वायरल होने के बाद एसटी विभाग की तरफ से किये जा रहे हैं बड़े- बड़े दाओं की पोल खोलकर रख दी है. दरअसल एसटी बस की छत लीक थी. ऐसे में बारिश का पानी से ड्राइवर ना भीग जाए. वह बारिश से बचने के लिए मजबूरी में देखा गया कि ड्राइवर के एक हाथ में छाता और एक हाथ में स्टीयरिंग है. वह छतरी पकड़कर स्टेरिंग संभाल रहा है. ड्राइवर अपनी ड्यूटी तो निभा रहा है. लेकिन एक हाथ से स्टेरिंग चलाने के दौरान हादसा भी हो सकता है.



## भाजपा के दिग्गज नेताओं सहित कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफा

**महासमुंद,26 अगस्त।** जिले के अंतर्गत सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी श्याम तांडी ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए अपना त्याग पत्र भारतीय जनता पार्टी महासमुंद जिला अध्यक्ष रूप कुमारी को सौंप दिया है। विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी ने सरायपाली विधानसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी की कद्दावर नेता सरला कोसरिया को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। इसके बाद से ही सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के गड़ा समाज में भारतीय जनता पार्टी के लिए भारी नाराजगी देखी जा रही है।

### जी-20 सम्मेलन में अभेद्य हो जाएगा दिल्ली का सुरक्षा चक्र

**नई दिल्ली,26 अगस्त।** सितंबर में होने वाली जी-20 की बैठक में सुरक्षा के बेहतर बंदोबस्त के लिए गृह मंत्रालय में कई राउंड की बैठक हो चुकी है, सुरक्षा व्यवस्था के लिए दिल्ली पुलिस मुख्य तौर पर नोडल एजेंसी है.

पर सभी अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी जी-20 बैठक की सुरक्षा में तैनात किया जा रहा है. आजतक को सूत्रों ने जानकारी दी है कि जी-20 की बैठक की सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के रक्षकों की 50 टीमें तैयार की गई हैं जिसमे करीब 1000 के आसपास जवान शामिल रहेंगे. ये वो जवान है जो कभी न कभी वीआईपी सुरक्षा में तैनात रह चुके हैं.

### भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**रायपुर, 26 अगस्त।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर भारत सरकार द्वारा लंबित देनदारियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। इस पत्र में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिखा है कि वर्तमान स्थिति में भारत सरकार/भारतीय खाद्य निगम के स्तर पर राज्य की एजेन्सियों की लम्बित देनदारियां लगभग 6,000 करोड़ रूपये की हो चुकी हैं।

# प्रत्याशियों को क्रिमिनल रिकॉर्ड बताना अनिवार्य

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर,26 अगस्त।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज एक पत्रवार्ता में बताया कि हमने यहां न केवल छत्तीसगढ़ चुनाव आयोग की सारी तैयारियों की समीक्षा की बल्कि प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक, सभी संभागों के आयुक्त तथा पुलिस रेंजों के महानिरीक्षक के साथ बैठक कर विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारियों की जिलेवार समीक्षा की। यहां कई दुर्गम इलाकें हैं,जहां चुनाव आयोग की टीम बहुत चैलेंजेस फेस कर जाती है और सफलता पूर्वक निर्वाचन कार्य संपन्न कराती है। उन्होंने बताया कि आगामी चुनाव को लेकर सारे एजेंसियों, चाहे वह केंद्रीय हो या राज्य की,सख्त हिदायत दी गई है कि वे एक दूसरे से जानकारी साझा करें। एक-दूसरे से समन्वय बनाकर कार्य करें। चाहे वह शराब का मामला हो या रुपए बांटने का, सख्त कार्रवाई की जाए। खासकर चैक पोस्ट पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी गई है। इसी तरह सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के अंतर्गत फेक न्यूज पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अफसरों को स्पेशल सेल का गठन करने कहा गया है। सभी को अपने प्रत्याशी के बारे में जानना चाहिए, इसके लिए नो योर केंडिडेट एप से जानकारी मिल सकेगी। इसमें प्रत्याशियों को अपनी पूरी जानकारी देनी होगी। साथ ही प्रत्याशियों को अपने क्रिमिनल रिकॉर्ड की जानकारी देना अनिवार्य है। अखबार में कम से कम तीन बार प्रकाशित करवाना अनिवार्य है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने चुनाव आयोग की तरफ से छत्तीसगढ़ वासियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए आगामी चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। तीन दिवसीय प्रवास पर आए भारतीय निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने पहले दिन कलेक्टर एवं एसपी तथा जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। जनप्रतिनिधियों ने मतदाता सूची में नाम नहीं जोड़ने पर नाराजगी जताई। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा है कि हमने सभी जिलाधीशों से कहा है कि वे इस विषय पर गंभीरता से कार्य करें। सभी इंफोर्समेंट एजेंसियों को कहा गया है कि वे अवैध शराब तथा मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें।

**चुनाव में अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई**



### वोट देहे बर जाबो जी, चुनई तिहार मनाबो जी

रायपुर. भारत निर्वाचन आयोग ने इस बार मतदान को बढ़ावा देने चुनाव का स्लोगन - 'वोट देहे बर जाबो जी चुनई तिहार मनाबो जी' बनाया है. भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज प्रेस वार्ता में आगामी चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की जानकारी दी. उन्होंने सभी वोटर्स को चुनाव में बढ़चढ़ कर भाग लेने का अनुरोध किया. प्रेस कांफ्रेंस में निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय, निर्वाचन आयुक्त अरूण गोयल भी मौजूद रहे. मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, चुनाव में फेक न्यूज या अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. राजनीतिक पार्टियों से सुझाव आया हुआ है. जो प्रचार मटेरियल आता है उसे भेजने के लिए सिर्फ एक गाड़ी दी जाती है. इस नियम में शिथिलता लाने की मांग की गई है. 2 किलोमीटर के अंदर बूथ बनाने का भी सुझाव आया है.

# कार्यकर्ताओं को आखिर क्या सिखाएगी कांग्रेसः कौशिक

रायपुर,26 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़

विधानसभा चुनाव की तारीख करीब आते-आते सियासी बयानबाजी तेज होने लगी है. कांग्रेस के संकल्प शिविर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने तंज कसते हुए कहा कि किस बात का संकल्प ले रहे हैं? कार्यकर्ताओं को क्या सिखाएंगे? पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कौशिक के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अगर 15 साल का लिस्ट निकलें तब बीजेपी खड़ी भी नहीं हो पाएगी.

कांग्रेस के संकल्प शिविर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने तंज कसते हुए कहा कि किस बात का संकल्प ले रहे हैं? कार्यकर्ताओं को क्या सिखाएंगे? झूठ-फरेब कर जैसे सरकार में आए हैं, वैसे ही जनता के पास जाएंगे. जनता इनके बहकावे में नहीं आने वाली है. कार्यकर्ता भी समझ चुके हैं. एक बार चल गई दोबारा चलने वाली नहीं है. संकल्प शिविर का कोई लाभ नहीं होने वाला है कौशिक ने कहा कि संकल्प उस बात का लिया जाता है, जो कहा है वह होना चाहिए. आज शराबबंदी की क्या स्थिति है. पूरे प्रदेश को शराब का गढ़ बना दिया. लगातार परिवार आत्महत्या कर रहे हैं, युवा भटक रहे हैं. पूरे छत्तीसगढ़ में बद्तर स्थिति है. वहीं घोषणा पत्र समिति की बैठक को लेकर कहा कि एक बार फिर जनता को छलने के लिए घोषणा पत्र बना रहे हैं, लेकिन इस बार छत्तीसगढ़ की जनता उनके बहकावे में आने वाली नहीं है. कांग्रेस के प्रति लोगों का विश्वास खत्म हो गया है. सीएम बघेल के 75 प्लस का रिटर्न गिफ्ट वाले बयान पर पूर्व नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि सामने चुनाव



है. कितना रिटर्न गिफ्ट देंगे. जनता रिटर्न गिफ्ट देने के लिए तैयार बैठी है. इस बात को घमंड और अहंकार से ना बोले, उनका यह अहंकार जनता खत्म करेगी.

वहीं दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने कौशिक के 'किस बात का संकल्प लेंगे' वाले बयान पर कहा कि अगर 15 साल का लिस्ट निकलें, तब बीजेपी खड़ी भी नहीं हो पाएगी. कांग्रेस ने 90त्न से अधिक वादे पूरे किए हैं. बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए राज्य सरकार को सेंट्रल एजेंसी के माध्यम से डराने का प्रयास कर रही है. बीजेपी चुनाव नहीं लड़ रही, बल्कि ईडी और आईटी चुनाव लड़ रहे हैं.वहीं पूर्व सीएम के 'बंद कमरे में बैठक' वाले बयान पर बैज ने कहा कि बंद कमरे में कौन बैठक कर रहा है, यह अच्छे से पता चल रहा है. शाह जी छत्तीसगढ़ आते हैं, और बंद कमरे में बैठक करते हैं. प्रदेश के नेताओं दिल्ली बुलाते हैं, और बंद कमरे में बैठक करते हैं. पूर्व सीएम अपने घर से टिकट का ऐलान कर रहे हैं. बीजेपी का किसी के पास कोई कंट्रोल नहीं है. गली और ब्लॉक में टिकट बंट रहा है. समझ लीजिए बीजेपी का क्या हाल है.पूर्व आईएएस नीलकंठ के काम के केशकाल से चुनाव लड़ने पर दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस को इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा. पिछली बार कलेक्टर को देखे थे, अब उनका क्या हाल है. लेकिन लोकतंत्र है, यहां कोई भी चुनाव लड़ सकता है. फैसला जनता करेगी और पूरे छत्तीसगढ़ और सभी क्षेत्र में सीएम बघेल के नेतृत्व में अच्छा काम हुआ है. किसी भी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को कोई दिक्कत नहीं है. बीजेपी में नए चेहरों के प्रवेश पर बोले पीसीसी चीफ ने कहा कि बीजेपी के पास कैंडिडेट नहीं है. वह एक-एक व्यक्ति को खोज रहे हैं. 21 प्रत्याशियों की लिस्ट में लगातार विरोध जारी है.

## संयुक्त विश्व कुश्ती ने भारतीय कुश्ती संघ पर प्रतिबंध लगाया

# स्वाभिमान के अखाड़े में कुश्ती हो गई चित्त

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

आधुनिक खेलों के संसार को अनुशासन के दायरे में रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कड़े नियम बनाये गये हैं। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ के नियम व दिशा निर्देश मुख्यतः इसका आधार है। 1896 से आयोजित ग्रीष्मकालीन/शीतकालीन ओलंपिक खेलों के सफल संचालन के वास्ते पिछले करीब 130 वर्षों के सफर में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल संघ के पदाधिकारियों, निर्णायकों आदि के लिए नियम कानून में विश्व स्तर पर सकारात्मक बदलाव हुए हैं। इसका नतीजा यह है कि खेल स्पर्धाओं में शामिल प्रतिभागी और विभिन्न खेलों के संघों के पदाधिकारी पूरी निष्ठा के साथ अपनी भूमिका निभाते हैं। भारत के परिदृश्य में इन दिनों खेल जगत में भारत का राष्ट्रीय कुश्ती संघ चर्चा के केंद्र में है। संयुक्त विश्व कुश्ती के नियम का पालन भारतीय कुश्ती संघ द्वारा नहीं किए जाने पर भारत के कुश्ती संघ की मान्यता को रद्द कर दिया है। जो लोग खेलकूद की गतिविधियों से लगाव नहीं रखते या जुडे नहीं है उनके लिए संयुक्त विश्व कुश्ती का यह निर्णय बेहद साधारण हो सकता है लेकिन खेल की दुनिया के लिए यह समाचार बेहद दुखद और शर्मनाक है। भारत के पहलवानों के समक्ष बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। वे आगामी 16 सितम्बर से ब्रैलगेड (सर्बिया) में आरंभ होने वाली विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत देश के नाम से तथा भारतीय तिरंगे की उपस्थिति में अपना प्रदर्शन नहीं कर पायेंगे। इसके अलावा अगले वर्ष 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए योग्यता हासिल करने का मौका विश्व स्पर्धा में भाग ले रहे महिला-पुरुष पहलवानों के समक्ष है। कितनी दुविधाजनक स्थिति है जब हमारे खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप में बिना किसी देश के नाम के याने तटस्थ टीम के रूप में शामिल होंगे। यह सब कुछ भारतीय कुश्ती संघ के जिद व ढिलाई के कारण हुआ है। हमारे राष्ट्रीय कुश्ती संघ के पदाधिकारियों को क्या यह नहीं मालूम कि प्रत्येक चार वर्ष में चुनाव की बाध्यता है? भारतीय कुश्ती संघ का गठन 27 जनवरी 1967 को हुआ था जबकि संयुक्त विश्व कुश्ती का गठन 1912 में हुआ जिसमें अभी 176 देश सदस्य हैं। वर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का कार्यकाल इस वर्ष समाप्त हो गया है। खिलाड़ियों द्वारा उनके उपर लगाये गये आरोप के बाद कोर्ट-कचहरी का दौर चला। फिर चनुाव कराने की बार आई तो पक्ष-विपक्ष के आपसी मतभेद के कारण चुनाव टलते गये स्थिति यह आ गई कि चुनाव का मामला हाईकोर्ट तक चला गया। आखिरकार निर्धारित समय तक चुनाव नहीं हुए। जब इस खींचतान की जानकारी विश्व कुश्ती संघ को हुई तो उन्होंने नियमानुसार कार्यवाही कर दी। इस तरह के कदम से पहलवानों को अनुशासन का पाठ पढ़ाने वाले कुश्ती संघ के पदाधिकारियों की नियत तथा अक्षमता का पता चल गया। इस मामले को निपटने में अभी समय लगेगा। लेकिन इससे हमारे पहलवानों का मनोबल जरूरत टूटेगा। 16 सितम्बर से विश्व प्रतियोगिता फिर 23 सितमबर से एशियाई खेलों का आयोजन होना है। अब हमारे पहलवान 'तटस्थ टीम' के रूप में उपरोक्त स्पर्धाओं में शामिल होंगे। एक तरफ हमारे प्रधानमंत्री देश में खेल वातावरण तैयार करने में लगे हैं दूसरी तरफ पदाधिकारी अपने जिम्मेदारी को ठीक से नहीं निभा रहे हैं। एक पहलवान को किसी अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने के लिए कम से कम 5 से 6 वर्ष तक कड़ी मेहनत करनी पड़ती है फिर उसका खेल जीवन 8 से 10 वर्ष का होता है। ऐसी स्थिति पहलवानों के लिए अत्यंत असमंजस भरा है। भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव विधिवत पूर्ण कराने के लिए सभी कोर्ट केस वापस लिए जाने चाहिए तथा पदाधिकारियों को अपना स्वाभिमान, अड़ियल रवैया त्यागकर देश व पहलवानों के हित में निर्णय लेना चाहिए। भारत सरकार के खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ को भी इस दिशा में उचित व सक्रिय भूमिका निभाना होगा।

# वृद्ध की गला दबाकर हत्या

कोरबा, 26अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़

रात में घर पर सही सलामत सो रहे वृद्ध की अगली सुबह उसके कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी हुई लाश मिली। शव से बह रहे रक्त ने इस मामले को प्रारंभ से संदेहास्पद बनाया लेकिन थाना प्रभारी ने फंदे की रस्सी के दबाव से कान कटने के कारण रक्त बहना बताया। अंततः पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि उपरांत अपराध दर्ज कर हत्यारे की तलाश में हाथ-पांव मारे जा रहे हैं। घटना हरदीबाजार थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम रेलडबरी उतरदा के मोहल्ला रामसागरपारा में 22 अगस्त की सुबह 6 बजे सामने आई थी। 21 अगस्त की रात 9 बजे 63 वर्षीय मानसाय कश्यप पिता खोरा कश्यप अपने घर लौटा और कमरे में सोने चला गया था।

अगली सुबह करीब 6 बजे दामाद देवशरण कश्यप ने फंदे पर झूलता हुआ देखा और सूचना निकट में निवासरत मृतक के भाई लालसाय कश्यप को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फारेंसिक एक्सपर्ट और खोजी डॉग बाघा को भी बुलाया गया। पुलिस ने पंचनामा बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया लेकिन पंचनामा के दौरान सिर पर लगे चोट को देख नहीं सके। परिजनों सहित ग्रामीणों ने शव से हो रहे रक्तस्त्राव के कारण तथा पुलिस ने भी मामले को संदेहास्पद बताया किंतु तर्क दिया कि कान जख्मी होने के कारण रक्त बहा है, चोट के कोई निशान नहीं है लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।इधर पुलिस ने संदिग्ध मामले में चिकित्सक से शार्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट मांगा जिसमें मौत की वजह गला दबाने के कारण लेख किया गया। इस आधार पर धारा 302 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। मृतक के परिजनों से आवश्यक पूछताछ करने के साथ-साथ विभिन्न बिन्दुओं को खंगाला जा रहा है।

घटना के प्रथम दिवस खोजी डॉग बाघा ने मौके पर मौजूद मृतक के गमछा की गंध महसूस कर गांव के निकट दौड़ लगा दी और एक झोपड़ी के पास जाकर ठहर गया।

चर्चा है कि यहां रहने वाली महिला से उसका प्रेम संबंध था। मृतक उसके घर से खाना खाने के बाद अपने घर लौटा था। दूसरी तरफ पड़ताल के दौरान ज्ञात हुआ कि अज्ञात लोग मृतक के आंगन में बाड़ी के रास्ते से खूंटा उखाडक़र प्रवेश किए थे। मृतक का मकान और उसके दामाद का मकान एक ही प्रांगण में लेकिन लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। रात में किसी के आने और जाने की आहट इन्हें नहीं लग सकी। एक अन्य वजह मृतक द्वारा पुराना लेन-देन भी सामने आया है जिसकी रंजिशवश हत्या कर इसे खुदकुशी की शक्ल देने फंदे पर लटकाने की संभावना हो सकती है। माना जा रहा है कि इन तीन वजहों में से कोई भी एक वजह मानसाय की हत्या की जिम्मेदार है।

## एक नजर

### महिला सेल प्रभारी ने हाई स्कूल में सुरक्षा संबंधित जानकारी दी



**कवर्धा, 26 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमान हरीश राठौर के मार्गदर्शन में शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर कवर्धा में महिला सेल प्रभारी विजया कैवर्त के द्वारा स्कूली छात्र/छात्राओं को गुड टच, बेड टच, मानव तस्करी, बाल विवाह, साइबर अपराध, हमर बेटी हमर मान,पाक्सो एक्ट, यातायात नियमों का पालन, एवं अभिव्यक्ति एप के संबंध में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। जिसमें स्कूल के प्रधान पाठिका श्रीमती सुमन धुर्वे, शिक्षिका श्रीमती संगीता श्रीवास्तव, तरुण मैडम, शिक्षक अशोक पाल, राजेश कुमार एवं महिला सेल टीम से महिला प्रधान आरक्षक पल्लवी चौरसिया महिला आरक्षक लता दिवाकर, उषा

### छः दिवसीय राखी बनाओ कार्यशाला का आयोजन



**भिलाई, 26 अगस्त।** शासकीय इंदिरा गांधी महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई के कौशल विकास, आई.क्यू.ए.सी.ए एवं गृह विज्ञान विभाग द्वारा छः दिवसीय राखी बनाओ कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अल्का मेश्राम ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। श्रीमती दिव्या एवं तनु द्वारा छात्र-छात्राओं को राखी बनाने के अलग-अलग तरीके बतायें। प्रथम दिवस, रेशम धागों एवं भौली धागों के उपयोग से विभिन्न प्रकार की राखी बनाई गई। तदुपरांत छात्राओं ने स्पंज को विभिन्न आकार देकर भोती, रुद्राक्ष सितारें, गोल्डन धागों के द्वारा विभिन्न प्रकार की राखी बनाने की कला सिखाई गई। डॉ. आरती दीवान, डॉ. मेरली रॉय एवं डॉ. अल्पा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कार्यशाला आयोजित की गई।

### प्लेट मिल में सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**भिलाई, 26 अगस्त।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल में समय-समय पर सुरक्षा के महत्व को सर्वोपरि रखते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में 24 अगस्त 2023 को प्लेट मिल सभागार में बी आई, सी एफ टी के तहत कर्मचारियों के लिए आई सी के प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संपूर्ण प्लेट मिल के प्रतिभागी सम्मिलित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता थे।

सुरक्षा विभाग से महाप्रबंधक एस के अग्रवाल ने आई सी ट्रेनिंग की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मुख्य महाप्रबंधक आर के बिसारे ने प्रशिक्षण की भूमिका पर जोर दिया। ओ सी टी गुलाम अशरफ एवं मास्टर टेक्निशियन गणेश कुमार ने प्रशिक्षक की भूमिका अदा की।

पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने नहीं छोड़ेंगे कसर

# जितेंद्र साहू को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में फिर मिला महासचिव का दायित्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,26 अगस्त।** गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के सुपुत्र एवं वरिष्ठ नेता जितेंद्र साहू को फिर एक बार प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महासचिव का दायित्व मिला है। प्रदेश कांग्रेस की पिछली कार्यकारिणी में भी वे महासचिव के पद का बखूबी निर्वहन कर चुके हैं। नई कार्यकारिणी में समान पद हुई ताजा नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया जोश और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। वहीं अपनी नियुक्ति पर श्री साहू कहा कि पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने वे कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। इसमें दुर्ग जिले से जितेंद्र साहू को महासचिव बनाया गया है। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे मोहन मरकाम की कार्यकारिणी में भी वे महासचिव के पद पर थे। इस कार्य को देखते हुए श्री साहू को अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी का सदस्य बनाया गया वर्तमान में उन्हें प्रदेश संगठन नही बल्कि, द्वृष्टष्ट के तरफ से बंगाल का प्रभारी बनाया गया है साथ ही उन्हें बेमेतरा जिले में सांगठन की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में रिसाली नगर निगम और उतई नगर पंचायत,जिला पंचायत उपचुनाव के चुनाव में कांग्रेस की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्हें प्रदेश कांग्रेस महासचिव बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी सांगठनिक क्षमता का लाभ पार्टी को मिलने की उम्मीद जताते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।नव नियुक्त



प्रदेश कांग्रेस महासचिव जितेंद्र साहू ने अपनी नियुक्ति के लिए पार्टी के राष्टीय नेतृत्व के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जिस विश्वास और भरोसे के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में फिर से महासचिव का दायित्व दिया है उस पर खरा उतरने में वे समर्पित होकर काम करेंगे। आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने में उनका पूरा जोर रहेगा।

जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकार, जिला अध्यक्ष ग्रामीण निर्मल कोसरे, ब्लाक अध्यक्ष नंदकुमार सेन, मुकुंद भाऊ, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख,महापौर रिसाली शशि सिन्हा उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख,जिला कांग्रेस कमेटी सचिव प्रदीप चंद्राकर, अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ रिवेंद्र यादव, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, ब्लाक अध्यक्ष महिला कांग्रेस पुष्पा साहू, डी नारायणी, मोंटू तिवारी, ओमप्रकाश साहू अशोक शर्मा,सरपंच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर,सभापति जनपद पंचायत दुर्ग टिकेश्वरी लाल देशमुख, भीषम हिरवानी ,लोकनाथ साहू,रोहित साहू, हरेंद्र देव,तुलसी देशमुख, नंदकुमार साहू,तारा शर्मा,पिलेश्वर साहू,पुकेश चंद्राकार,प्रशांत पांडे,निरंजन राजपुत,दिवाकर गायकवाड़,डिकेंद्र हिरवानी,राकेश हिरवानी , विकास चंद्राकार , कैलाश सिन्हा, कमल नारायण,मुकुंद परकार,रविन्द्र सिन्हा,लाल जी गुप्ता,रिझन ठाकुर, भरत निषाद,राजेंद्र ठाकुर,हेमंत देशमुख,मनोज पावर, देवराज चतुर्वेदी, लक्ष कुमार, घसिया देशमुख,रमेश,जीवन लाल,रोशन,देवलाल, धरम साहू,देवलाल, भीषम चौधरी, हीरालाल,जे डी चेलक, बेकुंट महानद,योगेश चंद्राकार,दिलीप साहू,अरुण वर्मा,खुमेश यदु, गोवर्धन बारले, शिवनारायण दिल्लीवार, योगेंद्र भारतीय,अनिल देशमुख, डिहार विषकर्मा,मनोज चंद्राकार,महेश कौशिक, द्वारिका,प्रदीप पाटिल, प्रहलाद वर्मा, तोषण साहू,राजेश साहू,रोशन साहू, प्रेमचंद सोनबोईर,मनोज साहू,अनिल चतुर्वेदी,तेजराम चंदेल सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने दी बधाई।

### भाजपा से दावेदारों की भीड़ टिकट की चाह में पहुंच रही रायपुर

**कवर्धा, 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजेपी से अनेकों विधायक टिकट की चाह में रायपुर पहुंच रहे है और रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमण सिंह , पवन साय के पास जाकर आवेदन सौंप रहे है और कई बीजेपी जानकारी भी दे रहे है वो टिकट के शसक्त दावेदार है और उन्हें टिकट मिले । जिला बीजेपी कार्यालय में आवेदन की फाइल पहुंच रही है । कई दावेदार के निवास पर जब तरुण छत्तीसगढ़ पहुंचा तो पता चला की बाहर गए है । कवर्धा शहर में जोरो से चर्चा है की केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के खिलाफ चुनाव लडने वाले बीजेपी से 50 से अधिक कार्यकर्ता टिकट पाकर चुनाव लडना चाहते है ।

### छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव में पांच सीट मराड़ समाज को मिलनी चाहिए: संतोष

**कवर्धा, 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ मराड़ महासंघ पूर्व संयोजक संतोष पटेल ने कहा की मराड़ समाज को बीजेपी से छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में 5 सीट मिलनी चाहिए । उनतीस विधानसभा में पटेल समाज की अच्छी संख्या है और बीजेपी को जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है । कवर्धा में चालीस हजार से अधिक संख्या पटेल समाज की है । पटेल समाज से टिकट मिलना चाहिए यह समाज के लोगो की चाह है । बीजेपी जिला महामंत्री संतोष पटेल ने बताया की इस बार पूरी उम्मीद है की कवर्धा विधान सभा से मुझे सीट मिलेगी । गांवों का दौरा करने पर पता चलता है की कवर्धा में कांग्रेस की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और जनता ने मन बना लिया है की भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में बनेगी । जिला बीजेपी महामंत्री संतोष पटेल ने कहा की कांग्रेस सरकार सिर्फ घोटाले की सरकार है लेकिन मोदी सरकार गरीबों की सरकार है जो जनता समझ चुकी है । छत्तीसगढ़ में गोबर घोटाला , जमीन घोटाला शराब घोटाला का जवाब जनता कांग्रेस को हराकर देगी ।



# हितग्राहियों को निःशुल्क सिलाई मशीन का वितरण किया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 26 अगस्त।** दुर्गग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न ग्राम के महिलाओं की आजीविका साधन के लिए गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रयास से हितग्राहियों को नि- शुल्क सिलाई मशीन वितरण किया गया। प्रदेश के महामंत्री जितेंद्र साहू ने बताया कि शासन के योजनाओं का लाभ ग्राम के नागरिकों को दिलाना मेरा पहला कर्तव्य है। ग्राम के नागरिकों को लाभ दिलाने के लिए मंत्री जी द्वारा निरंतर प्रयास किया जाएगा।

इन महिलाओं को मिला सिलाई मशीन- ग्राम खोपली हिमाचल बाई, जंजगिरि सुनीता बाई, मोहलई दीपिका साहू, नगपुरा शिखा सेन, कोकड़ी हेमलता साहू, खोपली ईशा वर्मा, पीपरछेड़ी नेहा ठाकुर, पीपर छेड़ी सिमरन मंडावी, मरोदा सुलोचना बाई, मरोदा कुंती देवांगन,रिसाली संगीता यादव, मातरो खुमिता साहू, भानपुरी सरोज विश्वकर्मा,मंजू निषाद, नेवई रूपा बाई, चंदखुरी दीक्षा चंद्राकार, मांचदुर कंगेश्वरी, मतवारी कुमारी बाई, मरोदा कामिनी, पाउवरा सरिता साहू,द्रोपति निषाद, अहिल्या साहू, गणेशसिया यादव, गोंदा साहू, डागेश्वरी,ममता यादव,ग्राम जंजगिरी ज्योति साहू,ममता देशमुख,राधिका देशमुख,राधिका देशमुख, मातरो हितेश्वरी साहू,कुथरेल दामिनी साहू,चंदखुरी सरोज बाई, चिंगरी ऋतु साहू, थानोद भुमिका देशमुख,कोकड़ी मोतिम साहू, मतवारी से किरण यादव,सविता साहू,सरोज यादव, मरोदा संगीता साहू, राजकुमारी साहू,सतरूपा देवागण,इंदु यूइके, संतोषी सिन्हा,जय सहायता समुह, नेवई रूपा भारती, आनद देवी,पूर्णिमा साहू, मोहलई दुर्गा अग्रवाल, इंदु साहू,सोनम साहू,दीपमाला चौहान, तिरगा हेमकुमारी देशमुख, धनोरा निधि राय,रिसली ज्योति कौर,गुड्डी मोहलई, खुरसूल दुर्गा ठाकुर, ईश्वरी पटेल, खुरसुल सरस्वती ठाकुर, मंचादुर शहनाज परवीन, थानोंद सतरूपा यादव, चंदखुरी दीपिका चंद्राकार,प्रभा चंद्रकार सहित अन्य महिलाओं को मिला सिलाई मशीन



### एसएमएस-2 में कर्म एवं पाली शिरोमणी पुरस्कार समारोह का आयोजन

**भिलाई, 26 अगस्त।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में शिरोमणी पुरस्कार समारोह का आयोजन कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। माह जुलाई के लिए एसएमएस-2 के श्रमवीरों चीफ मास्टर टेक्नीशियन मानसिंग ठाकुर, ओसीटी के प्रभाकर राव, ऑपरेटिव ए एच खान को कर्म शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में माह अप्रैल से जून के लिए वरिष्ठ प्रबंधक गोविन्द राम को पाली शिरोमणी पुरस्कार से नवाजा गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्टील मेल्टिंग शॉप-2 के हमारे समस्त कर्मचारियों को सुरक्षित कार्यप्रणाली पर ध्यान देते हुए ही उत्पादन को जारी रखना है। हमारी पहली प्राथमिकता, अपने कर्मचारियों की सुरक्षा है। विशेष अतिथियों के रूप में महाप्रबंधक सौरभ जैन, महाप्रबंधक एन श्रीकान्त, महाप्रबंधक बालम सिंह, सहायक महाप्रबंधक एन पी टोप्पो सहित संजीव सिंह उपस्थित थे। संचालन अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी द्वय के डी बघेल तथा आर के ठाकुर ने किया।

# कुरैशी ने वैशालीनगर विधानसभा के लिए दिया आवेदन



भिलाई, 26 अगस्त। छत्तीसगढ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को भिलाई एवं वैशालीनगर विधानसभा से प्रत्याशी हेतु कांग्रेस कमेटी में फार्म भरा। कुरैशी ने पिछले 45 वर्षों में आम जनता के बीच किये गये कार्यो का विवरण अपने पत्र में दिया है। कुरैशी ने बताया कि 2 बार विधायक, 1 बार मंत्री रहा। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी में 2 बार पदाधिकारी था। सन् 1978 में इंदिरा गांधी की गिरफ्तारी के समय गिरफ्तारी दिया, जेल गया। छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों का जीवन परिचय आजादी के दिवाने नामक किताब और दुर्ग जिले के राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का जीवन परिचय प्रकाशित करवाया। श्रीमति सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के नाम से गरीब असहाय महिलाओं के जीविकाउर्पाजन के लिए सैकड़ों निःशुल्क सिलाई मशीन प्रशिक्षण व सिलाई मशीन फोटो लगा हुआ प्रदान करवाया तथा 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान हर वर्ष करता था। कुरैशी ने बताया 1998 में विधायक बनने के बाद भिलाई नगर निगम का गठन किया। भिलाई नगर निगम के तमाम झुग्गी-झोपड़ीवासियों को निःशुल्क बिजली पट्टा वितरण किया। इसी तरह नेहरू अवार्ड, जवाहर अवार्ड, विश्वकर्मा अवार्ड के नाम से हजारों लोगों को मई दिवस में सम्मानित किया तथा शिक्षक दिवस में राधाकृष्णन के जन्मदिन पर सैकड़ों शिक्षकों का हर वर्ष सम्मान किया। महात्मा गांधी, पं. जवाहर लाल नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, अमर शहीद राजीव गांधी की आदमकद प्रतिमा, मिनीमाता, स्व. चंदुलाल चंद्राकर, पोटटू श्री रामलू की प्रतिमाओं के साथ-साथ रायपुर में 6 टन की बुद्धदेव की प्रतिमा स्थापित करवाई। वहीं युवाओं के लिए निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस शिविर लगवाकर हजारों लोगों को यातायात से जुड़ी परेशानियों से मुक्ति दिलाई, भिलाई इस्पात संयंत्र के हजारों ठेका श्रमिकों को गेज्यूटी, ईएसआई, व पीएफ का लाभ हाईकोर्ट के आदेशानुसार दिलाया। वर्षों से लंबित जनसुविधा रूआबांधा, रिसाली, मरौदा, मरौदा टंकी, नेवई, जोरातरई, पुरैना, केम्प 1-2, खुर्सीपार जोन 1,2,3 को बिजली, पानी, सड़क जनहित की व्यवस्था, बरसों से अंधेरे में पड़े केम्प क्षेत्रों में पट्टा वितरण, भिलाई विधानसभा क्षेत्र के स्कुलों का उन्नयन, श्मशान घाट का संधारण रामनगर, ईसाई ग्रेवी वार्डो का एवं कब्रिस्तान, नगर निगम भिलाई में रजिस्टी शिविर, कंडरा बसोढ समाज को शासन से रियायती दरों पर बांस दिलवाया जिसके कारण आज तक प्रति बसोढ बही 1500 बांस प्रति वर्ष व्यवसाय के लिए मिलता है। साथ ही राष्ट्रीय स्तर की ऐतिहासिक उपलब्धि केन्द्र सरकार के निर्णय के आधार पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के फोटो का स्केचस चश्मे का प्रतीक चिन्ह पूरे हिन्दुस्तान के सुलभ शौचालय व गंदे एवं मलीन स्थानों में लगाया जा रहा था उसे बिलासपुर हाईकोर्ट के माध्यम से हटवाया गया और बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश ने अपने निर्णय में जो भी व्यक्ति इसका पालन नहीं करेंगा उसके उपर कार्यवाही की जायेगी।

# रिसाली में 7 करोड़ के कार्य स्वीकृत, सड़कों का चौड़ीकरण, लगाए जाएंगे पेवर ब्लाक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली,26 अगस्त।** नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र की सड़कों को चौड़ीकरण कर सड़क किनारे और सार्वजनिक जगहों पर पेवर ब्लाक लगाने शासन ने 7 करोड़ 3 लाख 21 हजार स्वीकृत किया है। इसके लिए क्षेत्रीय विधायक व लोक निर्माण, गृह एवं कृषि मंत्री ने विशेष प्रयास किया है। जल्द ही कार्यो का भूमिपूजन कर कार्य को आरंभ कराया जाएगा। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि निगम के सभी वार्डो में पानी निकासी का संसाधन के साथ सड़क निर्माण किया गया है। कई सड़क ऐसे है जिसकी चैड़ाई कम है। सड़क पर फुटपाथ भी नहीं है। व्यस्त मार्ग पर वाहनों का रेला लगने से धूल उड़ता है, जिसे कम कर नागरिकों को स्वस्थ्य वातावरण देने प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वार्ड 18 एचएससीएल कालोनी में 37



लाख 50 हजार से सड़क चौड़ीकरण किया जाएगा। इस वार्ड में 12 अलग-अलग सड़कों को चौड़ीकरण करने चिन्हित किया गया है। वार्ड 19 विजय चैक में 28 लाख 29 हजार से 11 सड़कों का चौड़ीकरण, वार्ड 24 आजाद मार्केट के 5 सड़कों का चौड़ीकरण 20 लाख से की जाएगी। वार्ड 17 शिव पारा स्टेशन मरोदा में सड़क चौड़ीकरण करने 7 लाख, वार्ड 21 सूर्यानगर में 6 लाख 38 हजार, वार्ड 34 नेवई बस्ती पश्चिम के लिए 8 लाख 15 हजार, वार्ड 33 नेवई बस्ती पूर्व के लिए 7 लाख 31 हजार, वार्ड 32 नेवई भाठा के लिए 11 लाख 37 हजार, वार्ड 14 मरोदा कैंप आजाद पारा के लिए 19 लाख 79 हजार, वार्ड 36 डुण्डेरा पूर्व के लिए 4.70 लाख, वार्ड 35 डुण्डेरा पश्चिम के लिए 7 लाख, वार्ड 36 के लिए 21 लाख 43 हजार, वार्ड 39 के लिए 8 लाख 78 हजार, वार्ड 31 के लिए 7 लाख 7 हजार, वार्ड 2 रूआबांधा उत्तर के लिए 19 लाख 95 हजार, वार्ड 3 रूआबांधा दक्षिण के लिए 28 लाख 34 हजार, वार्ड 4 रूआबांधा पूर्व के लिए 19 लाख 91 हजार, वार्ड 26 अवधपुरी रिसाली के लिए 38 लाख 10 हजार, वार्ड 31 किरण देशमुख वार्ड के लिए 2 लाख 29 हजार, वार्ड 30 इस्पात नगर के लिए 16 लाख 8 हजार, वार्ड 1 तालपुरी के लिए 43 लाख 53 हजार, वार्ड 7 रिसाली सेक्टर पूर्व के लिए 30 लाख 99 हजार, वार्ड 38 स्टोर पारा के लिए 15 लाख, वार्ड 40 पुरैना बस्ती के लिए 9 लाख 4 हजार, वार्ड 28 शक्ति विहार के लिए 19 लाख 85 हजार की राशि स्वीकृत की गई है।

### इन वार्डों में पाथवे के लिए राशि स्वीकृत

वार्ड 7 रिसाली सेक्टर पूर्व के लिए 19.95 लाख, वार्ड 6 रूआबांधा सेक्टर के लिए 18.55 लाख, वार्ड 10 दशहरा मैदान के लिए 3.82 लाख, वार्ड 11 मरोदा सेक्टर के लिए 19.95 लाख, वार्ड 26 अवधपुरी के लिए 9.18 लाख, वार्ड 18 के लिए 15.48 लाख, वार्ड 24 के लिए 24.52 लाख, वार्ड 20 के लिए 36 लाख, वार्ड 29 लक्ष्मीनगर के लिए 27 लाख, वार्ड 28 के लिए 12 लाख, वार्ड 1 तालपुरी के लिए 18 लाख, वार्ड 8 रिसाली सेक्टर के लिए 19 लाख, वार्ड 3 के लिए 8 लाख और वार्ड 12 मरोदा सेक्टर के लिए 18 लाख 8 हजार की राशि स्वीकृत की गई है।

### अपचारी बालक गिरफ्तार

**भिलाई।** भिलाई साइकिल से अपने घर जा रहे एक नाबालिग से मारपीट कर उसका मोबाइल लूटने के आरोप में सुपेला पुलिस ने एक अपचारी बालक और उसके साथी को गिरफ्तार किया है आरोपितों के पास से लूट के मोबाइल के अलावा दो अन्य मोबाइल और घटना में प्रयुक्त स्कूटी जब्त की गई है। आरोपितों के खिलाफ लूट की धारा के तहत कार्रवाई की गई है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि राजीव नगर सुपेला निवासी सागर कुमार का छोटा भाई गुरुवार की दोपहर में साइकिल से अपने जा रहा था वह चंद्रा मौर्या चौक के पास पहुंचा था इसी दौरान स्कूटी सवार दो बदमाशों ने उसे रोका और उसका मोबाइल मांगने लगे पीड़ित ने मोबाइल देने से इन्कार किया तो आरोपितों ने उसे थप्पड़ मारा और मोबाइल लूटकर फरार हो गए।

### अपर आयुक्त ने ली निदान 1100 की बैठक



**भिलाई, 26 अगस्त।** शासन की आनलाइन पोर्टल में दर्ज होने वाले शिकायतों को समय सीमा निराकृत करने तथा लम्बित प्रकरणों की समीक्षा निगम सभागार में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं नोडल अधिकारी डीके वर्मा ने किया। उन्होंने निदान 1100, ई गवर्नेंश, लोक सेवा गारण्टी, सूचना का अधिकार जैसे लोकहित से जुड़े शासन की योजना में दर्ज शिकायतों का समय सीमा में पूरा कर पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी को दिए। अपर आयुक्त ने निर्देशित किये कि जोन कार्यालय में योजना से संबंधित जो पूर्व में बोर्ड लगाए गए है उसे वर्तमान अधिकारिता के नाम के साथ बनाकर नया बोर्ड लगाये। ऑनलाइन शिकायतों का निराकरण समय सीमा में करे ताकि प्रदेश में भिलाई निगम का प्रथम स्थान पर बने रहे। बैठक में राजस्व वसूली की भी समीक्षा की गई। बैठक में जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, शरद चावड़ा, धर्मेन्द्र मिश्रा, दौलत चंद्राकर, दशरथ ध्रुव, भैया लाल असाटी, श्वेता वर्मा, प्रभा लकड़ा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# पति से विवाद के बाद महिला ने तालाब में कूदकर जान दे दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई ।** भिलाईनगर थाना क्षेत्र टाउनशिप में एक महिला ने पति से विवाद के बाद तालाब में कूदकर अपनी जान दे दी सुबह सेक्टर 7 तालाब में महिला की तैरती हुई लाश मिली मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने इसकी जानकारी दी मृतका की पहचान सेक्टर - 6 बी मार्केट में रहने वाली प्रीति सिंह ( 38 वर्ष ) के रूप में की गई। भिलाईनगर टीआई मनोज प्रजापति ने बताया कि शव को पानी से बाहर निकालकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से दो मासूम बच्चों को जीवन भर के लिए मां की ममता से वंचित होना पड़ गया शुक्रवार देर रात को भिलाई सेक्टर-6 बी मार्केट निवासी मनीष सिंह का पत्नी प्रीति सिंह से किसी बात को



लेकर काफी विवाद हो गया प्रीति गुस्से में आकर घर से बाहर चली गई। मनीष को लगा कि वो छत पर गुस्से में गई होगी थोड़ी देर में आ जाएगी। जब काफी देर तक प्रीति नहीं लौटी तो मनीष को चिंता हुई। उसने पूरे घर और छत में उसे ढूंढा। जब प्रीति का पता नहीं चला और उसने फोन भी नहीं उठाया तो मनीष ने अपने रिश्तेदारों को फोन किया मनीष और उसके रिश्तेदार प्रीति की तलाश कर ही रहे थे कि सुबह 6 बजे के बीच किसी ने प्रीति का फोन उठाया और बताया कि ये फोन सेक्टर 7 तालाब के पास पड़ा था। तालाब में किसी महिला की लाश तैर रही है। इस पर मनीष तुरंत वहां पहुंचा और देखा तो वह लाश प्रीति सिंह की थी। भिलाई नगर पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई के बाद उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है इस घटना से दो मासूम बच्चों के सिर से उठा मां का साया उठ गया। मनीष सिंह और प्रीति सिंह का एक 12 साल और दूसरा 10 साल का बेटा है। इसके अलावा घर में मनीष की मां भी रहती हैं। प्रीति की मौत के बाद से बच्चों के सिर से मां का साया छिन गया मां की मौत से दुखी थी प्रीति सिंह का अपनी मां से बेहद लगाव था। कुछ समय पहले ही उसकी मां की मौत हुई है। उनकी मौत के बाद से वह काफी दुखी रहती थी। वह काफी जल्दी गुस्सा हो जाती थी और विवाद करने लगती थी अपने आपको शांत करने के लिए वो घर के नीचे किराना दुकान में बैठने लगी थी। घटना की रात भी वह अपनी मां की फोटो लेकर काफी रो रही थी इसके बाद अचानक उसका पति मनीष से विवाद हुआ और वो गुस्से में घर से बाहर चली गई फिर आज सुबह सेक्टर - 7 तालाब में उसकी तैरती हुई लाश मिली ।

### दादी के अंदर थी अद्भुत नेतृत्व क्षमता, आत्मा में भर देती थीं शक्ति

**भिलाई, 26 अगस्त।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 16वीं पुण्यतिथि स्मृति दिवस को सेक्टर 7 स्तिथ पीस ऑडिटोरियम में श्रधांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भिलाई सेवाकेन्द्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने दादी प्रकाशमणि के संग बिताए पलों को साझा करते हुए कहा कि दादी के अंदर नेतृत्व क्षमता इतनी अद्भुत थी कि उनके प्रशासन के दौरान ब्रह्माकुमारी संस्थान की 140 देशो में 8000 से भी अधिक शाखाएं खुलीं तथा विभिन्न विदेशी संस्कृतियों के होने के बावजूद भी बड़ी संख्या में विदेशियों ने प्राचीन भारतीय राजयोग की शिक्षा को अपने दैनिक जीवन में अपनाया। दादी जी पवित्रता की अवतार थीं, उनकी स्नेह भरी आत्मिक मुस्कान और सेकंड की अलौकिक रूहानी दृष्टि हर आत्मा में शक्ति भर देती थीं। निमित्त, निर्माण और निर्मल वाणी दादी जी के जीवन के मंत्र रहे। दादी जी के नेतृत्व में ही संस्था को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा शान्ति दूत का पुरस्कार प्राप्त हुआ।



# मेकाहारा में 325 करोड़ की लागत से बनेगा 7 मंजिला 700 बिस्तर का अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल

- प्रदेशवासियों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम
- अस्पताल में कार्यालयीन फर्नीचर एवं अन्य उपकरणों के लिए 56 करोड़ रुपए का प्रावधान



**रायपुर, 26 अगस्त।** प्रदेशवासियों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। राजधानी के नागरिकों को जल्द ही अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की सुविधा मिल सकेगी। स्वास्थ्यगत ढांचे को मजबूत बनाने एवं मल्टी स्पेशलिटी सुविधाएं नागरिकों को उपलब्ध कराने डा. भीमराव स्मृति चिकित्सालय भवन में एकीकृत नवीन चिकित्सालय भवन के लिए 325 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। 700 बिस्तर वाले इस अस्पताल में बेसमेंट फ्लोर, लोवर ग्राउंड फ्लोर तथा भूतल के अलावा इस अस्पताल भवन में सात तल होंगे। इस एकीकृत नवीन चिकित्सालय भवन 70 हजार 896 वर्ग मीटर में होगा। इसमें फायर फाइटिंग सिस्टम, एचवीएसी सिस्टम, आईबीएमएस सिस्टम आदि का प्रावधान किया गया है। भवन में बेसमेंट फ्लोर 8828 वर्ग मीटर का, भूतल 7500 वर्ग मीटर का, प्रथम तल से पंचम तल तक 7274 वर्ग मीटर, षष्ठम तल मय आट्रियम रूफ स्ट्रक्चर 8728 वर्ग मीटर, सातवां तल 640.57 वर्ग मीटर का होगा। नींव को इस रूप में तैयार किया गया है कि भविष्य में सातवें फ्लोर और आठवें फ्लोर को जरूरत के दृष्टिकोण से विकसित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप एकीकृत नवीन चिकित्सालय भवन के बन जाने से स्वास्थ्य सुविधाओं का आधुनिक और दक्ष ढांचा राजधानी में मिल सकेगा। मरीजों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सभी बुनियादी सुविधाएं इस परिसर में उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अस्पताल के तैयार हो जाने से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की सभी सुविधाएं मरीजों को मिल सकेंगी।

# नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए फार्म भरने की तारीख 27 अगस्त तक बढ़ी

- बीएससी नर्सिंग, एमएससी, पोस्ट बेसिक और साइकियाट्रिक नर्सिंग पाठ्यक्रम में मिलेगा प्रवेश
- अभ्यर्थी 27 अगस्त को शाम 5 बजे तक ऑनलाईन कर सकेंगे आवेदन

**रायपुर 26 मई।** छत्तीसगढ़ में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय और निजी कॉलेजों में वर्ष 2023 शैक्षणिक सत्र में विभिन्न नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 27 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। अब इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन ऑनलाइन 27 अगस्त शाम 5 बजे तक भर सकते है। पहले यह तिथि 24 अगस्त निर्धारित थी। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इन ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों के माध्यम से बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साइकियाट्रिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थी चिकित्सा शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर लॉगइन कर आवेदन भर सकते है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग नर्सिंग पाठ्यक्रम काउसलिंग समिति के अध्यक्ष डॉ. देवप्रिय रथ से प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुल्क भी निर्धारित किया गया है। अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को एक हजार रूपये और अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को पांच सौ रूपये आवेदन शुल्क देना होगा।

अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन के साथ ही संस्था का चयन भी करना होगा। संस्था चयन के लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन भरने के बाद लॉक और सबमिट करने के बाद भी अंतिम तिथि तक परिवर्तन की सुविधा रहेगी। ऐसे आवेदनों में परिवर्तनों के लिए एडिट शुल्क एक हजार रूपये अतिरिक्त जमा करना होगा। एडिट करते समय ई-मेल और मोबाईल नम्बर परिवर्तनीय नहीं होंगे। स्कूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 और संशोधन नियम 2022 के प्रावधानों के तहत की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी, काउसलिंग, आवंटन आदि चिकित्सा शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर भी प्राप्त की जा सकती है।

## एक नजर

### सन सिटी स्थित डी मार्ट में घटिया पापड़ की जांच




**राजनांदगांव 26 अगस्त।** घटिया क्वालिटी के पापड़ को लेकर शिकायत में अधिकारी जांच को लेकर इस कदर सक्रिय हुए ऐसा अमूमन कम ही देखने को मिलता है लोग शिकायत कर करके थक जाते हैं पर अधिकारी टस से मस नहीं होते घटिया पापड़ को लेकर शिकायत कर्ता सारंग सिंह की शिकायत पर अमला लगातार आज दूसरे दिन भी सकरी है अब उसमें क्या कार्रवाई की जाती है ये अंततः वही समझौता कर मामले को रफा दफा किया जाता है यह देखना जरूरी है। अगर देखा जाए तो आने को जांच अब तक लंबित है कई ऐसे सैंपल दुकानों से इकट्ठा कर ले गए हैं जिसका अब तक आता-पता ही नहीं सबसे बड़ा सोचने का विषय तो यह है कि पापड़ को लेकर आखिर अब तक जांच अधिकारियों द्वारा कितनी जप्ती बनाई गई है और कितना माल डी मार्ट का एक्सपायरी डेट का है उसके आंकड़े भी अधिकारी अगर पारदर्शी कर रहे हैं तो निश्चित रूप से उसे सार्वजनिक करना चाहिए और मीडिया से साझा तो करना ही चाहिए।

### दावेदारों का आवेदन जिला पर्यवेक्षक को सौंपा



**डोंगरगढ़ 26 अगस्त।** लालबहादुर नगर - लालबहादुर नगर के बैठक भवन में ब्लॉक कांग्रेस लालबहादुर नगर के ब्लॉक अध्यक्ष हीरा सोनी के नेतृत्व में समस्त बुथ प्रभारियों साहित कार्यसमिति के सदस्यों की उपस्थिति में विधानसभा डोंगरगांव चुनाव के दावेदार प्रत्याशियों के आवेदन पर समीक्षा बैठक कर ब्लॉक कांग्रेस लाल बहादुर नगर के जिला पर पर्यवेक्षक मोती साहु को सहमति पत्र देते हुए आवेदन सौंपा गया है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष हीरा सोनी ने कहा कि हमारे पास कुल 12 दावेदारों ने आवेदन सौंपा है जिसे आप लोगों की सहमति से जिला पर्वेक्षक को सौपें जाने का निर्देश प्रदेश कमेटी द्वारा निर्देशित है। कांग्रेस से चुनाव की टिकिट जिसे भी मिले हम सभी को कांग्रेस के लिए मिलकर कार्य करते पुनः कांग्रेस की सरकार बनाना है। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला पर्वेक्षक मोती साहु, ब्लॉक अध्यक्ष हीरा सोनी, प्रवक्ता राकेश सिन्हा, बिट्टु भाटिया, एलियास जॉन, जगन्नाथ सिन्हा, रामदास चंद्रवंशी, उत्तम सिन्हा, नरेश उईके, सुरेश सहारे, हेमलाल वर्मा, शत्रुघन कोर्राम,मूलचंद नेताम, हृदय साहू सहित ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी लाल बहादुर नगर कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

### आबकारी एक्ट के तहत आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव 26 अगस्त।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री अभिषेक मीना के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 25.08.2023 को मुखबीर की सूचना पर घटना स्थल पुराना गंज चौक बालाजी होटल के पास राजनांदगांव आम स्थान में रेड कार्यवाही कर आरोपी कृष्णा रजक पिता जोहन रजक उम्र 26 वर्ष साकिन कैलाश नगर क्वॉटर नं. 30 राजनांदगांव थाना कोतवाली राजनांदगॉव (छ0ग0) के कब्जे से 32 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 5.760 बल्क लीटर कीमती 2560 जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के धारा 34 (2) के तहत अपराध सबूत पाये जाने से आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 652/23 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, सउनि. उदय सिंह चंदेल, आर0 रामखिलावन सिन्हा, प्रदीप जायसवाल एंव थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# केन्द्रीय अधिकारी ने की एसएलआरएम सेंटरों का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 25 अगस्त।** राजधानी से आये केन्द्रीय दल के अधिकारी राज्य शासन की टीम के साथ नगर निगम राजनांदगांव के एस.एल.आर.एम. सेन्टरों, आर.आर.आर. सेन्टर, खाद निर्माण एवं सेनीटेशन पार्क का निरीक्षण कर जानकारी लेकर सेनीटेशन पार्क में वृक्षारोपण के द्वारा किये गये हरा भरा वातावरण तथा वहा की व्यवस्था देख प्रसन्नता जाहिर किये। केन्द्रीय टीम के संयुक्त सलाहकार श्री जे.बी. रविन्दर सिंह ने राज्य की टीम के साथ सबसे पहले रेवाडीह एस.एल.आर.एम. सेन्टर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण की जानकारी लिये। कचरा से अलग कर खराब समानों को सजाकर व्यवस्थित रखे सामग्रियों को देख प्रसन्नता जाहिर किये। साथ ही सेन्टर में बने खाद निर्माण की प्रक्रिया को देख खाद की मात्रा एवं वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट की मात्रा की जानकारी लेकर विक्रय के संबंध में स्वच्छता दीदीयों से अवगत हुये। दीदीयों ने बताया कि हमारे यहा से बने खाद ई-कामर्स कम्पनी एमेजान के माध्यम से बड़े शहरों में विक्रय किया गया है। टीम ने स्वच्छता दीदीयों से मुलाकात कर उनके कार्यो की सराहना की। उन्होंने आर.आर.आर. सेन्टर का निरीक्षण कर सेन्टर में दिये जा रहे समानों के सबंध में भी चर्चा किये और कहा कि उपयोगी समानों की विक्रय कर आय अर्जित करे। इसके अलावा केन्द्रीय टीम 18 एकड एवं लखोली एस.एल.आर.एम. सेन्टर का भी निरीक्षण कर स्वच्छता दीदीयों से कचरा पृथककरण खाद निर्माण आदि की जानकारी लिये। निरीक्षण की कडी में टीम ने नवागांव टेंचिग ग्राउड सेनिटेशन पार्क में पहुचकर टीम के अधिकारियों ने कचरा डंपिंग देख प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने सिकल स्लज ट्रीटमेंट को देख निगम के अधिकारियों से चर्चा किये। इसके अलावा गोबर से मशीन द्वारा लकडी बनाने प्रक्रिया देख गोबर से अन्य समाग्री दीया, गमला, धूपबत्ती को देख दीदीयों से चर्चा किये। टीम ने सेनिटेशन पार्क में किये गये वृक्षारोपण के कारण हुये हरियाली देख प्रसन्न हुये एवं दीदीयों के कार्यो की प्रसंशा किये। उन्होंने राज्य की टीम से कहा कि इनकी सुविधाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिये तथा इनकी समस्या का निराकरण भी किया जाये।

निरीक्षण में आये केन्द्र के श्री रविन्दर सिंह का निगम के अधिकारियों ने स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किये। निरीक्षण के दौरान राज्य से अधीक्षण अभियंता श्री सुनिल सिंह, सूडा के विशेषज्ञ श्री नितेश शर्मा, उप परियोजना प्रबंधक श्री जतीन सिंह के अलावा नगर निगम राजनांदगांव के उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.राटेके, सहित तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे।

### स्वयं के आवास निर्माण के लिये 27 अगस्त तक निगम में दावा-आपत्ति

**राजनांदगांव 26 अगस्त।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर जमीन मोर मकान (बी एल सी) के तहत स्वयं के द्वारा आवास निर्माण के लिये राजनांदगांव नगरीय निकाय में कुल 9125 आवासों की स्वीकृति प्राप्त हुई है इन 9125 स्वीकृति आवासों में शासन से प्राप्त निर्देशानुसार सन 2022 से पूर्व जितने भी आवास स्वीकृत हुए हैं उन स्वीकृत आवासों में जिन हितग्राही द्वारा रुचि ना दिखाते हुए अपने आवास निर्माण नहीं करने पर उनके स्वीकृत आवासों को निरस्त करने हेतु शासन को सूची के साथ नाम प्रेषित किया जाना है। इस संबंध में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि जिन हितग्राहियों के द्वारा आवास निर्माण के लिये रूचि नहीं ली जा रही है उसे निरस्त करने शासन को नाम प्रेषित किया जाना है। नाम प्रेषित करने से पूर्व निकाय द्वारा सभी वार्ड पार्षदों को उक्त संबंध में जानकारी देकर हितग्राहियों से आवास निर्माण करने प्रेरित करने सूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि उन चयनित हितग्राहियों जिनके द्वारा आवास निर्माण हेतु रुचि नहीं दिखाई जा रही है एवं अन्य कारणों से जिनके आवास निर्माण नहीं हो पा रहे हैं ऐसे सभी 71 हितग्राहियों के नाम दावा आपत्ति के रूप में सूची जारी करके निगम के सूचना पटल एवं एमसीआर जन पोर्टल पर सर्वसाधारण के अवलोकन हेतु चस्पा किया गया है। सूचना मिलने के उपरांत या जानकारी प्राप्त होने के बाद दावा आपत्ति के लिये सूची जारी की गयी है। इस सूची में जो भी हितग्राही अपना स्वयं का आवास का निर्माण करना चाहते हैं वे 27 अगस्त 2023 शाम 5 बजे तक निगम कार्यालय में अपनी सहमति के साथ उपस्थित होकर अपने स्वीकृत आवास को नाम काटने कि प्रक्रिया में से अपने आवास के नाम को हटवा कर अपना आवास निर्माण करवा सकते हैं। निर्धारित तिथि उपरांत शासन को सूची प्रेषित की जावेगी।

### बसंतपुर पुलिस ने की शराब कोचियों के विरुद्ध कार्रवाई

**राजनांदगाांव 26 अगस्त।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन पर शराब कोचियों के विरूध्द थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 25.08.2023 को मुखबीर कि सूचना पर मोहारा बायपास ओव्हर ब्रीज के नीचे एवं पनेका मोड़ के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में पृथक-पृथक टीम गठित कर मुखबीर के बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी 01. अमित चौहान उर्फ रिंकू पिता संतोष चौहान उम्र 22 साल निवासी शिव नगर थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव के पास से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 3.600 बल्क लीटर कीमती 1600 रूपये एवं शराब बिक्री रकम 200 रूपये कुल 1800 रूपये जप्त किया गया तथा आरोपी मोहित उइके पिता चैनसिंह उइके उम्र 47 साल निवासी पनेका थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव के पास से 50 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला 9.00 लीटर कीमती 4000 रूपये जप्त कर आरोपीगणों के विरूध्द पृथक-पृथक आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी कौशलेश देवांगन, प्रधान आरक्षक शंभूनाथ द्विवेदी, आरक्षक देवेन्द्र पाल, कमल यादव की भूमिका सराहनीय रही।



# छत्तीसगढ़ यादव समाज ने किया भूमिपूजन

**रायपुर 26 अगस्त।** छत्तीसगढ़ यादव समाज. कांपा लोधी पारा ईकाई पं क्रं 181/90 सामुदायिक भवन प्रथम तल में हाल निर्माण कार्य हेतु माननीय श्री कुलदीप जुनेजा जी विधायक रायपुर उत्तर द्वारा विधायक निधि से 5 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान किया गया है । जिसके भूमि पूजन कार्यक्रम दिनांक 25/8/23 दिन शुक्रवार समय 11 बजे भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ,कुलदीप सिंह जुनेजा विधायक रायपुर उत्तर विशेष अतिथि, प्रमोद साहू , पार्षद जसबीर सिंह ढिल्लन , पूर्व पार्षद रमेश यादव, छाया पार्षद, राधेश्याम यादव , नगर सचिव राम मनोहर यादव, प्रांतीय उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ यादव समाज, जगदीश प्रसाद यादव ,संरक्षक छत्तीसगढ़ यादव समाज, जनकराम यादव पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ यादव समाज सुधीर यादव, प्रांतीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ यादव समाज सूरज यादव प्रांतीय संगठन मंत्री छत्तीसगढ़ यादव समाज बलदेव यादव, नगर उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ यादव समाज तीरथराम यादव, पूर्व प्रांतीय सचिव छत्तीसगढ़ यादव समाज सुलोचना यादव, महिला प्रांतीय प्रकोष्ठ पदाधिकारी वार्ड के सदस्य ,,मुन्ना यादव , संतुराम यादव , भरतराम यादव , अशोक यादव ,लूकेश यादव ,हीरु यादव , इस अवसर पर भूमि पूजन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ यादव के महिला प्रकोष्ठ वार्ड के सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज कराई है वो इस प्रकार है - राधा यादव , ईश्वरी यादव , रुपा यादव , त्रिवेणी यादव , कला यादव , अंजू यादव ,सुनिती यादव , कमला यादव एवं समस्त मोहल्ला निवासी समिल्लित हुए । इस कार्यक्रम में मंच संचालन श्री राधेश्याम यादव ने की एवं आभार व्यक्त एवं कार्यक्रम के समापन की घोषणा श्री रमेश यादव ने की।




# संक्रामक बीमारी से बचने और सावधानी बरतने आयुक्त ने की नागरिकों से अपील

**राजनांदगांव 26 अगस्त।** मौसमी बिमारी मलेरिया, डेंगू एवं अन्य संक्रामक बिमारियो को फैलने रोकथाम व बचाव हेतु नागरिकों को डोर टू डोर जाकर समझाईस देने व जागरूक किये जाने आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने अपने अपने प्रभारित वार्ड में स्वच्छता मित्र एवं वार्ड प्रभारियों को दायित्व सौपने स्वास्थ्य अधिकारी एवं मिशन क्लीन सिटी प्रभारी को निर्देशित किये है।आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि मौसमी बिमारी डेंगू मलेरिया तथा अन्य संक्रामक बिमारी फैलने की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखते हुये नगर में साफ सफाई के अलावा लोगों में संक्रामक बिमारी फैलने से रोकने व बचाव हेतु नागरिकों को डोर टू डोर जाकर निगम का स्वास्थ्य अमला आमजनों को समझाईस दे रहे है एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है व क्लोरिन टेबलेट का वितरण भी किया जा रहा है। उन्होंने प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा से कहा कि प्रतिदिन नाली नालो की सफाई कर नियमित रूप से कचरा उठावे तथा दवाई का छिडकाव करे। नलो, हैण्ड पंपों के आस पास व गड्ढों में भरे पानी को कच्ची नाली खोद कर निकासी की व्यवस्था करें एवं कैपास व नुवान दवाई का छिडकाव करे, जिससे लार्वा उत्पन्न न हो।आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि बारिश के कुलर को अच्छी तरह से साफ कर खस वाली शीट को कडक धुप में सुखाना है क्याकि डेंगू के मच्छर एंडीस के अण्डे कूलर के खस की शीट में चिपके रहते है और नमी मिलते ही जीवित हो जाते है। इसलिये धूप में सुखाना अत्यंत आवश्यक है। इसी प्रकार आंगन एवं छत की खुली हुई पानी टंकियों को ढक कर रखना है व टूटे फुटे मटके, टायर-ट्यूब, प्लास्टिक के बाटल, डब्बे को नष्ट करना है। फ्रिज के पानी जमा होने वाले ट्रे के पानी को एवं मंदिर में रखे कलस के पानी को प्रति सप्ताह बदलना है। घरों के आस पास पानी जमा नहीं होने देना है। मच्छरदानी लगाकर सोना है। इस प्रकार की सावधानी बरतकर हम मौसमी संक्रामक बिमारी से बच सकते है। आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा है कि उपरोक्त बातों के अलावा साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये।

### शांति समिति की बैठक में लोग बोले त्योहारों में शराब बिक्री बंद हो

**डोंगरगढ़ 26 अगस्त।** धर्मनगरी के सबसे बड़े महापर्व गोविंदा उत्सव व गणेश विसर्जन झांकी तथा अन्य धार्मिक आयोजनों को लेकर शुक्रवार की शाम थाना परिसर में शांति समिति की बैठक रखी गई। बैठक में आयोजन समितियों के सदस्यों के अलावा शांति समिति के सदस्य व प्रशासनिक अफसर शामिल हुए। बैठक में लोगों ने पर्व के दौरान शहर में शराब बिक्री बंद की मांग करते कहा के नशे के चलतें ही धार्मिक आयोजनों में विवाद की स्थिति बनती है। लोगों के सवाल से हटकर पुलिस व प्रशासन केवल डीजे बजानें को लेकर रायशुमारी चलती रही। एसडीएम गिरीश रामटेके, एसडीओपी प्रभात पटेल व टीआई रामअवतार ध्रुव की मौजूदगी में बैठक शुरु हुई। प्रशासन ने साफ किया कि आनें वालें दिनों में धर्मनगरी में गोविंदा उत्सव व गणेश विसर्जन झांकी के आयोजन होनें है, इसलिए खासकर अधिक आवाज व वाइब्रेट पर बजनें वालें डीजे पर लगाम लगाया जाएं। क्योंकि ऐसे साउंड से बुजुर्गो, मरीजों व बच्चों के स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ता है। इसलिए कोर्ट की गाइड लाइन के मुताबिक ही तय डेसिबल में डीजे बजना चाहिए। नियम तोड़नें वालें डीजे संचालकों पर कार्रवाई की बात अफसरों ने कही। इस विषय पर आयोजन समितियों ने तर्क देतें हुए कई आपत्ति भी दर्ज कराई। प्रशासन के जिम्मेदारों को ही नहीं पता कितनें डेसिबल में बजेगा डीजे- बैठक में अफसरों ने तो यह कह दिया कि डीजे कोर्ट की गाइड लाइन के मुताबिक बजना चाहिए। लेकिन जब तय लिमिट को लेकर बात सामनें आई तो उन्हें ही तय डेसिबल की जानकारी नहीं थी। मोबाईल पर इंटरनेट से खोजतें रहे। वहीं यदि तय डेसिबल से ज्यादा में डीजे बजता है तो इसकी जांच कैसे करेंगे यह भी अफसर तय नहीं कर सकें। प्रत्येक डीजे संचालकों को अलग से परमिशन लेनें के आदेश दिए गए। तो आयोजन में राजनीतिक दबाव न हो, भेदभाव का लगाया आरोप- इधर धार्मिक आयोजन भी अब राजनीतिक पार्टियों का रूप लेनें लगी है। भलें ही आयोजनों में पार्टी आगें नहीं आती। लेकिन समर्थन से कांग्रेस व बीजेपी का रंग आयोजन समिति पहन लेती है। इसलिए श्रीहनुमान भक्त समिति के सदस्यों ने कहा कि यदि डीजे के साउंड की लिमिट तय की जा रही है तो यह व्यवस्था पूरें शहर भर में लागू होनी चाहिए। इसमें राजनीतिक दबाव के चलतें भेदभाव नहीं होना चाहिए। पूर्व में गोविंदा उत्सव में इसी वजह से विवादित स्थिति बन गई थी। जिस पर प्रशासन मूकदर्शक बनकर केवल देखता रहा। प्रत्येक आयोजन समितियों की अलग से होगी बैठक, तय होगी जिम्मेदारी- अफसरों ने कहा कि शांति समिति की बैठक के बाद प्रत्येक आयोजन समिति के सदस्यों की बैठक और होगी। जिसमें सभी को आयोजन को लेकर जिम्मेदारी तय की जाएगी।



# शांतिपूर्ण धार्मिक उत्सव मनाये जाने के लिए सर्व धर्म समुदायों की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 26 अगस्त।** डोंगरगढ़ थाना क्षेत्रांतर्गत माह अगस्त एवं सितम्बर/2023 में मनाये जाने वाले गणेश उत्सव, कृष्ण जन्मआष्टमी, गोविंदा उत्सव मनाया जाना है जिसके मद्देनजर दिनांक 25/08/2023 को श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीणा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले के निर्देशन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री प्रभात पटेल व अनुविभागीय दण्डाधिकारी अधिकारी श्री गिरीश रामटेके व थाना प्रभारी डोंगरगढ रामअवतार ध्रुव की उपस्थिति में सर्व धर्म समुदायों, समाज प्रमुखों एवं डी0जे0 संचालक, गणेश उत्सव समिति, गोविंदा समितियों के पदाधिकारीयों की बैठक थाना डोंगरगढ़ परिसर में आयोजन किया गया। शांति समिति के बैठक में आयोजक समिति पदाधिकारियो को सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिये गये आवश्यक सुझाव, आयोजन के पूर्व प्रशासन से अनुमति लेना आवायक है। कार्यक्रम के अवसर पर तेज आवाज में डीजे न लगाया जाएं। उत्सव में समय का पूर्व निरधारण हो। लाउड स्पीकर में भजन गायन तेज आवाज में न बजाने हेतु समिति पदाधिकारियों को दिये गये निर्देश, भीड़ में चोरी, चैन छिनने, पर्स चोरी, जेब काटने आदि वारदातों से बचने के लिए माईक में बार बार ऐलाउंस करने हेतु दिये गये निर्देश, आयोजन समितियों को जहाँ पर कार्यक्रम किया जा रहा है, वहॉ पर पार्किंग की व्यवस्था स्वयं के द्वारा किये जाने एवं मंडली में वालेन्टियर रखने,सभी आयोजक समितियों, डीजे0 संचालकों के सदस्यों की सूची थाना में जमा करने हेतु निर्देशित किया गया व कार्यक्रम आयोजन के पूर्व अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त करने निर्देशित किया गया। होने वालो कार्यक्रमों के सफल आयोगन हेतु सभी को शांति बनाये रखने हेतु बड़ चड़ कर सहयोग करने हेतु उत्प्रेरित किया गया व समितियों व समाज प्रमुखों से उनकी राय भी प्राप्त किया गया जिस पर शासन प्रशासन लगातार कर्तव्यबद्ध है होने वालो आयोजनों में पुख्ता चौक चौबंद्ध व्यवस्था बनाने निर्णय लिया गया।




# 6 दिन पूर्व गुमशुदा अशोक वर्मा का मिला शव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 26 अगस्त।** 20 अगस्त को प्रार्थी रामखिलावन वर्मा निवासी दुरीपार ने थाना घुमका आकर अपने छोटे भाई अशोक वर्मा पिता स्व0 चतुर वर्मा उम्र 42 साल निवासी ग्राम दुरीपार थाना घुमका राजनांदगांव की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया था। गुम इंसान जांच कार्यवाही के दौरान गुमशुदा के साथ अंतिम बार देखे गये रूपधर एवं रेखालाल के द्वारा गुमशुदा के परिजनों दुरीपार के ग्रामीणों एवं पुलिस को लगातार गुमराह कर रहे थे कि अशोक वर्मा बिना बताये कहीं चला गया है। प्रकरण संदेहास्पद होने से मामले को गंभीरता से लेते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीअभिषेक मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले,



अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्रीमति नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में थाना घुमका व सायबर सेल राजनांदगांव गुम इंसान जांच कार्यवाही के दौरान गुमशुदा के साथ अंतिम बार देखे गये रूपधर एवं रेखालाल के द्वारा गुमशुदा के परिजनों दुरीपार के ग्रामीणों एवं पुलिस को लगातार गुहराह रहे थे कि अशोक वर्मा बिना बताये कहीं चला गया है। जांच के दौरान संदेहियों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उक्त सदेही 1. रूपधर गोस्वामी पिता शिशुपाल गोस्वामी उम्र 42 साल ग्राम बरबसपुर (डोंगरगांव) 2 रेखालाल साहू पिता स्व0 कुंजलाल साहू उम्र 46 साल साकिन मुडपार थाना घुमका राजनांदगांव से लगातार कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से अशोक वर्मा की हत्या कर लाश को छिपाना स्वीकार किये। आज दिनांक 25.08.2023 को अपने मेमोरंडम कथन में दोनों बतायें कि गुमशुदा अशोक वर्मा जोकि मिस्त्री का काम करता है करीब एक वर्ष पूर्व से रूपधर गोस्वामी का मकान ग्राम खैरा में बना रहा था। रूपधर गोस्वामी हाल ही में अपने परिवार के साथ ग्राम दुरीपार में अपने साथी पुरूषोत्तम वर्मा घर रह रहा था । रूपचर ने गुमशुदा अशोक वर्मा के उपर आरोप लगाया था कि उसने रूपधर की पत्नी का सोने का झुमका जिसे रूपधर ने उसे दिया था उसे कहीं गिरवी रख दिया है। अशोक के द्वारा उक्त सोने के झुमके को वापस लेने की यात रूपधर को बोला गया जिसके बाद गुमशुदा अशोक वर्मा अपने साथी रूपधर गोस्वामी निवासी बरबसपुर थाना डोंगरगांव राजनांदगांव व रेखालाल साहू निवासी ग्राम मुडपार थाना घुमका राजनांदगांव के साथ दिनांक 19.08.2023 के प्रात करीब 11 बजे तीनों रूपधर की ज्युपीटर स्कूटी क्रमांक छ्त्त 08‹ 2047 से राजनांदगांव में संबंधित ज्वेलर्स के पास गये पैसा नहीं होने के कारण अशोक एवं रूपधर के द्वारा सोने के झुमके को प्राप्त नहीं कर सके। संदेहियों ने बताया कि अशोक वर्मा बिना बताये रूपधर के पत्नी के सोने के झुमके को गिरवी रखने की बात सामने आने से काफी शर्मिंदगी महसूस कर रहा था और शराब पीने की इच्छा जाहिर की जिसपर तीनों स्कूटी से ही वहां से निकलकर मोहारा शराब भट्ठी में शराब पीये उसी दौरान रूपधर अपने मोबाईल से ग्राम दुरीपार के पुरुषोत्तम वर्मा और खरा निवासी गुन्ना पटेल को भी मोहारा शराब मट्ठी बुलाये फिर पांचों मिलकर शराब पीये करीब 5 बजे सभी निकलकर वापस घर की तरफ आ रहे थे रास्ते में पुरुषोत्तम वर्मा और मुन्ना पटेल अपने मो0सा0 से घर चले गये।

## संपादकीय

# कांग्रेस की चिंता स्वाभाविक है

देश के कई राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव भी होना है। दोनों चुनाव में कई अहम मुद्दे हो सकते हैं। एक मुद्दा तो चंद्रयान की सफलता को भी होगा। क्यों न हो आखिर भारत इस सफलता से दुनिया का पहला देश बन गया है। पहले वह विश्वर के कई देशों से पीछे था। अब सबको पीछे छोड़कर एक नंबर पर आ गया है। मोदी सरकार के समय मिली इस सफलता का श्रेय मोदी सरकार को मिलेगा ही, मोदी सरकार इसे आने वाले समय में होने वाले चुनाव में मुद्दा बना सकती है क्योंकि देश के लोग तो हर सरकार से ऐसी सफलता चाहते हैं। देश को पहली बार ऐसी सफलता मोदी सरकार के समय मिली है तो यह ऐसा मुद्दा तो है जो पूरे देश को प्रभावित करता है। यह कितना प्रभावी मुद्दा है, इस बात को पता तो चंद्रयान की सफलता पर देश में मनाया गया जश्न है। करोडों लोगों न चंद्रयान को चंद्रमा की धरती पर उतरते हुए देखा, देश को विश्व का नंबर एक देश बनते हुए देखा और गोरवान्वित हुआ है। इस सफलता ने पूरे देश को प्रभावित किया है। इसका राजनीतिक लाभ मोदी सरकार चुनावों में उठा सकती है। वह जनता से कह सकती है कि वह ऐसी सरकार चुने जो विश्व में देश को चंद्रयान जैसी सफलता दिला सके। कांग्रेस इस बात को बखूबी समझती है इसलिए उसने इस सफलता में श्रेय लेने के लिए जानबूझकर इस सफलता का श्रेय पं. जवाहर लाल नेहरू को भी दिया है। उसका कहना है कि पं. नेहरू ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत के विकास के लिए ऐसी संस्था की स्थापना की थी, जिसकी नाम बाद में बदलकर इसरो किया गया। अंतरिक्ष के क्षेत्र में विकास के लिए नींव पं. नेहरू ने रखी थी। उसी नींव पर मोदी सरकार ने चंद्रयान की सफलता की इमारत खड़ी की है। कांग्रेस सफलता का श्रेय खुद भले ले लेकिन उसके समय में इसरो व अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए किए गए कार्यों व इसरो को दिए गे बजट से ही साफ हो जाता है कि कांग्रेस के समय अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत कुछ खास नहीं कर सका था कम से कम 2014 तक उसे कोई बड़ा काम करने के लिए तीस चालीस सील मिले लेकिन वह एक भी ऐसा काम नहीं कर सकी जिससे विश्व में भारत एक नंबर पर होता। कांग्रेस के समय तो पाकिस्तान व चीने भारत से पहले अपना सेटेलाइट छोड़ चुके थे। भारत को अपना सेटेलाइट छोड़ने के लिए रूस का मुंह देखना पड़ता था। रोवर बनाने के लिए रुस से समझौता करना पड़ा था, इसरो की कमाई कांग्रेस के समय कम थी, इसरो को मोदी सरकार ने स्वावलंबी बना दिया है। वह खुद पैसे कमाता है ओर उसकी तैयारी ऐसी है कि एक काम पूरा नहीं हुआ वह दूसरा काम शुरू कर देता है। कांग्रेस के समय चंद्रयान-1 फेल हो गया तो सरकार ने चंद्रयान-2 की तैयारी नहीं की। उसमें काफी वक्त लग गया। मोदी सरकार ने चंद्रयान-2 की असफलता के बाद ही चंद्रयान-3 की तेयारी शुरू कर दी थी, तब जाकर चंद्रयान-3 को ऐतिहासिक सफलता मिली है। इस ऐतिहासिक सफलता के लिए मोदी सरकार को इसरो को दिया गया बढ़ावा तथा वित्तीय संसांधन अहम है। किसी देश की सफलता का श्रेय उस देश के राजनीतिक नेतृत्व को ही दिया जाता है। आज भले ही कांग्रेस के नेता कहे कि इसका श्रेय देश के वैज्ञानिकों को जाता है। हकीकत यह है कि कांग्रेस भी जानती है कि इसका श्रेय तो देश के लोग मोदी को ही देंगे। इसलिए कांग्रेस ने इसका श्रेय लेने का प्रयास किया है ताकि चुनाव मे वह भी कह सके कि इसका श्रेय तो कांगरेस को भी जाता है। मोदी सरकार की सबसे बड़ी सफलता विश्व में भारत का बढ़ता सम्मान है। इसकी कोई काट कांग्रेस के पास नहीं है, उस पर विपक्षी मोर्चा भी देश के लोगों के लिए भरोसे का मोर्चा नहीं बन सका है। मोर्चे के नेता के बयानों व हरकतों से ही मोर्चा की साख कम हो रही है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि:** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप परिवारवालों के साथ समय बिताने की पूरी कोशिश करेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। छोटे बच्चों को कोई बड़ा सरप्राइज भी मिल सकता है। कुछ लोग आपके किसी काम में मदद के लिए आगे आ सकते हैं। पैसों को लेकर आपकी चिंता दूर होगी।

**वृष राशि:** आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से रिलेटिड हो सकती है। आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे। आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप किसी ट्रेडिशनल चीज के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। बच्चे किसी ड्राइंग कॉम्पिटिशन में भाग लेंगे। आप किसी बचपन के दोस्त से मिलेंगे, कुछ पुरानी यादों को फिर से ताजा करेंगे। रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आएगा।

**मिथुन राशि:** आपका रुझान आध्यात्म की तरफ रहेगा। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आप अपने काम में पूरा आनंद लेंगे। आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको काफी अच्छा लगेगा। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। कोई करीबी आपके कोई अच्छी खबर देगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क राशि:** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी किसी कविता की प्रशंसा हो सकती है। आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। माता-पिता का आशीर्वाद आपको मंजिल तक पहुंचाने में मदद कर सकता है। आपको किसी काम में पड़ोसियां का भी सहयोग मिलेगा। बच्चे आपसे अपनी कोई बात शेयर कर सकते हैं। आपको उनकी बात ध्यान से सुननी चाहिए।

**सिंह राशि:** आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको कोई ऐसा काम भी दिया जा सकता है, जिसमें आपको बहुत अच्छा लगेगा। आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। नौकरी में प्रमोशन के साथ ही इनकम बढ़ने के भी योग बने हुए हैं। छात्र अपने कुछ विषयों को लेकर अधिक रुचि दिखाएंगे।

**कन्या राशि:** आज का दिन आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। पहले किए गए किसी काम से आज अच्छा मुनाफा होगा। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। आप खुद भी अपने काम को लेकर संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डीनर करने जाने का प्लान बनाएंगे। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग लेंगे, जहां उनका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी।

**तुला राशि:** आज का दिन आपके लिए अच्छा है। ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे आपके काम समय पर पूरे होंगे। आपके सकारात्मक विचार आज लोगों को प्रभावित करेगा, लोग आपसे जुड़ेंगे। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव करेंगे। अपने कठिन विषयों को समझने के लिए किसी की मदद ले सकते हैं। घर के किसी काम में जीवनसाथी की मदद मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक रिश्ते बेहतर बने रहेंगे।

**वृश्चिक राशि:** आज का दिन जीवन में किसी नई खुशी का संकेत लाएगा। जीवनसाथी आपको कोई बड़ी खुशखबरी देगा। परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आएंगे। रिश्ते और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आज आप मजबूत रहेंगे। इंजीनियर्स को किसी कॉन्ट्रैक्ट से बड़ा फायदा होगा।

**धनु राशि:** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो समय से पूरा करने में सफल होंगे। बिजनेस में काम की गति बनी रहेगी। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। मन ही मन किसी बात को लेकर खुश रहेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उन्हें किसी शादी समारोह में अपना लाइफ पार्टनर मिल सकता है।

**मकर राशि:** आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लाने वाला है। आपको अपने करियर का कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। अगर आप नौकरी कर रहे हैं, तो अचानक से आपको किसी काम के लिए बाहर जाना पड़ेगा। किसी नए बिजनेस की शुरुआत के लिए लोन के लिए आवेदन करेंगे।

**कुंभ राशि:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आपका कोई नजदीकी मित्र आपसे मिलने आएगा। आप उनके साथ कही घूमने का प्लान बनाएंगे। छात्रों के पढ़ाई में आ रही रुकावटें किसी की मदद से दूर होंगी। आपको नतीजों की ज्यादा फिक्र ना करते हुए अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है।

**मीन राशि:** आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। ऑफिस के काम के लिए यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जाएगा। आपके रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। आपको किस्मत का साथ मिलेगा।

# राखी है आदर्शों का हिमालय: संकल्पों का सोपान

### पर्व

**ललित गर्ग**



भारत धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं और त्योहारों का देश है, यहां के हर त्योहार का अपना एक मकसद और रंग होता है, जो विभिन्न धर्मों, समाजों एवं लोगों को करीब ले आता है। रक्षा-बंधन भी ऐसा ही अनूठा सांस्कृतिक पर्व है। राखी के धागें बहन के पवित्र प्रेम और रक्षा की डोरी भर नहीं है, बल्कि यह धार्मिक, सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता एवं एकसूत्रता का अमोघ साधन है। राखी का त्योहार महिलाओं को समानता एवं सुरक्षा प्रदान करने के लिये संकल्पित होने का अवसर प्रदान करता है। क्योंकि अगर नजर उठाकर देखें, तो कठिनाइयों और चुनौतियों से भरे क्षेत्रों में महिलाएं अब अपनी अद्भुत कार्यशैली से चमत्कृत बुलंदियां छू रही हैं। चाहे सेना हो या पहलवानी के अखाड़े, हर जगह समूची दुनिया उनका तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत करती है। बंधनों, उत्पीड़न एवं उपेक्षा से नारी को मुक्ति दिलाने की प्रेरणा राखी के धागों में गूंथी हुई है। रक्षाबंधन स्नेह का वह अमूल्य बंधन है, जिसका बदला धन तो क्या सर्वस्व देकर भी नहीं चुकाया जा सकता। यह त्यौहार भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है, वही लगातार असुरक्षा एवं अस्मिता के लिये जूझती नारी को एक आश्वासन है उसकी रक्षा का। राखी के जरिये बहनें भाई की सलामती की दुआ मांगती हैं तो भाई ताउम्र बहन की हिफाजत का बीड़ा उठाते हैं, फिर चाहे रिश्ता खून का हो या सिर्फ कच्चे धागे का या फिर मानवीय संबंधों का। निश्चित ही नारी अस्मिता एवं अस्तित्व से जुड़ा राखी का त्योहार आदर्शों का हिमालय है और संकल्पों का सोपान है।

रक्षाबंधन प्यार के धागों का एक ऐसा पर्व है जो घर-घर ही नहीं, समाज एवं राष्ट्र में मानवीय रिश्तों में नवीन ऊर्जा का संचार करता है। बहनों में उमंग और उत्साह को संचरित करता है, वे अपने प्यारे भाइयों के हाथ में राखी बांधने को आतुर होती हैं। बेहद शालीन



और सात्विक यह पर्व सदियों पुराना है- तब से अब तक नारी सम्मान एवं सुरक्षा पर केन्द्रित यह विलक्षण पर्व है। सगे भाई बहन के अतिरिक्त अनेक भावनात्मक रिश्ते भी इस पर्व से बँधे होते हैं जो धर्म, जाति और देश की सीमाओं से परे हैं। यह पर्व आत्मीयता और स्नेह के बन्धन से रिश्तों को मजबूती प्रदान करने का पर्व है। रक्षा बंधन मानवीय भावों का बंधन है। यह प्रेम, त्याग और कर्तव्य का बन्धन है। इस बंधन में एक बार भी बंध जाने पर इसे तोड़ना बड़ा कठिन है। इन धागों में इतनी शक्ति है, जितनी लोहे की जंजीर में भी नहीं ।

राखी के इस अभूतपूर्व पर्व को समझने के लिए इसके ऐतिहासिक प्रसंगों को समझना बेहद जरूरी है वरना इस पर्व की रंगत अधूरी रह जायेगी। भविष्य पुराण में वर्णन मिलता है कि देव और दानवों में जब युद्ध शुरू हुआ तब दानव हावी होते नजर आने लगे। भगवान इन्द्र घबरा कर बृहस्पति के पास गये। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इंद्राणी सब सुन रही थी। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बाँध दिया जिसके बाद इंद्र विजयी हुए। इस पर्व के अनेक ऐतिहासिक प्रसंग भी हैं। राजपूत जब लड़ाई पर जाते थे तब महिलाएँ उनको माथे पर कुमकुम तिलक लगाने के साथ-साथ हाथ में राखी भी बाँधती थी।

मुगल काल के दौर में जब मुगल बादशाह हुमायूँ चितौड़ पर आक्रमण करने बढ़ा तो राणा सांगा की विधवा कर्मवती ने हुमायूँ को राखी भेजकर रक्षा वचन ले लिया। हुमायूँ ने इसे स्वीकार करके चितौड़ पर आक्रमण का ख्याल दिल से निकाल दिया और कालांतर में मुसलमान होते हुए भी राखी की लाज निभाने के लिए चितौड़ की रक्षा हेतु बहादुरशाह के विरूद्ध मेवाड़ की ओर से लड़ते हुए कर्मावती और मेवाड़ राज्य की रक्षा की। इसी तरह सिकंदर की पत्नी ने अपने पति के हिंदू शत्रु पुरू को राखी बांध कर अपना मुंहबोला भाई बनाया और युद्ध के समय सिकंदर को न मारने का वचन लिया। पुरू ने युद्ध के दौरान हाथ में बंधी राखी का और अपनी बहन को दिये हुए वचन का सम्मान करते हुए सिकंदर को जीवदान दिया। सिकंदर ने भी पोरस के रक्षा-सूत्र की लाज रखते हुए और एक योद्धा की तरह व्यवहार करते हुए उसका राज्य वापस लौटा दिया।

राखी एक धागा प्रेम का है, जो इस पर्व को एक लौकिक महत्व प्रदान करता है, यह धागा भाई-बहन के रिश्तों को और मजबूत करता है। जो सिर्फ प्यार और अपनेपन का संदेश ही नहीं देता बल्कि कर्तव्यों का भी बोध कराता है। राखी के धागे को देखकर हर भाई को अपनी बहन के प्रति कर्तव्यों का आभास होता है। राखी का त्योहार सावन महीने के अंतिम दिन मनाया जाता है। महाभारत में भी इस बात का उल्लेख है कि जब ज्येष्ठ पाण्डव युधिष्ठिर ने भगवान श्रीकृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूँ तब भगवान श्रीकृष्ण ने उनकी तथा उनकी सेना की रक्षा के लिये राखी का त्योहार मनाने की सलाह दी थी। उनका कहना था कि राखी के इस रेशमी धागे में वह शक्ति है जिससे आप हर आपत्ति से मुक्ति पा सकते हैं। महाभारत में ही रक्षाबन्धन से सम्बन्धित श्रीकृष्ण और द्रौपदी का एक और वृत्तान्त है। जब श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई। द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाड़कर उनकी उँगली पर पट्टी बाँध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। श्रीकृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी साड़ी को बढ़ाकर चुकाया। इस तरह राखी के दो धागों से भाई-बहन का ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवीय संवेदनाओं का गहरा नाता रहा है।

राखी के त्योहार का ज्यादा महत्व पहले उत्तर भारत में था। आज यह पूरे भारत में बड़े उत्साह से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में इसे नारली पूर्णिमा के नाम से मनाया जाता है। लोग समुद्र में वरुण राजा को नारियल दान करते हैं। नारियल के तीन आंखों को भगवान शिव की तीन आंखें मानते हैं। दक्षिण भारत में इसे अवनी अविट्टम के नाम से जाना जाता है। स्कन्ध पुराण, पद्मपुराण और श्रीमद्भागवत में वामनावतार नामक कथा में रक्षाबन्धन का प्रसंग मिलता है। कथा कुछ इस प्रकार है- दानवेन्द्र राजा बलि ने जब 100 यज्ञ पूर्ण कर स्वर्ग का राज्य छीनने का प्रयत्न किया तो इन्द्र आदि देवताओं में खलबली मच गयी और वे सभी भगवान विष्णु से प्रार्थना करने पहुंचे। तब भगवान वामन अवतार लेकर ब्राह्मण का वेष धारण कर राजा बलि से भिक्षा माँगने पहुँचे। गुरु के मना करने पर भी बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। भगवान ने तीन पग में सारा आकाश पाताल और धरती नापकर राजा बलि को रसातल में भेज दिया। इस प्रकार भगवान विष्णु द्वारा बलि राजा के अभिमान को चकनाचूर कर देने के कारण यह पर्व बलेव नाम से भी प्रसिद्ध है।

राखी के बारे में प्रचलित ये कथाएं सोचने पर विवश कर देती हैं कि कितने महान उसूलों और मानवीय संवेदनाओं वाले थे वे लोग, जिनकी देखादेखी एक संपूर्ण परंपरा ने जन्म ले लिया और आज तक बदस्तूर जारी है। आज परंपरा भले ही चली आ रही है लेकिन उसमें भावना और प्यार की वह गहराई नहीं दिखायी देती। अब उसमें प्रदर्शन का घुन लग गया है। पर्व को सादगी से मनाने की बजाय बहनें अपनी सज-धज की चिंता और भाई से राखी के बहाने कुछ मिलने के लालच में ज्यादा लगी रहती हैं। भाई भी उसकी रक्षा और संकट हरने की प्रतिज्ञा लेने की बजाय जेब हल्की कर इतिश्री समझ लेता है। अब राखी में भाई-बहन के प्यार का वह ज्वार नहीं दिखायी देता जो शायद कभी रहा होगा। इसलिए राखी के इस परम पावन पर्व पर भाइयों को ईमानदारी से पुनः अपनी बहन ही नहीं बल्कि संपूर्ण नारी जगत की सुरक्षा और सम्मान करने की कसम लेने की अपेक्षा है। तभी राखी का यह पर्व सार्थक बन पड़ेगा और भाई-बहन का प्यार शाश्वत रह पायेगा।

# देशभर में चल रहा है मतांतरण का कुचक्र!

### साजिश

**मनोज कुमार अग्रवाल**



देश भर में बड़े पैमाने पर बहुसंख्यक हिंदुओं के गरीब बेरोजगार अशिक्षित परिवारों को तरह तरह से आर्थिक प्रलोभन धार्मिक चमत्कार के अंधविश्वास में फंसा कर अथवा रोजगार शिक्षा या विवाह कराने का झांसा देकर मतांतरन करने का धंधा फल फूल रहा है।

हाल ही में उत्तर प्रदेश के भी कई शहरी अरधशहरी व खास कर ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों को लालच देकर मतांतरित करने के मामले सामने आए हैं,लेकिन झांसी में तो मतांतरन करने का धंधा एक कारखाने या कार्पोरेट कंपनी की तर्ज पर चलाया जा रहा था झांसी में जिस सुनियोजित ढंग से यह प्रयास चल रहा था, वह बहुत चिंता की बात है। मतांतरण के लिए पूरा नेटवर्क तैयार करना और सात-सात सौ रुपये के मानदेय पर 40 - 50 युवतियों की नियुक्ति और उनके लिए मतांतरण का लक्ष्य निर्धारित करके काम लेने से यह साबित होता है कि ईसाई मिशनरियां कितने संगठित रूप से अपनी कुत्सित योजनाओं को अंजाम देने में जुटी हुई हैं। युवतियों ने बताया कि उन्हें प्रशिक्षित करने के बाद छत्तीसगढ़ भेजने की योजना थी। अर्थात पूरे देश में ईसाई मिशनरियों ने नेटवर्क बना रखा है और इसका संचालन करने वालों को बाहर से फंडिंग भी हो रही है। इससे पहले बाराबंकी, फतेहपुर, बहराइच, पीलीभीत आदि कई जिलों में मतांतरण की घटनाएं हो चुकी हैं। फ़तेहपुर में तो प्रयागराज से संचालित एक शिक्षण संस्थान शुआट्स से जुड़े लोगों का नाम भी आया था। इसमें कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई थी तथा यह तथ्य भी उजागर हुआ था कि मतांतरण कराने में जुटे लोगों की फंडिंग विदेश से हो रही थी।

हमारे देश में किसी को डरा-धमकाकर या प्रलोभन देकर मतांतरित कराना अपराध है। प्रदेश में ईसाई मिशनरियां उन क्षेत्रों में अपनी सक्रियता बढ़ा रही हैं जो अनुसूचित जाति-जनजाति बहुल हैं और गरीबी में जीवन-यापन कर रहे हैं। खुफिया इकाइयों को ऐसे क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ानी चाहिए, जहां ईसाई मिशनरियों की गतिविधियां अधिक दिखाई दे रही हों। इसके साथ ही हिंदू संगठनों के लिए भी यह बड़ी चुनौती है।वहीं दूसरी मजहबी कट्टरपंथी लोगों के समूह अपने तरीके से बच्चों युवाओं व अन्य को जबरन इस्लाम धर्म में मतांतरन कराने की साजिश चला रहे हैं।

इस से भी ज्यादा चिंता जनक तथ्य यह है कि कुछ सरकारी निजी व मिशनरी स्कूल संचालक एक्टिविटी के नाम पर भी इस तरह की एक्टिविटी कराया जा रहा है जबकि इन स्कूलों में कलावा मौली तिलक पर रोक जारी है। आइए आपको सिलसिलेवार बताते हैं कि मध्य प्रदेश के खंडवा स्थित मिशनरी द्वारा संचालित सेंट पॉयस हायर सेंकेंडरी स्कूल में बच्चों से कलमा पढ़वाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि स्कूल में हिन्दू बच्चों से कलमा पढ़वाया गया, अभिभावकों ने इसकी जानकारी होने पर पुलिस और प्रशासन से शिकायत की है।

आप को याद दिला दें पिछले दिनों मध्यप्रदेश में बकरीद त्योहार को लेकर खंडवा शहर के मिशनरी स्कूल सेंट पॉयस में प्रार्थना सभा के बाद स्कूल की प्रिंसिपल ने चार मुस्लिम बच्चों को मंच पर बुलाया और उन्हें बाकी बच्चों को बकरीद के त्योहार के संबंध में बताने को कहा। जिसके बाद मंच पर खड़े बच्चों ने कलमा पढ़कर सुनाया, और सभी बच्चों से कलमा पढ़ने को कहा गया, लेकिन घर आते ही इन छात्रों ने अपने परिजनों से स्कूल द्वारा किए गए इस कृत्य की शिकायत की।

मामले में अभिभावकों के साथ-साथ हिन्दू संगठनों में आक्रोश है। विश्व हिंदू परिषद और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सेंट पॉयस हायर सेंकेंडरी स्कूल के इस कृत्य पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, कई अभिभावकों ने भी जिला प्रशासन से इस पूरे मामले की शिकायत की है। हिंदू संगठनों द्वारा इसे मिशनरी का षड्यंत्र बताया गया है, और कहा है कि यह लोग बच्चों का ब्रेनवॉश करने में लगे हुए हैं, इनता उद्देश्य यही है कि कैसे भी ये बच्चे सनातन हिन्दू धर्म से दूर हो जाएं।

उधर इसी तर्ज पर गुजरात में बकरीद के मौके पर स्कूलों में बच्चों से नमाज पढ़ाने की प्रैक्टिस कराने के दो मामले सामने आए हैं। इनमें एक मामला कच्छ का है। दूसरा महेसाणा का है। दोनों ही जगह स्कूल में बच्चों से एक्टिविटी के नाम नमाज की प्रैक्टिस करवाई गई।

कच्छ की घटना मुंद्रा के पर्ल स्कूल की है। वहाँ छोटे छोटे मासूम हिन्दू स्कूली बच्चों के सिर पर नमाजी टोपी पहनाकर उन्हे नमाज की प्रैक्टिस करवाई गई। बाद में ये वीडियो स्कूल के पेज पर डाला गया जिससे ये पूरे सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। इसे देख लोग गुस्से में आ गए।पूरे विवाद के बाद स्कूल ने इस संबंध में माफी माँग ली है। सोशल मीडिया से भी इस वीडियो को हटा दिया गया है।

इसी तरह महेसाणा के एक प्राइवेट अंग्रेजी मीडियम स्कूल में भी ऐसी घटना सामने आई। जब इसकी सूचना बच्चों के अभिभावकों को लगी तो उन्होंने जमकर हंगामा काटा। वहीं हिंदू संगठन भी इस पर भड़क गए और स्कूल के बाहर प्रदर्शन हुई। बताया जा रहा है कि स्कूल में बच्चों को सिखाया जा रहा था कि नमाज कैसे पढ़ी जाती है। इस प्रैक्टिस की फोटोज भी अभिभावकों के पास थी। विरोध के नाम पर स्कूल के बाहर रामधुन और हनुमान चालीसा का पाठ हुआ।

अभी दो महीने पहले ही जून माह में मध्यप्रदेश के दमोह में संचालित एक निजी स्कूल गंगा जमुना हायर सेकंडरी पर हिंदू छात्राओं को हिजाब पहनाने का आरोप लगा है। छात्रों के बोर्ड परीक्षा परिणाम का एक पोस्टर स्कूल में लगाया गया जिसमें छात्राएं हिजाब पहने हुए दिख रही थीं। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। निजी स्कूल में लगे पोस्टर में छात्र-छात्राओं के जो फोटो लगे हुए हैं, उनमें सभी छात्राओं ने हिजाब की तरह दिखने वाला एक कपड़ा अपने सिर पर लपेटा है। मुस्लिम छात्राओं के साथ चार हिंदू छात्राएं भी हिजाब पहने दिख रही हैं।राष्ट्रीय बाल अध?िकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो को इस मामले की जानकारी लगी तो उन्होंने ट्वीट किया कि हिंदू और अन्य ग़ैर मुस्लिम बच्चों को इस्लामिक प्रथाओं का अभ्यास करवाना भारत के संविधान के अनुच्छेद 28 का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि वे दमोह कलेक्टर को नोटिस भेज रहे हैं।कुछ अभिभावकों काआरोप है कि महिला शिक्षिकाओं को हिन्दू से मुस्लिम बनाया गया है। उनका दावा है कि स्कूल में स्टाफ में ज़्यादातर ऐसी महिला शिक्षिका हैं जो पहले हिन्दू थीं और मुस्लिम से शादी कर वह मुस्लिम बन गई और उन्हें इस स्कूल में प्राथमिकता से नौकरी दी गई। यहां तक कि मामले में धर्मांतरण से लेकर लव ज़िहाद तक से जोड़ा जा रहा है।

स्कूल की प्रिंसिपल आफसा शेख , गणित विषय के टीचर अनस अहतर और चौकीदार रुस्तम को गिरफ्तार किया गया। दमोह पुलिस गिरफ्तारी के बाद जिला कोर्ट में आरोपियो को पेश किया गया.जहां सीजेएम जितेंद्र नारायण सिंह ने तीनों की जमानत याचिका खारिज करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया।

जाहिर है कि कुछ लोग जानबूझकर शिक्षण संस्थानों में मासूम बच्चों के ब्रेनवाश कर उन्हें एक धर्म विशेष के प्रति प्रेरित करने की साजिश कर रहे हैं। मासूम बच्चों को इस तरह के षड्यंत्र का शिकार बनाया जाना बेहद शर्मनाक व चिंताजनक है। ऐसी अवांछनीय गतिविधियों का हिस्सा बन रहे स्कूल संचालकों के आय के स्रोत की जांच की जानी चाहिए कहीं ऐसा तो नहीं कि यह सारा खेल अवैध फंडिंग के जरिए खेला जा रहा हो। मतांतरनकाकामकिसीभीतरहकियाजारहाहोइन मामलों की हर कोण से जांच होनी चाहिए और इस तरह की हरकत करने के लिए सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## सेहत — अनार खाएंगे तो नहीं होंगे बीमार

अनार ऐसा फल है जिसे डॉक्टर को दूर रखने के लिए जाना जाता है. अनार सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है और इसे खाने से खून की कमी के साथ साथ कई सारी बीमारियां भी दूर ही रहती हैं. लाल रसीले बीजों वाला अनार ना केवल दिल के लिए अच्छा होता है बल्कि वजन घटाने में भी इसे काफी कारगर कहा जाता है. चलिए आज जानते हैं कि डाइट में अनार को शामिल करने पर क्या क्या फायदे होते हैं और साथ ही जानेंगे कि किस तरह अनार कई बार सेहत को नुकसान भी कर सकता है.

**अनार खाने के फायदे:** अनार पोटैशियम से भरपूर होने के कारण दिल के लिए काफी अच्छा होता है. इसके सेवन से ब्लड वैसल्स में खून के थक्के या कोलेस्ट्रोल नहीं जमता और दिल के दौरे की संभावना कम होती है. इसके साथ साथ उच्च रक्तचाप में भी अनार का सेवन सही कहा जाता है. अनार के सेवन से डायबिटीज में भी राहत मिलती है.

इम्यून सिस्टम यानी शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाने में अनार का कोई जवाब नहीं है. इसमें पाए जाने वाले एंटी ऑक्सिडेंट इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं और बाहरी बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं.

मोटापा घटाने की बात की जाए तो अनार काफी फायदेमंद माना गया है. अनार में ढेर सारा डायटरी फाइबर पाया जाता है जिसकी बदौलत खाना सही से पचता है और देर तक भूख नहीं लगती. अनार खाने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और इसके साथ साथ अनार के पत्ते भी शरीर पर जमा एक्सट्रा फैट घटाने में कारगर माने जाते हैं.

त्वचा और दांतों की सेहत के लिए अनार को काफी प्रभावी कहा गया है. इसमें पाया जाने वाला विटामिन सी त्वचा को सेहतमंद बनाने के साथ साथ चमकदार बनाता है. अनार के सेवन से समय से पहले झुर्रियां नहीं पड़तीं. अनार के बीजों के सेवन से मसूड़े संक्रमण से बचे रहते हैं और उनको मजबूती मिलती है.

**अनार के संभावित नुकसान :** अनार केवल फायदा ही नहीं करता, कई बार कुछ लोगों को अनार का सेवन करने पर नुकसान भी होता है. दरअसल अनार के ज्यादा सेवन से डायरिया हो सकता है. जिन लोगों को दस्त की समस्या है, उनको अनार का सेवन नहीं करना चाहिए. इसके अलावा जिन लोगों को स्किन एलर्जी होती है, उन्हें भी अनार का सेवन ना करने की सलाह दी जाती है. अनार के सेवन से ब्लड प्रेशर कम होता है. लेकिन जिनका ब्लड प्रेशर ज्यादा लो होता है, उनको अनार का सेवन नहीं करना चाहिए, इससे बीपी ज्यादा लो हो सकता है।

# लूटन भैया का भाषण

### व्यंग्य

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**



एक हैं लूटन भैया। औपचारिक रूप से राजस्व विभाग और अनौपचारिक रूप से लेन-देन विभाग में काम करते हैं। वे अपनी करनी के लिए कम और कथनी के लिए अधिक जाने जाते हैं। ऊपर से खुद को सर्वज्ञ और दूसरों को अनभिज्ञ समझने का अहंकार अलग से पाल रखा है। हैं तो सरकारी कर्मचारी लेकिन व्यवहार किसी तरकारी बेचने वाले से कम नहीं है। हमेशा दिमाग में लेन-देन के इलेक्टॉन कुलबुलाते रहते हैं। इसी कुलबुलाहट की बदौलत चार कोठियाँ खड़ी कर दी हैं। घर में सभी सदस्यों के लिए चार चक्का गाड़ियों का इंतजाम है। कुल मिलाकर आँखें जमीन पर कम आसमान पर ज्यादा टिकी रहती हैं। पिछले कुछ दिनों से लूटन भैया के मेज के नीचे वाली कमाई में बहुत कमी आ गयी थी। यही वजह थी कि बीच-बीच में अपने कर्मचारियों पर झल्ला उठते थे। एक दिन किसी ने उन्हें असहिष्णुता का पुलिंदा कह दिया। धीरे-धीरे दबी जुबान से सभी लोग यही कहने लगे। जब यह खबर लूटन भैया तक पहुँची तब उनकी उठी भौंहे, चौड़ाई आँखें और लाल-पीली नाक ने कर्मचारियों को सबक सिखाने की ठान ली। आनन-फानन में बैठक का आयोजन किया गया। लूटन भैया कर्मचारियों को शहद लगी छुरी से अपनी बातों का मज़ा चखाना चाहते थे।

शहद लगी छुरी का खेल शुरु हुआ। कहने लगे - एक थाल मोतियों से भरा, सबके सर पर औंधा धरा वाली पंक्ति इंसानी मस्तिष्कीय कणों पर फिट बैठती है। यदि इन कणों की गिनती करने बैठ जाएँ, तो यह जीवन पर्याप्त नहीं होगा। चूंकि कण अनंत हैं इसलिए हमारी समस्याएँ भी अनंत हैं। कण की समस्या और समस्या के कण में केवल दृष्टिकोण का अंतर होता है। वैसे तो ये कण धधकते शरीर के शांत पड़ जाने पर भी होते हैं, किंतु जो मूल्य जीते जी कुछ करने का है वह मरने के बाद करनी को चिढ़ाने भर के लिए काम आते हैं। एक ही तरह का मस्तिष्क दुनिया भर को मिला है, लेकिन कोई उसे जोड़ने के लिए इस्तेमाल करता है तो कोई तोड़ने के लिए। कोई शैतान में इंसान ढूँढने के लिए तो कोई इंसान में शैतान के लिए। यह दुनिया छह को नौ और नौ को छह कहने में इतनी व्यस्त है कि उसे हमेशा अपना नजरिया ही सच लगता है। सामने वाले का नजरिया, नजरिया न हुआ बहस करने का भेड़चाल वाला मुद्दा हो गया। नजरिए की इसी दुविधा को 'असहिष्णुता' कहते हैं। अत्यंत असहनीय और जगव्यापी है यह असहिष्णुता। कभी 'बाल की खाल' तो कभी %खाल के बाल% के बहाने एक-दूसरे से लड़वाती है, तो कभी 'हेटस्पीच शब्दावली' में आए दिन बढ़ोतरी करवाती है। यही कारण है कि नेता हिंदू को मुस्लिम से, ऊँच को नीच से, गऊ को सुअर से लड़वाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। चार वर्षो तक सड़कों, चौराहों पर भटकने वाली सहिष्णु गाय पाँचवें वर्ष में वोट बटोरने वाली असिहष्णु ईवीएम मशीन बन जाती है। सहिष्णु बनने से केवल हमदर्दी मिलती है, असिहष्णु बनने से वोट। कोई एलोपैथी तो कोई आयुर्वेद पर, तो कोई वैक्सिन तो कोई गोमूत्र पर असहिष्णु हो जाता है। अच्छाई में बुराई खोज निकालना, दिन को रात और रात को दिन कहना असहिष्णुता की उर्वर भूमि है। आप लोग सोच रहे होंगे कि मैं यह सब बिन सिर-पैर की बात क्यों कह रहा हूँ? दरअसल मैं आपको असहिष्णुता का मतलब समझाना चाहता हूँ। पिछले कुछ दिनों से मेरी आमदनी में कमी आई है। स्वाभाविक है कि समुंदर में कम होता पानी नदियों और तालाबों को भी सुखा देता है। इसलिए मेरी झल्लाहट को असहिष्णुता नहीं आपकी चिंता समझिए।

# ठेका कर्मचारियों की बेमुद्दत हड़ताल, विद्युत व्यवस्था प्रभावित

## नाराज विद्युत ठेका कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर कर रहे प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सुकमा 26 अगस्त।** विद्युत ठेका कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने से जल्द ही विद्युत व्यवस्था पर इसका असर पढ़ने वाला है क्योंकि विद्युत ठेका कर्मचारियों के भरोसे ही विद्युत विभाग के अधिकांश कार्य संचालित है। विद्युत ठेका कर्मियों के भरोसे जिले में विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती है, इन्हीं विद्युत ठेका कर्मचारियों के भरोसे विद्युत डिस्ट्रीब्यूशन, ट्रांसमिशन और जेनरेशन के कार्य की जिम्मेदारी सालों से संभालते आ रहे हैं, लेकिन उनकी लंबित मांगों को लेकर राज्य शासन अनसुना करती आ रही है, जिससे नाराज विद्युत ठेका कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन कर अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

शुक्रवार से जिले के विद्युत सब स्टेशन में तैनात ठेका कर्मचारियों की हड़ताल में जाने से विद्युत सेवाओं पर इसका असर पढ़ने लगा है। वहीं विद्युत विभाग के ठेका कर्मचारियों ने बताया कि जिले के 11 सब स्टेशन में लगभग 100 से अधिक विद्युत ठेका कर्मचारियों की भरोसे संचालित होता है, अगर यह अनिश्चितकालीन हड़ताल लंबे समय तक जारी रहा तो विद्युत व्यवस्था पर इसका असर पड़ेगा। क्योंकि यह ठेका कर्मचारियों की भरोसे ही विद्युत विभाग के अधिकांश कम संचालित होते हैं, क्योंकि विभागीय कार्यो, विद्युत सप्लाई से लेकर लाइन ऑपरेट करने तक के कार्य विद्युत ठेका कर्मचारियों द्वारा किया जाता है, जिसकी वजह से जिले भर में विद्युत सेवा सुचारु रूप से संचालित हो पाती है, वहीं इन विद्युत ठेका कर्मचारियों की हड़ताल जाने से इसका असर विद्युत सेवाओं पर देखने को मिलेगा।

**दो सूत्री महत्वपूर्ण मांग :** वर्तमान सरकार के जन घोषणा पत्र के अनुसार विद्युत विभाग में ठेका प्रथा पूर्ण बंद किया जाए, कार्यरत ठेका श्रमिको को विभाग में समायोजित कर 62 वर्ष जॉब सुरक्षा दिया जाए। न्युनतम केन्द्रीय वेतनमान का लाभ प्रदान किया जाए, दुर्घटना बीमा एवं मृत्यु बीमा 15 लाख दिया जाए, काम से निकाले गए ठेका श्रमिको को बहाल किया जाए।

विद्युत ठेका कर्मी गोपाल मंडल ने बताया कि विद्युत ठेका कर्मचारियों के रूप में 15 वर्षो से कार्य कर रहा हूं उन्होंने बताया कि विगत चुनाव में हमारी मांगों को राज्य सरकार ने अपनी जन घोषणा पत्र में लिया था लेकिन अब तक हमारी मांगों को पूर्ण नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि हम लोग को काफी कम वेतन के भरोसे गुजारा करना पड़ता है, जबकि हमारे तकनीकी रूप से कार्य करते हैं इसके अनुसार हमारे काम के आधार पर हम लोगों को नियमित किया जाए। उन्होंने बताया कि हम लोगों को वेतन भी समय पर नहीं दिया जाता है। ठेका कंपनी के द्वारा हम लोगों को हमेशा वेतन भुगतान देरी से दिया जाता है, जिससे हमारी आर्थिक तंगी के कारण जीवन-यापन करने में हमें मुश्किलों का सामना करना पड़ता। इसलिए मजबूर होकर दो सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, जब तक हमारी मांगी पूरी नहीं होगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

विद्युत ठेका कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष तुलसीराम नाग ने बताया कि विद्युत ठेका कर्मचारियों की दो सूत्री मांगों को लेकर राज्य शासन से मांग करते आ रहे हैं, लेकिन हमारे मांगों को अनसुना किया जाता आ रहा है। उन्होंने बताया कि विगत चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी के द्वारा अपने जन घोषणा पत्र में हमारी दो सूत्री मांगों को शामिल किया गया था, जबकि सरकार का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है, हमारे मांगों को पूर्ण नहीं किया गया है, जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है, तब तक अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा।

## एक नजर

### निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर 27 को

**उत्तर बस्तर कांकेर 26 अगस्त।** जिला आयुर्वेद विभाग द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क जिला स्तरीय आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन 27 अगस्त दिन रविवार को नया बस स्टैण्ड कांकेर में प्रातः 08 से सायं 4.30 बजे तक किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं विधायक श्री शिशुपाल शोरी तथा नगर पालिका कांकेर के अध्यक्ष श्रीमती सरोज जितेन्द्र ठाकुर की अध्यक्षता में शिविर आयोजित की जायेगी। जिला आयुर्वेद अधिकारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आयुष स्वास्थ्य मेला में अपना स्वास्थ्य जांच कराकर इसका लाभ उठायें।

### कोंटा विधानसभा से कवासी लखमा ने भरा आवेदन



**सुकमा 26 अगस्त।** कोंटा विधानसभा क्षेत्र क्र. 90 (अ.ज.जा.) सीट से विधायक कवासी लखमा ने चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुकमा ग्रामीण के समक्ष अपना दावेदारी पेश किया।2023 विधानसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा 17 से 22 अगस्त तक आवेदन मंगाएं गए है। प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार ब्लाक अध्यक्ष के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया जाना था। कोंटा विधानसभा से विधायक कवासी लखमा ने सुकमा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सुनील यादव को आवेदन दिया। विधायक के दावेदारी के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

### अंत्यावसायी विभाग से मिला ऋण वाहन खरीदने का सपना हुआ पूरा

**सुकमा, 26 अगस्त।** छिंदगढ़ के ग्राम कांजीपानी निवासी रमेश मांझी, धोबनपाल निवासी चेरो दुवारी ने अंत्यावसायी विभाग की योजना का लाभ लेकर वाहन खरीदने का सपना पूरा किया है। घरेलू कार्य के साथ ही व्यावसायिक क्षेत्र में उपयोग में लाकर आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। जिससे परिवार में खुशहाली भी आने लगी है। हितग्राहियों को 09 जून 2023 को कैबिनेट मंत्री श्री कवासी लखमा ने वाहन की चाबी सौंपी थी। वाहन खरीदने का सपना पूरा होने पर उन्होंने शासन प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। ग्राम कांजीपानी के निवासी रमेश मांझी ने बताया कि वे ग्राम में किराना दुकान का संचालन करते हैं। दुकान के सामनों को लाने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। किराना सामानों को लाने ले जाने के लिए पीकअप वाहन खरीदने का सपना अंत्यावसायी विभाग की योजना से अब पूरा हो चुका है। पिकअप वाहन के मिलने से व्यवसाय के क्षेत्र में वृद्धि होने लगी है। जिससे आसपास के ग्रामों में भी किराना सामनों को पहुंचाने में सहूलियत हो रही है। साथ ही वाहन को मालवाहक वाहन के तौर पर उपयोग में लाने से अतिरिक्त आमदनी भी अर्जित हो रही है। वहीं धोबनपाल निवासी चेरो दुवारी ने बताया कि किराये का आटो चलाकर परिवार का जिम्मेदारी उठाया करते थे। परिचित व्यक्ति के सलाह पर उन्होंने जिला अंत्यावसायी विभाग में ऋण योजना का लाभ लेने आवेदन किया। जिससे कई वर्षो से अधूरी सवारी गाड़ी खरीदने का सपना अब पूरा हुआ हैं। साथ ही अब यात्रियों को बिना किसी इंतजार के ही उनके गंतव्य तक पहुंचाई जा रही है। वहीं वाहन बुकिंग के लिए भी ग्रामवासी सम्पर्क कर रहे हैं। जिससे आर्थिक सुदृढ़ीकरण को गति मिल रही है और स्वयं का सवारी वाहन होने से परिवार में भी खुशहाली आने लगी है। जिला अंत्यावसायी कार्यपालन अधिकारी श्री कुलेश्वर सेवता ने बताया कि कांजीपानी निवासी रमेश मांझी को आदिवासी अनुसूचित जनजाति के तहत 7 लाख 30 हजार रुपये से पीकअप वाहन और धोबनपाल निवासी चेरो को पेशेनज़र व्हीकल के तहत 7 लाख 19 हजार की राशि से सवारी वाहन प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि जिले के अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्गों के आर्थिक विकास की व्यक्तिमूलक योजनाओं का संचालन कर स्वरोजगार के लिए वित्तीय ऋण प्रदान की जाती है।

# संविधान के अनुच्छेद 275 के तहत संचित निधि के तहत रोजगार उपलब्ध कराएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**केशकाल 26 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की घोषणा पत्र में बेरोजगार युक्तियां को रोजगार देने की बात की थी पर अब तक छत्तीसगढ़ के बेरोजगारों को रोजगार नहीं दी जिला रोजगार के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराते हैं पर छत्तीसगढ़ से दूसरे राज्यों में भेज देते हैं जिसमें सरकार की लापरवाही के कारण छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं को स्थानीय रोजगार उपलब्ध नहीं कर पा रही है दूसरे राज्य में एक बाधक मजदूर की तरह जिला रोजगार मेला के माध्यम से जिला प्रशासन वहां भेज दिया जाता है और हमारे बेरोजगार युवा युक्तियों वहां 12 घंटा की ड्यूटी दिया जाता है जिसमें बहुत परेशानियों की सामना करना पड़ती है इसलिए सरकार और प्रशासन से हम चाहते हैं की बेरोजगारियों को रोजगार देने की बात करते हैं तो स्थानीय रोजगार दे अनुसूचित क्षेत्र में भारत के संविधान के अनुच्छेद 275 के तहत संचित निधि के तहत रोजगार उपलब्ध कराए। क्योंकि आदिवासी विकास के नाम से सरकार कई करोड़ों रुपया खर्च करती है फिर भी बस्तर के कई बेरोजगारी युवाओं एवं युक्तियां पलायन कर रहे हैं या उसकी प्रशासन के आड़ में रोजगार की बात करके दूसरा राज्य में भेज दिया जाता है जिसमें अंबेडकर राइट पार्टी ऑफ इंडिया के पदाधिकारी सुरुजलाल नेताम एवं सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी कैलाश मरकाम को कुमारी गीता नेताम सोमवार 7:30 बजे संपर्क किया गया फिर गीता नेताम बताया कि कोंडागांव रोजगार मेला के द्वारा सिक्योरिटी गार्ड हैदराबाद में हमारा चयन हुआ था और मनीष दास के माध्यम से हमें हैदराबाद ले गया फिर हमसे सिक्योरिटी गार्ड का ड्रेस 7250 फीस के रूप में लिया गया वहां से हमें ब्लूटूथ कंपनी में काम करने के लिए भेजा गया वहां के कर्मचारियों ने कहा यहां सिक्योरिटी गार्ड के लिए आपको नहीं बुलाया गया है आपको हेल्पर के रूप में काम करना पड़ेगा और लड़कियां नाराज होकर काम करने से मना कर दिया गया उन्होंने कहा कि हम सिक्योरिटी गार्ड के लिए कोंडागांव रोजगार मेला से हमारा चयन हुआ था वही जॉब करेंगे लेकिन हैदराबाद के कर्मचारी बदतमीजी से बात कर रहा था हमने कहा कि सिक्योरिटी गार्ड के जॉब करेंगे नहीं करना है तो यहां से चले जाओ फिर लड़कियां नाराज होकर अपना पैसा वापस मांगे उन्होंने साफ इंकार कर दिया कि हम आपका पैसा नहीं देंगे जाना है तो ऐसी चले जाओ फिर लड़कियों को हैदराबाद बस स्टैंड में बिना पैसे के छोड़ दिया गया।12:30 को दिन में छोड़ दिया गया। हमारे कोंडागांव के जिला प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता शैलेश शुक्ला के द्वारा हैदराबाद में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने गई लड़कियों को सहयोग प्रदान 7000 करके कोंडागांव वापस लाया गया। हैदराबाद में गई लड़कियों गीता नेताम दीपेश्वरी मरकाम दनबती रमशिला दीपिका इनमें से और 10 लोग हैदराबाद में फस गए हैं।

# कोण्डागांव में कबाड़ियों की दुकानों में छापामार कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोण्डागांव 26 अगस्त।** जिला कोण्डागांव में पुलिस अधीक्षक श्री वाय अक्षय कुमार भा0पु0से0 के निर्देशन में अति0 पुलिस अधीक्षक दौलतराम पोते के मार्गदर्शन व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव श्री निमितेश सिंह के नेतृत्व में कोण्डागांव पुलिस ने कबाडी दुकान से चोरी के संदेह में दो नग कार एवं 07 नग मीटर सायकल स्कूटर को किया गया जप्त। आज दिनांक 23.08.2023 दौरान टाउन पट्रोलिंग दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि फरमान एवं शान मोहम्मद कबाडी दुकान वाले अपने- अपने कबाडी दुकान मे कुछ संदिग्ध कार एवं मोटर सायकल रखे है जो चोरी का हो सकता है। सूचना मिलने पर फरमान कबाडी दुकान लोहरापारा कोण्डागांव मे पहुंचकर उसके दूकान को चेक करने पर कबाड़ी दूकान मे सेटो कार क0 सीजी0 04 एच बी 0746, एक्टिवा मोटर साय0 क सीजी 18 इ 3160 एक्टिवा मोटर साय0 के सीजी 27 ए 1740, स्कूटर मोटर सायक0 सी जी 17 जेड एच 0423, स्कूटर मोटर सायक ए पी 13 की 7108 एवं शान मोहम्मद कबाडी दुकान जामकोटपारा कोण्डागांव मे पहुचकर उसके दूकान को चेक करने पर कबाड़ी दूकान मे मारुती 800 कार क0 ओ0आर0 05 क्यू 4234, स्कूटर मोटर सायक0 सी जी 17 जेड ई 9229, स्कूटर मोटर सायक0 सीजी 12 एल एम 4065, स्कूटर मोटर सायक0 एम पी 04 एन एफ 1427 कबाकी दुकान में रखे मिले जिसे बरामद किया गया उक्त बरामद कार और मोटर सायकल रखने के सम्बंध में पूछताछ कर कबाड़ी दुकान संचालक फरमान एवं शाह मोहम्मद को वैध दस्तावेज पेश करने पृथक पृथक धारा 91 जा.फौ.. का नोटिस दिया गया । नोटिस में फरमान एवं शाह मोहम्मद के द्वारा वाहन का कोई वैध दस्तावेज नहीं होना लिखित में दिये। उक्त कार एवं मोटर सायकल को आरोपियों के कब्जे से गवाहो के समक्ष जप्त कर इस्त0 क 01.02/2023 धारा 41(1+4) जा0फौश/379 भादवि का इस्तमाशा तैयार किया गया है जो वास्तविक वाहन स्वामी की पता तलाश किया जा रहा है।



उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही निरीक्षक प्रहलाद यादव उप निरी0 अखिलेश धीवर, स0उ0नि0 लोकेश्वर नाग प्र0आर0 90 नरेन्द्र देहरी, म0प्र0आर0 190 विमला माला आर0 संतोष कोडोपी का विशेष योगदान रहा।

### स्थानीय बाजार की मांग के आधार पर रीपा की गतिविधियों का करें संचालनः प्रदीप शर्मा

**जगदलपुर 26 अगस्त।** मुख्यमंत्री के सलाहकार योजना नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास श्री प्रदीप शर्मा ने कहा कि स्थानीय बाजार की मांग आधारित रीपा की आर्थिक गतिविधियों का संचालन करें, ताकि आसानी से उत्पादों की बिक्री हो सके। उन्होंने इसके लिए बाजारों की मैपिंग की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री शर्मा शुक्रवार को कृषि कॉलेज के सभा कक्ष में रीपा और गोधन न्याय योजना की समीक्षा कर रहे थे। श्री शर्मा ने नगरनार के आसपास स्टील प्लांट से संबंधित छोटे-छोटे उत्पाद की मांग आधारित गतिविधियां रीपा में संचालित करने कहा। साथ ही बस्तर के प्राचीन वस्त्र कला को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने मिलेटस मिशन के तहत मैसूर के एक संस्था से हुए एमओयू का उल्लेख करते बस्तर में भी कुपोषित बच्चों के लिए मिलेट्स बार बनाने पर कार्य करने की सलाह दी। श्री शर्मा ने रीपा में उत्पादन किए सामानों को बाजारों में बेचने के लिए शेड निर्माण करने हेतु नाबार्ड से मिल रहे सहयोग का भी उल्लेख किया। बैठक में श्री शर्मा ने रीपा की गतिविधियों में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने कहा। साथ ही रीपा की गतिविधियों में वन और वनोपज आधारित एक्टिविटी, वनौषधि की एक्टिविटी को शामिल करने पर जोर दिया। बैठक में गोधन न्याय योजना के तहत स्वावलंबी गोठान, गोठानों में गोबर खरीदी की स्थिति, वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण और उठाव की समीक्षा की गई। श्री शर्मा ने 50 प्रतिशत लक्ष्य के साथ वर्मी कम्पोस्ट निर्माण और उठाव पर जोर दिया। उन्होंने गोठानों की दूरी गाँव से ज्यादा होने की स्थिति में गांव के बाहर गोबर खरीदी कर परिवहन चार्ज लेकर गोठान पर जमा करवाने कहा। महिला स्व सहायता समूह को अधिक से अधिक सहयोग कर वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय को बढ़ाएं।

## समाचार संक्षेप

### दिगर राज्य से शराब तस्करी करते 2 आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगढ़ 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



चिचोला - 24 अगस्त 2023 को पुलिस चौकी चिचोला प्रभारी निरीक्षक उमेश बघेल अपने स्टॉप के साथ ग्राम भ्रमण हेतु देहात गए हुए थे कि देवरी महाराष्ट्र की ओर से एक सफेद रंग के एक्सयूव्ही 500 कार में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब परिवहन करते ग्राम पाटेकोहरा की ओर रहा है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर दिशा-निर्देश प्राप्त कर थाना बोरतलाब, थाना बागनदी एवं थाना छुरिया में नाकाबंदी पाईट लगवाकर पाटेकोहरा आर0टी0ओ0 बैरियर के पास ग्राम रामपुर जी0ई0 रोड में नाकाबंदी लगाकर थाना बागनदी, बोरतलाब एवं छुरिया से समन्वय बनाकर नाकाबंदी की कार्यवाही किया गया जो नाकाबंदी कार्यवाही दौरान एक सफेद रंग की महिन्द्रा एक्सयुव्ही 500 क्रमांक- एमएच 49 एई 2767 आते दिखा जिसे रोकने का ईशारा किया जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था जिसे घेराबंदी कर रोककर कार में सवार दो व्यक्तियों को नाम पता पुछने पर चालक अपना नाम गोविन्द साहू पिता स्व0 नारायण साहू उम्र- 23 वर्ष निवासी मस्जिद के पीछे, ग्राम नारायणगढ़, ओ0पी0 चिचोला, जिला राजनांदगांव (छ0ग0) एवं वाहन के बगल सीट पर बैठा व्यक्ति द्वारा अपना नाम कंवलजीत भाटिया पिता स्व0 इन्दरजीत सिंग भाटिया उम्र- 38 वर्ष निवासी एकता चौक, बुधवारी पारा, वार्ड न0- 13, थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ0ग0) का होना बताया वाहन को चेक करने पर वाहन के पीछे सीट एवं डिक्की में (01) 10 कार्टून में मेकडॉवल न0-1 रिजर्व व्हीस्की ओरिजनल अंग्रेजी शराब म0प्र0 राज्य निर्मित प्रत्येक बोतल में 750-750 एमएल भरी हुई कुल बोतल - 120 नग कुल मात्रा- 90 बल्क लीटर किमती- 108000/-रू0 (02) 05 कार्टून में रॉयल स्टेज क्लासिक व्हीस्की शराब म0प्र0 राज्य निर्मित प्रत्येक कार्टून में 12-12 नग बोतल प्रत्येक बोतल में 750-750 एमएल भरी हुई कुल बोतल - 60 नग कुल मात्रा- 45 बल्क लीटर किमती- 66600/-रू0 (3) 05 नग विमल पान मसाला लिखा हुआ सफेद रंग के थैला में गोवा स्प्रीट ऑफ स्मुथ अंग्रेजी शराब म0प्र0 राज्य निर्मित प्रत्येक थैला में 24-24 नग बोतल भरी हुई प्रत्येक बोतल में 750-750 एमएल भरी हुई कुल बोतल- 120 नग कुल मात्रा- 90 बल्क लीटर किमती- 53400/-रू0 जुमला 300 नग बोतल अग्रेंजी शराब मात्रा- 225 बल्क लीटर किमती- 228000/-रू0 मिला जो उक्त शराब को एवं एक सफेद रंग की महेन्द्रा एक्सयुव्ही 500 क्रमांक- एमएच 49 एई 2767 किमती- 1500000/-रू0 को आरोपीगण के संयुक्त कब्जे से जप्त कर आरोपियों का कृत्य धारा- 34(2), 36 आबकारी एक्ट का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगण गोविन्द साहू एवं कंवलजीत भाटिया को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड में भेजा गया।

### गोठानों में जनभागीदारी एवं गोठान प्रबंधन तथा संचालन के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**जगदलपुर 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गोठानों में जनभागीदारी एवं गोठान प्रबंधन तथा संचालन हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सलाहकार योजना नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास श्री प्रदीप शर्मा ने कहा कि गोठान योजना की सराहना विश्व स्तर पर हो रही है। गोठान के माध्यम से बस्तर के गाँव की महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाते हुए बस्तर को हरा-भरा बनाना है। शर्मा ने कहा कि गोठान योजना के प्रारंभ में अधिकांश लोगों को आशंका थी कि बस्तर में गोठान नहीं चलेगा क्योंकि यहाँ जंगल अधिक है। सबसे अच्छा गोठान एवं स्वावलंबी गोठान बस्तर जिला में बना है। गोठान का मुख्य उद्देश्य गांव को बचाना है। गोबर खाद का उपयोग पुनः खेतों में किया जाना है। वर्तमान में अधिकांशतः रासायनिक खादों का उपयोग हो रहा है। गोबर खाद का उपयोग कर जमीन की उर्वर क्षमता को बढ़ानी है। बस्तर के किसान गोबर खाद का अधिक उपयोग कर रहे हैं। वर्मी कम्पोस्ट खाद का ज्यादा से ज्यादा उठाव किया गया है। यहां गोठानों में खाद का विक्रय से औसतन 01 लाख रुपए प्रति गोठान समिति के रूप में जमा किया है। इस राशि का उपयोग गोठान में शेड या आवारा पशु को चराने के लिए चरवाहा रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनाने में गांव की महिलाओं को गोबर खरीदी का लाभ मिला, साथ ही गोबर बेचने वाले को भी आर्थिक लाभ मिला। गोठान समिति को वर्मी कम्पोस्ट का खाद बनाने पर जोर देने की आवश्यकता बताई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे ने बताया कि जिले में 327 गोठन संचालित है जिनकों गोठान समिति द्वारा बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अवसर पर सीसीएफ वन्य प्राणी श्री पाण्डे, संचालक कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान श्री धम्मशील गणवीर, डीन आरएस नेताम, कृषि विभाग के उप संचालक राजीव श्रीवास्तव सहित गोठान समिति के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष व सदस्य और सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सरकार व अफसरों से लगाई गुहार कहा- विज्ञापन अनुसार ही हो पूरी भर्ती प्रक्रिया

# काउंसिलिंग से बीएड वालों को अलग रखना बेरोजगारों के साथ धोखा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 26अगस्त।** छत्तीसगढ़ में स्कूल शिक्षा विभाग एक तरफ शिक्षकों की समस्याओं से लगातार जूझ रहा है ऐसे में सरकार लगातार नियमो में बदलाव कर राजपत्र संसोधन कर नियमो को शिथिल कर रही है विषय बंधन को समाप्त कर दिया गया वही दूसरी तरफ सरकार ने अपने ही एक आदेश से लाखों बीएड धारी बेरोजगारों के भविष्य पर पानी फेर दिया ताजा मामला सहायक शिक्षक भर्ती 2023 से जुड़ा हुवा है हजारों की संख्या में सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती निकाला गया 05 मई 2019 के राजपत्र अनुसार सहायक शिक्षक के लिए न्यूनतम योग्यता बाहरवी पास व डीएड अथवा बीएड व टीईटी को पात्र माना गया सरकार के इसी राजपत्र के अनुसार अप्रैल माह के अंतिम में विभाग द्वारा भर्ती विज्ञापन निकाला गया पूरी भर्ती प्रक्रिया निर्देश का पालन करते लाखो की संख्या में बेरोजगारों ने आवेदन किया व्यापम ने पेपर लिया व परिणाम भी जारी कर मेरिट लिस्ट जारी कर दिया परिणाम जारी होने के बाद काउंसलिंग के एक दिन पूर्व कोर्ट के निर्देश का हवाला देते हुए लाखो बेरोजगारों को भर्ती प्रक्रिया काउंसलिंग से पृथक कर दिया गया जिससे बीएड धारी बेरोज़गार जो नौकरी की उम्मदी लगाए 2 साल मेहनत किये लाखो की फीस दिए उन सब मे शोक व आक्रोश की लहर दौड़ पड़ी है बेरोजगार युवा अब सड़को में निकल लगातार राजधानी में प्रदर्शन कर रहे है।




**नेता मंत्रियों ने किया मिलने से इंकार :** इस मामले में बीएड संघ के पदाधिकारियों ने जब नेतावो के दरवाजों पर अपनी फरियाद रखी तो वहां से भी निराशा हाथ लगी नेतावो ने मिलनै से ही इनकार कर दिया संघ के पदाधिकारी अब मुख्यमंत्री जी से गुहार लगाने न्याय की उम्मदी कर रहे है।

**विभाग व सरकार अपने ही आदेश से मुकर गए:** अभ्यर्थियों ने अपना दुःख जताते हुए कहा कि हम लोगो ने अपना सब संपत्ति लगा 2 साल मेहनत किया टेट पास किया विज्ञापन अनुसार सब प्रक्रिया किया लेकिन आज परिणाम के बाद काउंसिलिंग के पहले हमें बाहर कर दिया गया जो सरासर प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध है जबकि इस मामले में अंतिम आदेश विचाराधीन है अभ्यार्थियों ने बताया कि इसी नियम के तहत 3 वर्षो से शिक्षकों की भर्ती किया गया तो आज सब कैसे गलत हो गया अभ्यार्थियों ने अब कोर्ट में अपना पक्ष रखने की बात कही है।

## एक नजर

### मोबाइल मेडिकल यूनिट के नए यूनिट का अनावरण

खरसिया,26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा चलाए जा रहे मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट के नए यूनिट का अनावरण किया गया। कार्यक्रम नगरपालिका अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विक्रण भगत, जिला समन्वयक आशीष सिंह राजपूत और सूरज जांगड़े के उपस्थिति में किया गया।इस कार्यक्रम में नवीन मोबाइल यूनिट को पूजा अर्चना के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मोबाइल मेडिकल यूनिट की जानकारी क्षेत्र परियोजना अधिकारी गौरव उपाध्याय ने देते हुए बताया कि इससे पहले एक मोबाइल मेडिकल यूनिट खरसिया तथा घरघोडा दोनो जगहों पे चलती थी। जिसकी शुरुवात 2 अप्रैल 2022 से हुई। नई मोबाइल मेडिकल यूनिट खरसिया में चलेगी जिससे यहाँ के लोगो को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल पाएगा।अब तक खरसिया में लगभग 19000 हितग्राहियों का निशुल्क उपचार एवं 10500 का निशुल्क लैब टेस्ट व लगभग 18000 लोगो को निशुल्क दवा वितरण किया गया है।

### छत्तीसगढ़ी ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का समापन



खरसिया,26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। महात्मा गांधी महाविद्यालय में मुख्यमंत्री के निर्देशन में छत्तीसगढ़ी ओलंपिक खेल प्रतियोगिता 2023-24 का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। नगरपालिका द्वारा आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में सर्वप्रथम नगरपालिका अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा एवं मुख्यअतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात खेल प्रतियोगिता में पुसौर, धर्मजयगढ़, घरघोड़ा, किरोड़ीमल, लैलूंगा एवं नगर पंचायत के खिलाड़ियों ने खेल में भाग लिया और अपने अच्छे प्रदर्शन से मेडल और प्रशस्ति पत्र नगरपालिका अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा एवं नगरपालिका पार्षद व अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा प्राप्त किया। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील शर्मा ने उद्बोधन में कहा की छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार तथा युवा कल्याण एवं खेल मंत्री उमेश पटेल ने इस संस्कृति को बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ी ओलंपिक को प्रोत्साहन दिया।

### कांग्रेस नेताओं के संरक्षण में हो रहे सारे अनैतिक कार्य:सुधा साहू



महासमुंद,26 अगस्त। सत्ता संरक्षण में कांग्रेस के छोटे से लेकर बड़े नेताओं द्वारा हर तरह के गैर कानूनी कार्य किया जा रहा है। चाहे वह शराब की अवैध बिक्री हो, जुआ-सट्टा, रेत का अवैध उत्खनन हो। यह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा के महादेव सट्टा एप के साथ कनेक्शन से साबित होता है। आज छत्तीसगढ़ के हर जिले में कांग्रेस नेताओं, कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में सट्टा का कारोबार फल-फुल रहा है। अनैतिक कार्यों से पूरा प्रदेश का शांत फिजा आपराधिक माहौल में बदल चुका है। उक्त बातें भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू ने वक्तव्य में कही।श्रीमती सुधा साहू ने विज्ञप्ति में कहा कि महादेव गेमिंग ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में ईडी ने एएसआई चंद्रभूषण वर्मा और विनोद वर्मा का संबंध होने का दावा किया है। इसके अलावा ईडी का यह भी दावा है कि दुबई से हवाला के माध्यम से मोटी रकम हर महीने आते थे। जिसे चंद्रभूषण वर्मा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और राजनीतिक रूप से मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े नेताओं को संरक्षण राशि के रूप में वितरित कर रहा था। अब तक एएसआई चंद्रभूषण वर्मा को करीब 65 करोड़ रुपये नकद मिले थे।श्रीमती साहू ने कहा कि इस एप का तार विदेशों में माफियाओं से जुड़े होने का आशंका है। इस पूरे मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए से जांच करवानी चाहिए। इस एप के माध्यम से सरकार में बैठे लोगों को हर महीने करोड़ों पहुंचाई जा रही थी। इसी वजह से सरकार इस एप के संचालकों पर कार्रवाई करने से बच रही थी। राज्य पुलिस ने मई 2022 में पहली बार महादेव एप के मामले में एफआईआर दर्ज की, लेकिन एफआईआर की धाराओं को गैर जमानती से जमानती में बदल दिया गया। श्रीमती सुधा साहू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार युवाओं को जुए और सट्टे की बुराई में धकेल कर सैकड़ों हजारों करोड़ रुपए इकट्ठे करने वाले महादेव एप के प्रमोटर्स को संरक्षण देती रही है।

### अंतागढ़ से ताडोकी के मध्य नई रेल लाइन का निरीक्षण संपन्न

अंतागढ़,26 अगस्त। दल्ली राजहरा-रावघाट न्यू रेल लाइन, परियोजना के अंतर्गत अंतागढ़- ताड़ोकी लगभग 18 किलोमीटर नवनिर्मित रेल लाइन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सी आर एस महोदय के साथ बिलासपुर जोन के अधिकारी, मंडल रेल प्रबंधक/रायपुर, मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेसुब/रायपुर तथा रेल विकास निगम लिमिटेड, तथा छत्तीसगढ़ शासन/पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे। इस दौरान ताडोकी से अंतागढ़ तक स्पीड ट्रायल रेसुब पोस्ट दुर्ग के अधिकारी व बल सदस्य अंतागढ़, भानुप्रतापपुर में भी तैनात रहे। इस दौरान रेसुब/रेसुविब, स्थानीय पुलिस स्स्क्व्स्स्र के बल सदस्य पर्याप्त संख्या में बल अंतागढ़ से ताडोकी तक सुरक्षा बंदोबस्त ड्यूटी पर तैनात रहे। ट्रैक के दोनों और एसएसबी द्वारा सुरक्षा प्रदान किया।

---

जीएल साहू ने संभाली खरसिया चौकी की कमान

# अपराधों पर लगेगा अंकुश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



खरसिया,26 अगस्त। खरसिया चौकी में चौकी प्रभारी के रूप में उप निरीक्षक जी.एल. साहू ने पदभार संभाल लिया है। उप निरीक्षक जी. एल. साहू इससे पूर्व धमतरी जिले में पदस्थ थे। चौकी प्रभारी के रूप में अनुभवी अधिकारी की पदस्थापना से अपराध दरों में निश्चित तौर पर कमी आयेगी। नये चौकी प्रभारी से उम्मीद जगी है कि वे आम जनता से मधुर संबंध बना कर अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने में सफल होंगे। बहरहाल नगर में हो रही चोरियों को रोकना तथा खरसिया नगरवासियों को भय मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना नए चौकी प्रभारी के लिए उतना आसान भी नहीं होगा।

गौरतलब है कि पुलिस कप्तान ने धमतरी से आये अनुभवी उप निरीक्षक जी.एल. साहू को खरसिया चौंकी की कमान सौपी है। रायगढ़ जिले में यह उनकी पहली पदस्थापना है। आरक्षक के रूप में अपनी पारी की शुरूआत करने वाले उप निरीक्षक जी. एल. साहू 25 वर्षो से पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे है। उन्होंने धमतरी जैसी जगह पर लंबे समय तक अपनी सेवाएं दी है। इससे पूर्व वे खल्लारी थाना प्रभारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे थे। वे जगदलपुर, कोण्ड़ागांव, धमतरी जैसी जगहों में कार्य कर चुके हैं। उप निरीक्षक जी.एल. साहू खरसिया चौकी की कमान संभालते हुये नगर के पत्रकारों से रूबरू हुये तथा क्षेत्र तथा क्षेत्रवासियों के व्यवहार एवं पीड़ितों के कमजोर मनोबल के कारण बढ़ते अपराधों के संबंध में चर्चा की। पत्रकारों से चर्चा करते हुये नव पदस्थ चौकी प्रभारी ने कहा की खरसिया मेरे लिये नयी जगह है, यहां आम जनता के सहयोग से उनके साथ मधुर संबंध बना कर कानून के प्रति व्याप्त भ्रम को दूर करना, पुराने लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के साथ-साथ अधिकारीयों के मार्गदर्शन पर कार्य करते हुये अपराध तथा अपराधियों पर अंकुश लगाकर पूरे क्षेत्र में कानून व्यवस्था और पुलिस के प्रति भरोसा पैदा करना मेरी प्राथमिकता है, साथ ही चौकी क्षेत्र में चल रहे जुआ, सट्टा, शराबखोरी जैसी सामाजिक बुराईयों को भी बहुत शिद्दत के साथ समाप्त किया जायेगा। अनुभवी अधिकारी की पदस्थापना से जहां नगर के अपराधियों में हडकंप व्याप्त है वहीं क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि नगर के अपराध में निश्चित तौर पर कमी आयेगी, अपराधियों के हौंसले पस्त होंगे और क्षेत्र में अमन चैन कायम होगा।

## जिला बनाने के पोस्टर ने प्रशासनिक अमले में मचायी खलबली

पत्थलगांव, 26 अगस्त। आज सुबह सोशल मीडिया मे जिला बनाने का पोस्टर वायरल होते ही प्रशासनिक अमले मे खलबली मच गयी,इस पोस्टर मे सर्व समाज की ओर से 03 सितंबर दिन रविवार को जिला बनाने की मांग को लेकर विशाल रैली निकाले जाने की बात लिखी गयी है। हालांकि पोस्टर मे किसी भी आयोजनकर्ता का नाम दर्ज नही है,पोस्टर के अनुसार रैली मे सभी जनप्रतिनिधि,समाजिक कार्यकर्ता,मजदुर संगठन, व्यापारी वर्ग एवं किसान भाईयों को शामिल होने की अपिल की गयी है,पोस्टर मे पत्थलगांव के अलावा कांसाबेल,लैलूंगा,बागबहार,कोतबा,कापू,धरमजयगढ क्षेत्र के भी लोगो से रैली मे शामिल होने की बात लिखी गयी है,इस पोस्टर के सोशल मीडिया मे वायरल होते ही प्रशासनिक अमले के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों मे भी हलचल मची हुयी है,यदि रैली का आयोजन होता है तो चुनाव से पूर्व मौजुदा सरकार के लिए यह एक चुनौती साबित हो सकती है,जिसे लेकर प्रशासनिक अमले द्वारा अब पोस्टर जारी करने वाले की जांच पडताल शुरू कर दी गयी है। हालांकि जिला बनाने को लेकर लंबे समय से क्षेत्रवासी मांग करते आये है। दस वर्ष पूर्व भाजपा की सरकार के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने पत्थलगांव को विधायक देने पर जिला बनाने की घोषणा की थी,परंतु उन्होने भाजपा का विधायक मिलने के बाद भी अपनी कही बात पूरी नही की।।

**जागी थी उम्मीद-**:प्रदेश मे कांग्रेस की सरकार बनने के बाद क्षेत्रवासियों को कांग्रेसियों से जिला की उम्मीद जगी थी। क्षेत्रवासियों ने नयी सरकार बनते ही यह मांग बेहद जोर शोर से उठायी थी,परंतु उस दौरान भी क्षेत्रवासियों की मांग पर कोई ठोस निर्णय नही लिया गया। शहर के लोगो ने सी.एम भूपेश बघेल के आगमन पर भी जिला बनाने की मांग बुलंद की थी। शहर को जिला बनाने की मांग लंबे अर्से से चली आ रही है,जिसमे अनेक बार आश्वासन मिल चुका है,आस-पास के जिलो की दूरी अधिक रहने के कारण क्षेत्र के लोगो को जरूरी कामो के लिए काफी परेशानी उठानी पडती है,इसलिए हमेंशा जिला बनाने की मांग उठते आयी है। सोशल मीडिया मे वायरल पोस्टर ने एक बार फ़िर इस मांग पर से दबी धूल की परतो को हटा दिया है।

# बोल बम के जयघोष के साथ गंधेश्वर महादेव का सहस्त्र जलधारा अभिषेक



महासमुंद, 26 अगस्त। बोल बम सेवा समिति महासमुंद, सिरपुर व जलकी के तत्वावधान में सिरपुर स्थित श्री गंधेश्वर महादेव का सहस्त्र जलधारा अभिषेक शुक्रवार 25 अगस्त को किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य जजमान के रूप में जिला पंचायत सभापति अमर अरुण चंद्राकर के परिवार ने अपनी सहभागिता निभाई। पूजन कार्य में किशोर चंद्राकर, राजेश सोनकर ने जोड़े में शामिल हुए। इस दौरान मंदिर परिसर बोल बम,हर हर महादेव के जयघोष से गूंजायमान होता रहा। मोर भंगिया यार को मनाई दे की धुन पर अभिषेक उपरांत श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। सहस्त्र जलधारा अभिषेक के लिए मंदिर परिसर से महानदी तक मानव श्रृंखला बनाया गया था। जिसके माध्यम से लगातार जल महानदी से मंदिर परिसर पहुंचता रहा। एक ओर से खाली बाल्टिया महानदी तट पर जा रही थी तो दूसरी ओर से भरी बाल्टियों में जल मंदिर पहुंच रहा था। दोपहर करीब 3 बजे से पुजारी धर्मेंद्र, अमन गिरी गोस्वामी ने विधि विधान से अभिषेक कार्य प्रारंभ किया। दो घंटे तक अनवरत जलधारा के माध्यम से बाबा गंधेश्वर नाथ का अभिषेक किया जाता रहा। पूजन सामग्रियों के अलावा 251 क्विंटल दूध की व्यवस्था अभिषेक व प्रसाद के लिए किया गया था। उपस्थित जनों को शिव प्रसाद का वितरण किया गया, साथ ही बोल बम परिसर में भंडारे की व्यवस्था भी की गई थी। जिसमें उपस्थित दर्शनार्थियों ने प्रसाद ग्रहण किया। अभिषेक कार्यक्रम में भाग लेने महासमुंद, जलकी मालीडीह सिरपुर समेत आसपास से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में बोल बम सेवा समिति सिरपुर जलकी महासमुंद के सदस्य गण थनवार यादव, बाबूलाल साहू सुंदरलाल साहू दुलरवा धीवर, ईश्वर साहू, दीपक सोनी, दीपक साहू रेवाराम सेन, मंदिर ट्रस्ट कमेटी के मैनेजिंग ट्रस्टी दाउलाल चंद्राकर, मंगलू ढीमर, नुकेश चंद्राकर समेत द्वारका साहू, दुर्गा साहू, संतोष साहू, चमन साहू प्यारेलाल सिन्हा,खोरबाहरा ध्रुव, निहाल सोनकर, ताराचंद, मोतीराम चौधरी, मनीष पटेल, गोलू चौधरी, गोपीचंद चौधरी, लेखराम चौधरी, पीतांबर पटेल, गिरधारी पटेल, कृष्ण कुमार पटेल आदि मौजूद थे।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिला मुख्यालय में 29 को व्हॉलीबाल मैच

महासमुंद, 26 अगस्त। खेल के प्रति बच्चों में रुझान बनाने के लिए हर साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय खेल दिवस पर ज़िला मुख्यालय सहित ज़िले के अन्य जगह इंडोर, आउटडोर एवं मनोरंजनात्मक गतिविधियां आयोजित होंगी। इन खेल गतिविधियों में ज़िले के हर आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल होंगे। खेल का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा आयोजित किए जाएँगे। खेले गये खेल, गतिविधियों की फ़ोटो, वीडियो आदि इंडिया पोर्टल पर अपलोड किए जायेंगे। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि विभिन्न इंडोर, आउटडोर एवं मनोरंजनात्मक गतिविधियां जैसे वॉक/दौड़, व्हालीबाल, हॉकी, फुटबाल, टेनिस बाल, क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, बास्केटबाल, टेबल टेनिस, रस्साकसी, नींबू/बोरा दौड़, रस्सीकूद, खो-खो, लंगडी दौड़, प्लंक चैलेंज एवं अन्य लोकप्रिय एवं स्थानीय खेल कराया जाएगा।

## स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र-छात्राओं को दी गई नियम-कानूनों की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बीजापुर, 26 अगस्त। मावा पुलिस केतुल के तहत स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र- छात्राओं को तृतीय लिंग, साइबर अपराध, गुड टच बैड टच के साथ यातायात नियमों, सड़क दुर्घटना के कारणों, यातायात संकेतो एवं चिन्हों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। यातायात नियम एक ऐसा विषय है जिसकी जानकारी के अभाव में दुर्घटना घटित होती है। इन दुर्घटनाओं से बचाव हेतु यातायात नियमों की जानकारी ही नहीं अपितु नियमों का पालन करना भी आवश्यक हे । उप पुलिस अधीक्षक श्री विनीत साहू द्वारा तृतीय लिंग एवं पुलिस प्रशासन व्यवस्था के सबंध में बच्चों को जानकारी दी गई । यातायात शाखा से श्री अवध राम सिन्हा द्वारा यातायात नियमों की जानकारी के अभाव में दुर्घटना घटित होती है दुर्घटना से बचाव हेतु चौक चौराहा पार करने का नियम ट्रैफिक सिग्नल लाइट हाथों के संकेतों के माध्यम से यातायात संचालन हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, नाबालिक का वाहन नहीं चलाना, वाहन का संपूर्ण दस्तावेज होने पर वाहन चलाना, दो पहिया वाहन में तीन सवारी ना चलाना, वाहन चलाते समय मादक द्रव्यों का सेवन ना करना, तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन ना चलाना, प्रेशर हॉर्न का उपयोग ना करना वाहन चलाते, समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, जेबरा क्रॉसिंग से गुडसेमेरिटन, दुर्घटना के कारण व दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्य सड़क पर वाहन चलाने की सही तरीके के साथ यातायात के अनिवार्य आदेशात्मक संकेत, चेतावनी एवं सूचनात्मक संकेत से संबंधित जानकारी दिया गया ।उप निरीक्षक श्री राजेंद्र कंवर द्वारा साइबर फ्रॉड, एटीएम फ्रॉड, और अन्य ऑनलाइन फ्रॉड के सम्बन्ध मे जानकारी व बचाव के तरीको को बताया गया । सउनि श्रीमति पूनम शर्मा द्वारा बच्चों को गुडटच-बेडटच एवं अभिव्यक्ति मोबाईल एप के सबंध में बच्चों को जानकारी दी गई । नरवेद सिंह, जिला संगठक भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा रेड क्रॉस का उद्देश्य व रक्त दान के नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। श्रीमति सुनिता तामड़ी, केन्द्र प्रशासक सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिला संबंधी अपराध पर कानूनी प्रावधान से संबंधित जानकारी बच्चों को दी गई । स्कूली बच्चों को खेल सामग्री वितरण किया गया।

# खरसिया व रायगढ़ क्षेत्र के 318 पशुओं को लगाया गया रेडियम बेल्ट



रायगढ़, 26 अगस्त। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर पशुओं से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से जिले में खुले में विचरण करने वाले पशुओं के गले में रेडियम बैंड एवं टैगिंग का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। जिसके तहत राष्ट्रीय, राज्य राजमार्ग एवं प्रमुख मार्ग पर पाये जाने वाले घुमन्तु पशुओं के विस्थापन हेतु पशुधन विकास विभाग रायगढ़ द्वारा आगामी दिनों विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत राष्ट्रीय, राज्य राजमार्ग एवं प्रमुख मार्गो पर पाये जाने वाले घुमन्तु पशुओं को रेडियम बेल्ट एवं टैगिंग के साथ ही पशुपालकों को जागरूक भी किया जाएगा। इसी कड़ी में बीते 24 अगस्त की रात्रिकाल में विकासखण्ड खरसिया के ग्राम-बरगढ़, छोटे देवगांव, बोतल्दा, चपले तथा खरसिया नगर, विकास खण्ड तमनार अंतर्गत ग्राम तमनार, धौराभांठा तथा रायगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत ट्रांसपोर्टनगर आदि क्षेत्रों में एक साथ अभियान चलाया गया। जिसमें कुल 318 पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाया गया एवं टैगिंग किया गया। साथ ही विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पशुपालकों को अपने पशुओं को खुले में नहीं छोड़ने हेतु जागरूक किया गया। जिले में आज अब तक कुल 2417 पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाया गया है तथा 2559 पशुओं में टैगिंग किया गया है एवं 783 पशुओं को सड़कों से गौशाला, गौठान एवं अन्य जगहों पर विस्थापित किया गया है।

### चलेगा विशेष अभियान

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 28 अगस्त से 3 सितम्बर 2023 तक राष्ट्रीय, राज्य राजमार्ग एवं प्रमुख मार्गो पर पाये जाने वाले घुमन्तु पशुओं को रेडियम बेल्ट लगाने एवं टैगिंग के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही विभाग द्वारा पशुपालकों के व्यवहार परिवर्तन हेतु ग्रामों, वार्डों में शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, ताकि पशुपालकों को पशुओं के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें पशुओं को खुले में न छोड़ने तथा घर में ही बांधकर रखने हेतु आग्रह किया जा रहा है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं के साथ ही पशुओं को भी सुरक्षित रखा जा सके।

### जिले के समस्त विकासखण्डों में मनाया जा रहा राष्ट्रीय नेत्र दान पखवाड़ा

रायगढ़, 26 अगस्त। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में 25 अगस्त से 08 सितम्बर 2023 तक रायगढ़ सहित समस्त विकासखण्डों में नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तारतम्य नेत्र सर्जनों एवं विकासखण्ड के समस्त नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा नेत्रदान एवं अंधत्व के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया जा रहा है कि कार्निया में किसी भी प्रकार के चोट लगने से सफेदी हो जाती है जिसका उपचार कार्नियल ट्रॉसप्लांट कर दृष्टि वापस लायी जा सकती है ।

---

## समाचार संक्षेप

### बिना लेबल के पैक्ड खाद्य सामग्री बेचने वालों पर की जाएगी कार्रवाई



बीजापुर 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। एफएसएसएआई ने मिठाई विक्रेताओं के लिए पूर्व में निर्देश जारी किए हैं जिसके अनुसार उन्हें अपनी दुकानों में मिठाई के डिस्प्ले काउण्टर में सजी मिठाई की ट्रे पर मिठाई की निर्माण तिथि एवं मिठाई कब तक उपयोग में लाई जा सकती है, इस तिथि का उल्लेख अनिवार्य है। किन्तु अनेक मिठाई विक्रेता इस निर्देश का पालन नहीं कर रहे हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग के अभिहित अधिकारी सह एसडीएम बीजापुर श्री पवन कुमार प्रेमी द्वारा सभी खाद्य विक्रेताओं को अपील की गई है कि वे एफएसएसएआई के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। बिना लेबल वाली खाद्य सामग्री का विक्रय न करें। लेबल में खाद्य पदार्थ के निर्माण तिथि, उपयोग की तिथि एवं निर्माता फर्म के पूर्ण पता का उल्लेख अनिवार्य रूप से होना चाहिए। यदि निर्माता। फर्म का पूर्ण पता एवं खाद्य पदार्थ के निर्माण की तिथि उल्लेखित नही पाई जाएगी तो संबंधित विक्रेता की पूर्ण जिम्मेदारी मानते हुए उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा बीजापुर शहर के मिठाई दुकानों में निरीक्षण कर मिठाईयों का नमूना संकलित किया गया। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री आशीष यादव द्वारा बताया गया कि खाद्य नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अमानक पाए गए प्रकरणों पर न्यायालयीन कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम श्री पवन कुमार प्रेमी द्वारा जानकारी दी गई कि आगामी रक्षाबंधन त्यौहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम जिले के सभी क्षेत्रों के मिठाई दुकानों में विशेष रूप से निगरानी जारी रहेगी एवं जिन दुकानों में मिठाई की ट्रे पर मिठाई की निर्माण तिथि एवं मिठाई के उपयोग की तिथि का उल्लेख नहीं पाया जाएगा उन पर कार्यवाही की जाएगी। त्यौहारी सीजन में प्राय: यह भी देखा जाता है कि त्यौहार के दो दिन पूर्व सड़क के किनारे अनेक लोग जो खाद्य लाईसेंसी नहीं है, वे पण्डाल लगाकर मिठाई के अस्थायी स्टाल/दुकान सजाकर व्यापार करते हैं। ऐसे सभी लोगों को स्पष्ट निर्देश एवं कड़ी चेतावनी दी जाती है कि वे अपना दुकान लगाने से पूर्व अनिवार्य रूप से खाद्य पंजीयन या खाद्य लाईसेंस लेकर ही खाद्य कारोबार प्रारंभ करें। निरीक्षण के दौरान बिना खाद्य लाईसेंस वाले ऐसे अस्थायी स्टाल धारकों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए उनके स्टाल हटाने की कार्यवाही के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन की टीम बाध्य होंगे।



### विक्रम मंडावी ने तोयनार पंचायत में 84 लाख रुपयों के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

बीजापुर 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी शुक्रवार को भैरमगढ़ ब्लॉक के तोयनार पंचायत के दौरे पर रहे इस दौरान उन्होंने तोयनार ग्राम पंचायत में 84 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण किया है। जिसमें सीसी सड़क, नवीन पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन और हैण्डपंप आदि निर्माण कार्य शामिल है। वहीं विधायक विक्रम मंडावी ने ग्राम केतुलनार में माता गुडी का भूमि पूजन भी किया है जिसकी लागत पाँच लाख रुपये है। इसके बाद विधायक विक्रम मंडावी जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों की समस्याओं को सुना और समस्याओं के जल्द निराकरण करने का भरोसा ग्रामीणों को दिया। इस दौरान ज़िला पंचायत सदस्य पार्वती कश्यप, जनपद अध्यक्ष दशरत कुंजाम, उपाध्यक्ष सहदेव नेगी, सांसद प्रतिनिधि सीताराम माँझी, आईटी सेल के नेता मोहित चौहान सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### एरिया डॉमिनेशन के दौरान चेरकडोडी जिनेलपारा से 1 मिलिशिया सदस्य गिरफ्तार



बीजापुर 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 24/08/2023 को थाना आवापल्ली एवं केरिपु 229/डी समवाय की संयुक्त टीम एरिया डॉमिनेशन पर चेरकडोडी की ओर निकली थी ।अभियान के दौरान चेरकडोडी जिनेलपारा से 01 माओवादी मिलिशिया सदस्य राजेश चापा पिता स्व0 सुरैया चापा उम्र 35 वर्ष जाति दोरला साकिन चेरकडोडी जिनेलपारा थाना आवापल्ली जिला बीजापुर को पकड़ा गया । जो थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 31/05/2006 को चेरकडोडी के ग्रामीण की हत्या में शामिल था । उक्त के विरूद्ध थाना आवापल्ली में 02 स्थाई वारंट लंबित है । पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना आवापल्ली में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया ।

### नक्सल विरोधी अभियान के साथ जन सुविधा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता



बीजापुर 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 229 वाहिनी 28 जनवरी, 2023 से सिलगेर कैम्प लगने के बाद से आज तक लगभग 3000 से ज्यादा लोगो का ईलाज कर चुकी है तथा सिलगेर एवं आसपास के लोगों के स्वास्थय सम्बधी समस्याओं का निपटारा करतें हुए बहेतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने में अहम योगदान दे रही है जिसमें जिला प्रशासन बीजापुर व स्वास्थ्य विभाग बीजापुर व सुकमा का सहयोग भी सराहनीय रहा है ।वही विगत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर 22 वर्षो के अंतराल के बाद सिलगेर में शिक्षा का बिगुल बजाकर एक नया उदाहरण प्रस्तुत कर 229 वी वाहिनी ने यह सिद्ध कर दिया कि नक्सल विरोधी अभियानों के साथ-साथ जन-सेवा भी उनका एक मुख्य उद्देश्य रहा है ।आज दिनांक 25 अगस्त, 2023 को वाहिनी कमाण्डेंट श्री पुश्पेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में सी.आर.पी.एफ स्कूल सिलगेर एवं प्रथामिक शाला बेदरे के लगभग 100 बच्चों की पूर्ण चिकित्सा जॉच वाहिनी के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शरथ एम द्वारा की गई तथा उन्हे दवाईयॉ का वितरण भी किया गया। साथ ही बच्चो को दिनचर्या में के लिए भी जागरूक किया जिससे कि बीमारियों से बचा जा सकें ।उक्त चिकित्सा जॉच शिविर का आयोजन सी.आर.पी.एफ स्कूल सिलगेर में किया गया जिसमें 229 वी वाहिनी के कम्पनी कमांडरों श्री प्रकाश चन्द्र राय सहा0कमा0, श्री जाधव राहूल अशोक सहा0कमा0, श्रीमती वर्षा अरूण शर्मा सहा0कमा0 के अलावा दोनो स्कूलो के गुरूजन तथा गॉव के गणमान्य व्यक्ति मौजद रहे। इस अवसर पर सभी स्कूली बच्चों के लिए दोपहर भोजन की भी व्यवस्था की गई । भविष्य में बच्चों के अभिभावको को भी बच्चों के साथ बुलाकर चिकित्सा सम्बंधी जानकारी साझा करने व बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के प्रयास जारी रखे जाऐगें।

## एक नजर

### कांग्रेस-बीजेपी को फिर देंगे मात प्रमोद शर्मा, कार्यकर्ता सक्रिय



**तिल्दा-नेवरा, 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुहेला ब्लॉक के बैठक में सैकड़ो कार्यकर्ता हुए शामिल पार्टी प्रवेश को लेकर सब ने दी अपनी अपनी राय। अंत में सभी ने कहा की विधायक प्रमोद शर्मा जो भी फैसला लेंगे उस फैसले का सभी कार्यकर्ता समर्थन करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं ने चुनाव पुनः लड़ने के पक्ष में अपनी राय रखी और दोनों पार्टी से टिकट न मिलने की स्थिति में निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए भी कार्यकर्ताओं ने ताल ठोका। हर मंडल की बैठको में प्रमोद शर्मा समर्थक उत्साह में है कार्यकर्ताशर्मा के साथ है बीजेपी में आने वर्षो से चर्चा चली आ रही है लेकिन पार्टी में निशर्त आने के संकेत मिले तो दूसरी ओर कांग्रेसी भी नही चाहै की शर्मा काग्रेस में आए इस कारण कार्यकर्ता निर्दलीय चुनाव लड़वाना कहा है सभी कार्यकर्ताओं को विधायक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बिहान कैंटीन का शुभारंभ



**छुरा, 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनपद पंचायत छुरा के मनरेगा कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्राम पाटसिवनी के जय महालक्ष्मी स्व सहायता समुह के द्वारा बिहान कैंटिग का हुआ शुभारम्भ जनपद पंचायत सीईओ अमजद जाफ्री ने फीता काटकर किया। इस कैंटिंग के माध्यम से छुरा जनपद क्षेत्र वाशियों को अपेक्षा की है छुरा में आए हुए प्रवासी को नाश्ता व भोजन आदि की आपूर्ति की जाएगी। बिहान कैंटिंग में समुह के महिलाओ के द्वारा संचालित की जा रही है यहां पर घर जैसे नाश्ता, भोजन व्यंजन आदि आर्डर से बनाकर मार्केट से कम दाम में उपलब्ध कराएंगे। इस गतिविधि कैंटिंग संचालन से स्वं सहायता समूह की महिलाओ को आर्थिक स्वावलंबन होगा। वहीं इसे देखकर अन्य समूह भी प्रेरित होंगे। इस अवसर पर आर के ध्रुव डीईओ, सुभाष निर्मलकर, बीपीएम कपिल नायक पीओ, स्नेहांशु मिस्त्रीय, घनश्याम, नोहेंद्र, मनोज स्व सहायता समूह से हुलसी ध्रुव, पुष्पा ध्रुव, रामेश्वरी, गायत्री, चूमेश्वरी, यशोदा, धर्मिता, तुलसी, कुलेश्वरी, एस कुमारी आदि उपस्थित रहे।

### चंद्रयान की सुरक्षित लैंडिंग पर छुरावासियों ने मनाई खुशी



**छुरा, 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर में स्वर्ण जयंती चौक बजरंग चौक पर युवाओं द्वारा चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफल लैंडिंग के लिए समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई दक्षिण ध्रुव पर उतारने वाला पहला देश बना हमारा भारत जय हिंद जय भारत इसरो के वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और लगन का फल है यहां गौरवपूर्ण देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई सबसे आगे हिंदुस्तानी भारत माता की जय वंदे मातरम हिंदुस्तान जिंदाबाद हिंदुस्तान जिंदाबाद युवाओं द्वारा पटाखे फोड़ कर आतिशबाजी कर मिठाइयां भी बांटा गया एवं एक दूसरे को खुशी में मिठाई भी खिलाया गया 7 मानसिंह निषाद शीतल ध्रुव समाजसेवी सौरभ सारडा मेश नंदन पांडे भोला पांडे नथमल शर्मा नारायण पटेल रामशरण पुरैना इमरान मेमन पीलेश्वर पटेल शिव ठाकुर नरेंद्र पटेल गोपाल सोनी विशाल कोठारी मयंक सोनी बलराज पटेल कमलेश सेन दुर्गेश साहू नगर के युवा साथी उपस्थित थे।

# लक्ष्य केवल आकाश नहीं, पूरा ब्रह्मांड हो सकता है : आनंद महलवार

### दीक्षारंभ कार्यक्रम का सफल आयोजन, आईएसबीएम विवि में सम्पन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 26 अगस्त।** शिक्षा सत्र 2023-24 में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय दीक्षारंभ कार्यालय का आयोजन आईएसबीएम विश्वविद्यालय के परिसर में हुआ। दीक्षारंभ कार्यक्रम विद्यार्थियों को परिसर के साथ-साथ शिक्षक एवं शैक्षणिक वातावरण व संस्कृति से भली-भांति परिचित कराता है। इसे अपनाकर विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को निखार कर आगे बढ़ सकते हैं। इस निर्धारित उद्देश्य के लक्ष्य के साथ कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया।मुख्यअतिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. आनंद महलवार, विश्वविद्यालय कुल सचिव डॉ.बी.पी.भोल, ज्वाइंट रजिस्ट्रार डॉ. रानी झा, शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन कुमार स्वामी, छात्र कल्याण अधिष्ठात्री डॉ. पूनम वर्मा सहित सभी शिक्षा संकाय उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विवि कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने कहा कि, यह कार्यक्रम प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गौरवान्वित करने वाला है। हमारे विश्वविद्यालय में विविध संकायों में पाठ्यक्रम संचालित हैं। छत्तीसगढ़ के इस वनांचल में स्थापना के साथ-साथ उच्च शिक्षा के स्तर को प्रतिवर्ष बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। हमारे विश्वविद्यालय के युवा, कर्मठ और अनुभवी प्राध्यापकों के द्वारा आपके रोजगारोन्मुखी कौशल के लिए तैयार किया जात है। इसी क्रम में हम आपके प्रोफाईल, प्रोग्रेस, प्रोसेस और प्रॉमिस के साथ आपको शिक्षा देने का प्रयास करते है। यह प्रत्येक छात्रों का दायित्व है कि वह निरंतर मेहनत करें और उच्च सेवा क्षेत्रों में कार्यरत हों। पहले केवल आकाश को लक्ष्य माना जाता था, लेकिन वर्तमान दौर में हम चांद पर पहुँच चूके हैं। पूरा ब्रम्हांड आपके लक्ष्यों के लिए असीम संभावनाओं के साथ तत्पर खड़ा है। प्रत्येक क्षण आपको विद्या ग्रहण करना है। कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने विश्वविद्यालय में संचालित बहुमुखी रोजगार एवं कौशल उन्नयन पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि, आप सभी नव प्रवेशित विद्यार्थियों का लक्ष्य ज्ञानार्जन करना है और कौशल उन्नयन के साथ सुनहरे भावी कल को मूर्त करना है। वर्तमान नवीन शिक्षा पद्धति-2020 आपको इसी उद्देश्यों के लिए प्रेरित करता है।कार्यक्रम के अगली कड़ी में विभिन्न शैक्षणिक संकायों के विभागाध्यक्षों ने अपने विभागों के पाठ्यक्रम, गतिविधियों एवं शैक्षणिक उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज्वाइंट रजिस्ट्रार डॉ. रानी झा ने विद्यार्थियों के शिक्षा और नौकरी के बीच महत्वपूर्ण पड़ाव परीक्षा की जानकारी देते हुए, विभिन्न कौशल उन्नयन क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने परीक्षा विभाग के विभिन्न कार्यो का उल्लेख करते हुए जानकारियां नवप्रवेशितों को दी।छात्र कल्याण अधिष्ठात्री डॉ.पूनम वर्मा ने कहा कि, विश्वविद्यालय में सभी विद्यार्थी एक परिवार की तरह है। विद्यार्थियों को लगातार मेहनत के साथ-साथ सफलता के लिए धैर्य रखना आवश्यक है।

शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ.एन.कुमार स्वामी ने कहा कि विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करते रहना चाहिए। क्योंकि आज के विद्यार्थी कल के सुनहरे भविष्य हैं। इसके पश्चात् विश्वविद्यालय के नव प्रवेशित विद्यार्थियों को पूरे परिसर का भ्रमण कराया गया।

### कोतवाली पुलिस ने की बहुचर्चित श्रम विभाग फर्जीवाड़ा में दूसरी गिरफ्तारी

# श्रम विभाग की योजनाओं में हितग्राहियों का खाता खुलवाकर किया गया लाखों का गबन

- अब तक की रिपोर्ट में आरोपियों ने 14 लाख रुपए का किया है गबन
- प्रार्थिया का बैंक खाता खोलवाकर एटीएम जारी कर फर्जी तरीके से पैसा निकालकर पैसा का किया गया गबन
- आरोपियों ने पेशेवर तरीके से हितग्राहियों को लिया अपने झांसे में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 26 अगस्त।** जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकदीपक कुमार झा अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक, एसडीओपी बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र. 617/2023 धारा 420, 409, 120बी, 34 भादवि के आरोपिया को गिरफ्तार कर आरोपिया के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही किया गया।

आरोपी का नाम रुखमणी वर्मा पति स्व. श्याम लाल वर्मा उम्र 52 साल निवासी ग्राम करमदा थाना सिटी कोतवाली है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीया टीकेश्वरी ध्रुव निवासी कोलियारी थाना सिटी कोतवाली रिपोर्ट दर्ज करायी कि पति के मृत्यु उपरांत शासन के योजना अंतर्गत छ0ग0 भवन अन्य सन्निर्माण कर्मकार मण्डल मृत्यु योजना की राशि के संबंध मे आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं एक फोटो को ग्राम करमदा के रूखमणी वर्मा पति स्व. श्याम वर्मा उम्र 53 वर्ष ग्राम करमदा के माध्यम से जिले के श्रम निरीक्षक मनोज मंडलेश्वर के बताने पर मीना वर्मा पिता कृष्ण कुमार वर्मा उम्र 27 वर्ष साकिन रवान जो एजेंट का काम करती है उसके पास जमा कर दो कहने पर मैं ग्राम करमदा के रूखमणी वर्मा के घर जाकर मेरे साथ में रामहिन बाई पति स्व0 फागसिंग ध्रुव, तीजन बाई पति स्व0 जगमोहन ध्रुव ग्राम कोलियारी को भी बुलाकर रूखमणी वर्मा के घर आवेदन जमा किये। कुछ दिनो बाद मीना वर्मा करमदा आकर रूखमणी वर्मा के घर बैंक आफ बडोदा शाखा भाटापारा मे खाता खोलने के लिये फार्म भरे और हम तीनो का हस्ताक्षर एवं अंगुठा कराये। कुछ समय बाद बैंक के द्वारा तीनो का खाता प्रारंभ कर एटीएम जारी किया गया।

बैंक में जानकारी प्राप्त करने पर बताये कि तीनो का पासबुक एवं एटीएम, सुमित्रा ध्रुव पिता शिव प्रसाद ध्रुव उम्र 27 वर्ष साकिन कोडापार थाना भाटापारा ग्रामीण को हम तीनो का पास बुक एवं आरू को दे देना बताये। कि इन चारो व्यक्तियो द्वारा आवेदिका टीकेश्वरी ध्रुव पति स्व. अवधराम ध्रुव उम्र 35 साल तीजन बाई रामहिन बाई साकिन कोलियारी, सेवकराम ठाकुर पिता फेकुन ठाकुर विद्या यादव पति रमेश यादव सुशीला ध्रुव पति सियाराम ध्रुव साकिनान करमदा, पंचराम ध्रुव पिता उभेराम ध्रुव साकिन धवई, लोमश ध्रुव पिता पिलाराम ध्रुव साकिन बुडगहन, बिसाली राम पिता धनीराम निषाद ग्राम बुडगहन, श्याम बाई पति स्व. भीषण वर्मा निवासी करमदा, बैसाखु साहू पिता कलाराम साहू ग्राम करमदा, रायसिंग निषाद पिता सुधवा निषाद ग्राम बुडगहन, परेमिन बाई ध्रुव पति खेलन ध्रुव ग्राम करमदा, रतन सिह ध्रुव पिता बुधु राम ध्रुव निवासी ग्राम बुडगहन को भी छल कपट कर प्रत्येक का 01-01 लाख रूपये का धोखाधडी कर कुल 14 लाख रूपये को एटीएम के माध्यम से निकाल लिया गया है। कि संपूर्ण प्रकरण में सोची समझी रणनीति के तहत श्रम निरीक्षक मनोज मंडलेश्वर जिला श्रम अधिकारी बलौदाबाजार, शासकीय सेवक होते हुये अन्य आरोपी एजेंट मीना वर्मा पिता कृष्णकुमार वर्मा उम्र 27 वर्ष साकिन रवान, रूखमणी वर्मा पति स्व. श्याम वर्मा उम्र 53 वर्ष साकिन करमदा सुमित्रा ध्रुव पिता शिव प्रसाद ध्रुव उम्र 27 वर्ष साकिन कोडापार थाना भाटापारा ग्रामीण हितग्राहियो का शासकीय रकम को धोखा देकर छल पूर्वक रूपये को निकाला गया है। आरोपियो का कृत्य अपराध धारा 420, 409, 120बी, 34 भादवि का घटित करना पाये जाने से अपराध सदर कायम कर विवेचना मे लिया गया विवेचना के दौरान आरोपिया रूखमणी वर्मा को 25 अगस्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

प्रकरण में अब तक की जांच विवेचना कार्यवाही में कुल 14 लाख रुपए के गबन का मामला सामने आया है। विवेचना के क्रम में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द की जावेगी। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि सीआर साहू, आरक्षक बसंत साहू, महिला आरक्षक उकेश्वरी साहू, सरिता यादव का योगदान रहा।

# ओलंपिक खेलों में छुरा की बादशाहत बरकरार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 26 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के विलुप्तप्राय खेलों को सहेजने हेतु शासन के महत्वाकांक्षी योजनांतर्गत छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक पांच चरणों में आयोजित किया गया है।द्वितीय चरण में क्लस्टर स्तरीय मुकाबला गांधी मैदान गरियाबंद में सम्पन्न हुआ।

ओलंपिक खेल के सभी मुकाबलों में छुरा नगर का बादशाहत कायम रहा। एकल खेलों के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़, बिल्लस, भंवरा, रस्सीकुद, कुश्ती में प्रथम स्थान हासिल किये। फुगड़ी, लम्बी कूद में द्वितीय पायदान पर रहे। वर्ष 18 से 40 आयु वर्ग में फुगड़ी, बिल्लस, गेड़ी दौड़, रस्सी कूद, कुश्ती में अव्वल रहे। 40 प्लस में भी 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, गेडी दौड़, फुगड़ी, भंवरा, कुश्ती में बाजी मारी द्य सामूहिक खेलों के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु वर्ग में संखली, गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, खो खो, कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त किये। द्वितीय वर्ग में बांटी, गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, कबड्डी के विजेता रहे। 40 प्लस में भी गिल्ली डंडा, संखली, लंगड़ी दौड़, बांटी, कबड्डी, पिट्ठूल, रस्साकस्सी और खो खो में पहले पायदान पर रहे। इस तरह सभी विधाओं को मिलाकर कुल 96 मुकाबलों में 55 मुकाबले में छुरा ने प्रथम स्थान हासिल किया। खिलाड़ियों के हौसला अफजायी करने खेल मैदान पहुंचे मुख्य नगर पंचायत अधिकारी सी.एम.ओ. लाल सिंह मरकाम ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दिया।जीत के पीछे छिपी मेहनत, जज्बे को आगे भी जारी रखने के लिए प्रेरित किए। खेल प्रशिक्षक, मार्गदर्शक, युवा मितान क्लब के अथक परिश्रम को भी सराहा। नगरीय निकाय टीम के प्रशिक्षक एवं मार्गदर्शक रेवेंद्र दीक्षित, अर्जुन धनंजय सिन्हा, वीरेंद्र ठाकुर, डोमेश्वर ध्रुव, जितेन्द्र पाटकर, मिथलेश सिन्हा, टंकेश्वर मरकाम, राजकुमार लहरे ने विजयहासिल करने पर हर्ष व्यक्त किया।आगामी मुकाबलों में जीत के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# अनिल चंद्र राही के निधन पर कलेक्टर ने जताया गहरा दुःख

**बलौदाबाजार, 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जल संसाधन विभाग बलौदाबाजार डिविजन में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारी कार्यपालन अभियंताअनिल चंद्र राही का आज आकस्मिक निधन हो गया। निधन की समाचार मिलते ही अधिकारियों कर्मचारियों में दुःख की लहर छा गई।राही का अंतिम संस्कार आज बिलासपुर में किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा की ओर से डिप्टी कलेक्टरसोनकर उपस्थित रहे। इसके साथ मे जल संसाधन विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम मेंराही को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कलेक्टरचंदन कुमार नेराही के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किये हैं। उन्होनें कहा किराही बेहद कर्मठ, सहज एवं मिलनसार हंसमुख साथ ही अनुभवी अधिकारी थे। उनका इस तरह अचानक जाना हम सबको अवश्य प्रभावित करता है। कलेक्टर ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना एवं सहानुभूति भी प्रकट की है। इस अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय के विभिन्न विभागों अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# विकासखंड स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के 16 खेलों में 1589 खिलाड़ियों ने लिया भाग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 26 अगस्त।** विकासखंड स्तरीय छत्तीसगढिया ओलम्पिक खेल स्पर्धा कोहका कालेज मैदान और शासकीय हाई स्कूल तुलसी नेवरा में 21 से 23 अगस्त तक आयोजित की गई। इस स्पर्धा में तिल्दा विकासखंड के 101 पंचायतों और 12 जोन के 18 वर्ष से कम महिला - पुरूषों सहित 18 वर्ष से ऊपर के 1589 प्रतिस्पर्धी भाग लिए। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस स्पर्धा में लोगों ने बढ़चढ़कर भाग लिया।प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए विजेताओं को क्रमशः 1000, 750 एवं 500 रूपये उनके बैंक खाते में अंतरित की जाएगी। इन 16 स्पर्धाओं के प्रथम आए खिलाड़ियों को अब 04 से 06 सितंबर तक रायपुर में आयोजित जिला स्तरीय छत्तीसगढिया ओलम्पिक में भाग लेने का अवसर मिलेगा।अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रकाश टंडन के मार्गदर्शन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तिल्दा विवेक गोस्वामी का निरन्तर निर्देशन व विखं शिक्षा अधिकारी तिल्दा बीएल देवांगन की सतत मानिटरिंग के चलते यह स्पर्धा निर्विवाद और निर्विघ्न रुप से सम्पन्न हुई। विखं स्तरीय छत्तीसगढ़ ओलंपिक समिति के अध्यक्ष कमलेश साहू, सदस्य सचिव अभिमन्यु वर्मा ने इस आयोजन को सम्पन्न कराने में पीटीआई चन्द्रकुमार वर्मा और उनके पूरे टीम के साथ समस्त अंपायरों, निर्णायकों, टेबल कार्य करने वाले शिक्षक /शिक्षिकाओं, स्वास्थ्य, पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों, टैन्ट, सफाई एवं पानी व्यवस्था हेतु नपा परिषद तिल्दा नेवरा व प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले साथियों का प्रदर्शन किया है। कोहका कालेज प्राचार्य दीवान, हाई स्कूल प्राचार्य एसपी वर्मा तुलसी नेवरा, बिहान समूह की बहनें जिन्होंने भोजन और चाय नाश्ता की व्यवस्था की विशेष धन्यवाद के पात्र हैं।

### तिल्दा-नेवरा में होने जा रहा है 1008 श्री मद् भागवत कथा का आयोजन

# 1 से 7 अक्टूबर तक नगर में गूंजेगा 'राम काज करिबे को आतुर'

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 26 अगस्त।** जिस प्रकार हनुमान जी राम जी के कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहते है उसी प्रकार हम सब भी उसी भाव से कार्य करते रहे और श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम होने के पूर्व तक हम सभी को विश्राम नहीं करना है और प्रयत्न करना चाहिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस पुनीत कार्य में जोड़े। प्रभु चरित्र सुनबे को रसिया जिस प्रकार हनुमान जी भगवान राम के चरित्र को सुनने के लिए सदैव लालायित और उत्सुक रहते है उसी प्रकार हम सब को भी उसी भाव से श्रीमद् भागवतकथा सुनने के लिए लालयित रहना चाहिए तो आइए हम सब श्रीधामवृंदावन के रसिक भागवताचार्य श्रीहित ललितवल्लभ जी नागार्च के द्वारा 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर के मध्य तिल्दा नेवरा रायपुर छत्तीसगढ़ में होने वाले 1008 श्रीमद् भागवत कथा का महाराज जी के ओजस्वी वाणी में कथा का रसपान करें और अपना और अपने परिवार का जीवन धन्य बनावे राधे राधे आयोजक तिल्दा नेवरा के वासी इस को लेकर भारी उत्साह में है कथा में आने वाले यजमान ओ के लिय रहने भोजन की व्यस्था भी है जो भी परिवार पोथी अपने पितृ के लिय करवाना इच्छुक है वे कार्यालय से समर्क कर सकते है कथा को लेकर भव्य त्यारिया चल रही है।



भागवत कथा परिवार तिल्दा नेवरा के सदस्य श्रीधामवृंदावन के रसिक भागवताचार्य श्रीहित ललितवल्लभ जी नागार्च के द्वारा 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2023 के मध्य होने वाले 1008 श्रीमद् भागवत कथा पोथी के लिए प्रचार प्रसार कर रहे हैं तो कई भागवत प्रेमी महानुभावो के मन में कुछ प्रश्न उठे हैं वह प्रश्न निम्नानुसार है और उसका हम यथोचित निकारण करने का प्रयास किए हैं :

प्रश्न : पोथी क्या है ?

उत्तर : श्रीमद्भागवत पुराण को ही बोलचाल की भाषा में पोथी कहा जाता है।

प्रश्न: 1008 पोथी का क्या तात्पर्य है?

उत्तर : 1008 पोथी अर्थात 1008 श्रीमद भागवत पुराण को 1008 श्रेष्ठ ब्राह्मणों जो इस कार्य के लिए निपुण होते हैं के द्वारा पुराण का मूल पाठ का पठन किया जाएगा।

प्रश्न : इस 1008 श्रीमद्भागवत पुराण में कितने जजमान होंगे ?

उत्तर : हर पोथी के लिए एक जजमान होंगे अर्थात 1008 जजमान होंगे।

प्रश्न : अगर हम एक पोथी के जजमान बन गए तो उसके लिए हमे क्या रोज आना होगा और कितने समय के लिए और समय क्या रहेगा ?

उत्तर प्रथम दिन संकल्प लिया जाएगा अतः उस दिन सभी जजमान अगर वह तिल्दा नेवरा में है तो वह जरूर आवे अगर किसी कारणवश ना आ पाए या तिल्दा नेवरा से बाहर है तो उसके पोथी का पंडित उसके नाम का संकल्प ले लेंगे और हमारे सदस्यों का प्रयास रहेगा की उसका वीडियो क्लिप बनाकर आपको भेजा जाएगा। पोथी का पठन सामान्य रूप से सुबह के समय किया जाता है और तकरीबन 5 घंटे प्रतिदिन पठन किया जाएगा।

प्रश्न: अगर हमारे द्वारा पोथी रखा जाता है और तिल्दा नेवरा से बाहर हैं यह हम कथा में नहीं आ पा रहे हैं तो हम कैसे आप से जुड़े?

उत्तर: आप सोशल मीडिया के माध्यम से हमसे जुड़े रहेंगे हमारे ग्रुप में पूरी जानकारी कथा के बारे में समय-समय पर उपलब्ध कराते रहेगा। हमारा प्रयास है की कथा का लाइव टेलीकास्ट हो साथ ही फेसबुक लाइव भी रहेगा तो आप घर में ही बैठकर हमारी कथा का श्रवण का लाभ उठा सकते हैं।

प्रश्न : हमें कैसे पता चलेगा कि हमारा पोथी कौन सा है और कौन पंडित पाठ कर रहा है?

उत्तर :आपको पूर्व में ही सूचना दे दिया जाएगा कि आपका पोथी का नंबर कौन सा है और प्रथम दिन जो भी पंडित जिस जजमान का पोथी का पठन करेगा उसका नाम भी हमारे ग्रुप के माध्यम से सभी को सूचित कर दिया जाएगा।

प्रश्न: पोथी क्यो रखना चाहिये

उत्तर पोथी का मतलब भागवत ही है बहुत लोग अकेले भगवत नही करा सकते है तो आप पोथी रखकर पूरी भगवत का पुण्य प्राप्त कर सकते हो घर परिवार मे सुख शांति, स्वस्थ शरीर, बच्चों की पढ़ाई एवं लक्ष्मी प्राप्ति की कामना के लिये भी भागवत पोथी रखना चाहिए

प्रश्न: अगर हमने पोथी ले लिया है तो आप को क्या-क्या जानकारी देना होगा?

उत्तर : आपको अपना नाम, पिता जी का नाम, पत्नी का नाम गोत्र, निवास स्थान, साथ ही अगर आप किसी मृतआत्मा या किसी पूर्वजों के नाम पर नाम पर कराना चाह रहे हैं तो उनका नाम साथ ही उनका कोई छवि या फोटो फ्रेम हम को उपलब्ध कराना होगा।

आपको और भी किसी प्रकार की जानकारी चाहिए तो आप हमारे ग्रुप में पोस्ट कर सकते हैं आपकी समस्या का निवारण हम श्रीमद् भागवत कथा परिवार तिल्दा नेवरा के सदस्य अति शीघ्र करने का प्रयास करें


**न्यायालय नज़ूल अधिकारी जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छत्तीसगढ़)**

रा.प्र.क्र. 202308160100003
अ-20 ( 3 ) 2022-23

**ईश्तहार**

आम जनता को इस ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका नवीन कुमार चेड़े पिता/पति एस.एन.चेड़े जाति. पद्मशाली निवासी बचेली नगरीय क्षेत्र बचेली वार्ड क्र. ......... तहसील बचेली जिला दंतेवाड़ा मोबाइल नंबर 9399979025 को ग्राम बचेली प.ह.नं. 02 तहसील बचेली जिला दंतेवाड़ा स्थित, कब्जे की शासकीय नजूल भूमि खसरा नंबर 988/1 रकबा 0.4612 हेक्टे. में से 98 वर्गमीटर भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ, अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन/बंटन योजना के तहत भूमिस्वामी हक में प्रदाय किये जाने संबंधी प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति के स्पष्ट कारणों को उल्लेख करते हुये स्वयं या अपने मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 07.09.23 तक कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

नियत तिथि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति/अभ्यावेदन इस न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23-08-23 को जारी किया जाता है।

मुहर — नज़ूल अधिकारी दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202308201000054/
बी-121/2022-23

**उद्घोषणा**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका जगोबाई पति सुकमन जाति गोंड निवासी पीपरा ग्राम पंचायत पीपरा तहसील केशकाल के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पति सुकमन पिता बासी का मृत्यु दिनांक 10/04/2012 को अपने निवास स्थान पीपरा में हुआ है का मृत्यु संबंधित सूचना ग्राम पंचायत पीपरा में नहीं दिये जाने से मृत्यु का पंजीयन नहीं हुआ। आवेदक द्वारा मृत्यु प्रमाण हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार को आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से पेशी दिनांक 04/09/2023 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी केशकाल जिला-कोण्डागांव ( छ.ग. )

**न्यायालय नज़ूल अधिकारी, भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202308211100055
अ/20( 3 ) वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शेख सलीम पिता शेख गफूर निवासी भगत सिंह वार्ड ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 17-अ, भूखण्ड क्रमांक 36/1 क्षेत्रफल 94 वर्गमीटर, निर्धारण 11.30 रुपये भूमि नजूल अभिलेख में आवेदक शेख सलीम पिता शेख गफूर एवं अनावेदक शेख कलीम पिता शेख गफूर निवासी भगत सिंह वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा के संयुक्त नाम पर दर्ज है। अनावेदक द्वारा अपने विलेख को स्सेहि पंजीकृत हकत्याग क्रमांक 743 पंजीयन दिनांक 01/07/2019 के माध्यम से आवेदक के पक्ष में हकत्याग निष्पादित किया गया है। उक्त पंजीकृत हकत्यागपत्र के आधार पर आवेदित भूमि के नजूल अभिलेख से अनावेदक/हकत्यागकर्ता शेख कलीम पिता शेख गफूर का नाम विलोपित कर अपने नाम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत हकत्यागपत्र की छायाप्रति एवं शपथपत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 08/09/2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नज़ूल अधिकारी भाटापारा

# जन्मदिन के जश्न के बहाने कुख्यात बदमाशों का सम्मेलन

## तलवार से केक काटकर लहराए गए हथियार

**रायपुर 26 अगस्त।** एक ओर जहां भारत निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा कह रहा था वहीं दूसरी ओर राजधानी में कुख्यात बदमाश जन्मदिन के बहाने जश्न मना रहे थे। यह मामला 25-26 अगस्त की रात की है। निगरानी बदमाश मोहसिन के जन्मदिन पर एक अन्य निगरानी बदमाश लल्लू पठान ने आजाद चौक इलाके के ईदगाहा भाठा लाखेनगर में भव्य पार्टी का आयोजन किया था। मोहसिन ने इस मौके पर तलवार से केक काटा इसके बाद शराब की बोतलें खुलीं। पार्टी के इस वीडियो को किसी ने वायरल कर दिया है। मांस-मदिरा वाली इस पार्टी में राजधानी के अधिकतर निगरानीशुदा बदमाश एकत्र हुए थे। वे तलवार व कट्टा लहराकर मोहसिन को जन्मदिन की बधाई दे रहे थे। उन्होंने रैली भी निकाली। मोहसिन पर हत्या, हत्या का प्रयास, लूट जैसे कई अपराधिक प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज हैं। इसी तरह पार्टी में शामिल बदमाशों के खिलाफ कई अपराध दर्ज हैं। इनमें से कुछ की पुलिस को तलाश है। मोहसिन की जन्मदिन की इस पार्टी की कानोंकान खबर पुलिस को नहीं लगी। ऐसा बताया जा रहा है कि केक को कार के बोनट पर रखकर सरेराह काटा गया था। यह बेहद संगीन मामला है। राजधानी की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहा है। यही बदमाश शहर में आतंक फैलाकर अपराध को अंजाम देते हैं।

*आईजी रतन लाल डांगी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पार्टी में शामिल सभी लोगों पर एफआईआर दर्ज करने तथा कार को जब्त करने के निर्देश दिए है।*

रक्षाबंधन...



**रायपुर 26 अगस्त। रक्षाबंधन का पर्व समीप है। राजधानी के बाजार तरह-तरह की राखियों से सज गए है। गोल बाजार व आमापारा में बड़ी संख्या में बहनें राखी खरीद रही हैं।**

## एक नजर

### आहूजा की मांग पर सरकार ने उठाया सकारात्मक कदम

**रायपुर, 26 अगस्त।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष रमेश आहूजा की मांग रसोई गैस सिलेंडर में सब्सिडी तथा बिजली बिल हॉफ योजना का विस्तार पर राज्य सरकार ने सकारात्मक रूख अख्तियार कर लिया है। इस पर खुशी व्यक्त करते हुए समिति के कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला ने कहा है कि आहूजा 50 वर्षों से राजनीति में हैं। उन्होंने अपनी दूरदृष्टि से जन लाभ के लिए उक्त दोनों मांगों को उठाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मंत्री मो. अकबर व विधायक सत्यनारायण शर्मा को पत्र भी लिखा है। मांग पूरी होने पर कांग्रेस 80 सीटें जीतेगी। चावला ने बताया कि आहूजा का स्वास्थ्य खराब चल रहा है।

### राखी स्टोर के संग भाई-बहन के त्योहार को बनाएं खास

**रायपुर 26 अगस्त।** यह समयअमेजन डॉट इन के खासतौर पर तैयार किए गए राखी स्टोर के साथ प्यार के रिश्ते का जश्न है मनाने और भाई-बहन के पवित्र बंधन को और मजबूत करने का है, यह राखी स्टोर 20 से 30 अगस्त तक उपलब्ध रहेगा। हमारे कस्टमर टेक्नो, हर्षीस, लिंड्ट, फैबेले, फेरेरो, कैडबरी, बोट, फुजीफिल्म इंस्टैक्स जैसे मशहूर ब्रांडों के आकर्षक ऑफर और डील्स का फायदा उठा सकते हैं। भाई-बहन के साथ इस त्योहार का आनंद ले सकें। कस्टमर्स हैम्पर्स और कॉम्बो, पारंपरिक और डिजाइनर राखी, गिफ्ट कार्ड, ब्यूटी प्रोडक्ट, ग्रोसरी और रोजाना की जरुरी चीजों, हैंडबैग, खुशबू, घड़ियां, परिधान, म्यूजीकल इंस्ट्रुमेंट, कैमरे, स्मार्टफोन, फुटवीयर्स, खिलौनों एवं बोर्ड गेम्स, चॉकलेट, इत्यादि में से अपनी पसंद का गिफ्ट चुन सकते हैं।

### बेहतरीन सर्विसेज का प्रदर्शन किया जाएगा

**रायपुर 26 अगस्त।** अमेजन ने अपने ब्रांड अमेजन पे के लिए नया कैम्पेन - बिल पेमेंट्स का स्मार्टर वे लॉन्च किया है। इस कैम्पेन में बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना दिखाई देंगे। कंपनी के इस नए कैम्पेन में दिखाया जाएगा कि ग्राहक कैसे अपने सभी बिलों को स्मार्ट और आधुनिक तरीके से एक ही स्थान पर मैनेज कर सकते हैं।

### आंतरिक शांति और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा



**रायपुर 26 अगस्त।** अग्रणी अगरबत्ती ब्रांड जेड ब्लैक को क्रिकेट के दिग्गज और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी पर आधारित ज़ेड ब्लैक 3-इन-1 प्रीमियम अगरबत्ती के लिए अपने नवीनतम विज्ञापनकैम्पेन की लॉन्च की घोषणा करने में बेहद खुशी हो रही है। कैम्पेन का उद्देश्य संतुलित और पूर्ण जीवन के लिए दैनिक प्रार्थनाओं को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के महत्व पर जोर देना है। आज की तेजी से भागती दुनिया में, जहां लोग विभिन्न कामों और जिम्मेदारियों में उलझे रहते हैं, प्रार्थना के माध्यम से खुद से जुड़ने के लिए एक पल लेने का काम बेहद सुकून देने वाला हो सकता है। जेड ब्लैक का पिछले 6 वर्षों से ब्रांड एंबेसडर के रूप में एमएस धोनी के साथ निरंतर सहयोग लोगों को एकऐसे काम के लिए थमने, विचार करने और संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित करना चाहता है, जो आंतरिक शांति और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देता है।

### श्री राम नाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन



**रायपुर 26 अगस्त।** भगवान श्री विरंचीनारायण और श्री नरसिंहनाथ मंदिर, ब्रह्मपुरी माहामाया मंदिर वार्ड में अखंड श्री राम नाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है. ये आयोजन 21 अगस्त से प्रारंभ हुआ है. जो कि 28 अगस्त तक चलेगा. हर दिन इस महायज्ञ में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हो रहे हैं. बताया जाता है कि ये मंदिर करीब 1100 साल पुराना है. लगातार बीते 37 वर्षों से यहां श्री राम नाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें हर साल भक्त यहां इस अनुष्ठान में भाग लेते हैं और भगवान का दर्शन लाभ लेते हैं. 28 अगस्त को इस अनुष्ठान का समापन होगा. इस दिन हवन और पूजन होगा. इसके बाद भंडारा का आयोजन किया जाएगा. हवन-पूजन सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा।

### निधन

#### प्रभाकर कुमार



**रायपुर।** प्रभाकर कुमार(वरिष्ठ प्रसिद्ध समाज सेवी, समाज सुधारक), उम्र 69 वर्ष, निवासी आदर्श नगर, पहाड़ी चौक, गुढ़ियारी का निधन हो गया है। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्री एवं दामद को छोड़ गये हैं।

## सदाबहार गीतों का जश्न



**रायपुर 26 अगस्त।** भारत की प्रमुख प्लाईवुड कंपनियों के बीच सबसे अनुभवी, ड्यूरोप्लाई इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने भोपाल में मशहूर संगीत कार्यक्रम ÷एक शाम रफी के नाम'' को अपने अटूट सहयोग के 25 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया। यह कार्यक्रम हाल ही में रविन्द्र भवन के हंसध्वनि ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ, जहाँ रफी जी के मंत्रमुग्ध करने वाले गानों की गूंज सुनाई दी। जिस तरह से मोहम्मद रफी के नगमे समय की सीमाओं के परे हैं, उसी तरह ड्यूरोप्लाई की उत्पाद श्रृंखला बड़ी ही आसानी से घरों और ऑफिसों का अभिन्न हिस्सा बन जाती है। यह सदाबहार उत्कृष्टता का साकार रूप है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी बनी रहती है। इस कार्यक्रम के बारे में ड्यूरोप्लाई भोपाल के ब्रांच हेड श्री लक्ष्मेन्द्र माहेश्वरी ने कहा, ÷हम मोहम्मद रफी की सदाबहार विरासत का साथ देकर और इस संगीतमय श्रद्धांजलि में सहयोग करके सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

## मतदाता जागरूकता के लिए दौड़ा रायपुर



**रायपुर 26 अगस्त।** राज्य में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने आज मरीन ड्राइव तेलीबांधा से वाकेथॉन का आयोजन किया गया। वाकेथॉन के द्वारा शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने और 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने प्रेरित किया गया। दौड़ेगा रायपुर, वोट करेगा रायपुर का उद्देश्य लेकर आयोजित हो रही इस वाकेथॉन में शहर के युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, तृतीय लिंग समुदाय के लोग, समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित शासकीय अधिकारी कर्मचारी और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह वाकेथॉन सुबह तेलीबांधा तालाब स्थित मरीन ड्राइव से शुरू हुई। मरीन ड्राइव से शुरू हो घड़ीचौक-कलेक्टोरेट होकर वाकेथॉन वापस मरीन ड्राइव पर समाप्त हुई। वाकेथान की शुरुआत पर निर्वाचन आयोग के सदस्यों ने बोर्ड पर हस्ताक्षर कर लोगों को मतदान के लिए संदेश लिखें और आगामी चुनाव में मत अधिकार का उपयोग करने की अपील की। इस वाकेथॉन भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमारके साथ आयुक्त द्वय श्री अनूप चंद्र पांडेय और श्री अरूण गोयल, भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त श्री हृदेश कुमार, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त श्री धर्मेन्द्र शर्मा और श्री नितेश व्यास, उप निर्वाचन आयुक्त श्री मनोज कुमार साहू और श्री आर.के. गुप्ता, उप निर्वाचन आयुक्त श्री अजय भादू, महानिदेशक श्री बी नारायणन, निदेशक श्री यशवेंद्र सिंह, निदेशक (आई टी) श्री अशोक कुमार, वरिष्ठ प्रधान सचिव श्री एन.एन. बुटोलिया, प्रधान सचिव श्री एस.बी. जोशी, संयुक्त निदेशक श्री अनुज चांडक और अवर सचिव श्री रितेश सिंह भी शामिल हुए।

## जेल में बंदियों की कलाई में नहीं सजेगी राखियां

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 26 अगस्त।** प्रदेश के विभिन्न जेलों में बंद कैदियों की कलाई इस वर्ष भी सूनी रहेगी। रक्षाबंधन समीप है और शासन ने कोई निर्णय नहीं लिया गया है। कोरोना संकटकाल के बाद कैदियों को जेल में राखी बांधने की अनुमति नहीं दी गई थी। प्रतिवर्ष बहनें जेल के अंदर बंद अपने भाईयों के लिए मिठाई तथा राखी लेकर पहुंचती थीं। सुबह से लेकर शाम तक यह सिलसिला चलता था। रायपुर सेंट्रल जेल में कैदियों की संख्या अधिक है इसलिए यहां पर पहले से ही सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाती थी।

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांति सरोवर की बहनों के अनुसार वे प्रतिवर्ष रक्षाबंधन पर कारागार जाती थीं लेकिन कोरोना काल के बाद अभी तक कोई अनुमति नहीं मिली है। अन्य सामाजिक संस्थाओं में हम राखी बांधने जाएंगे। जेल में सरकारी आदेश का इंतजार किया जा रहा है। इस संबंध में डीआईजी गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों से मोबाइल पर संपर्क किया गया लेकिन वे कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। जेल के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार बिलासपुर, अंबिकापुर, रायगढ़ सहित कई जिला एवं सेंट्रल जेल से रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों को राखी बांधने की अनुमति मांगी गई है। बहनें भी शासन की उदासीनता से काफी निराश हैं। ज्ञात रहे इस वर्ष राखी का त्योहार 30 एवं 31 अगस्त को है। भद्रा लगने के कारण पहले दिन रात को तथा दूसरे दिन सुबह राखी बांधनी होगी।

## शांति सरोवर में राष्ट्रपति के भव्य स्वागत की तैयारियां

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 26 अगस्त।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि शांति सरोवर विधानसभा रोड सड्डू में स्वागत की तैयारियां की जा रही है। राष्ट्रपति के आने से विवि के सभी भाइयों एवं बहनों में उत्साह व्याप्त है। छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर पहली बार महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आ रहीं हैं। वे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि से जुड़ी हुईं हैं। राष्ट्रपति अपने व्यस्त कार्यक्रम के तहत बिलासपुर विवि के कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। दूसरे दिन वे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विवि जाएंगी। सविता बहन ने बताया कि यहां पर राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए भव्य सजावट की जा रही है। सुरक्षा मानकों के अनुसार सीमित लोगों को ही प्रवेश दिया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कमला दीदी सहित अन्य लोगों के भी आने की संभावना है। राजभवन से लेकर शांति सरोवर तक सुरक्षा के सभी व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों ने आज दौरा किया। अधिकारियों ने शांति सरोवर में सभी व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया है। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए पूरे छग से भाइयों एवं बहनों के आने की संभावना है। इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है।

## सरोना में रेलवे के ट्रांसफार्मर क्वाइल की चोरी

**रायपुर 26 अगस्त।** आरपीएफ पोस्ट रायपुर के अधिन आने वाले सरोना इलाके में रेलवे के पंप हाउस में लगे ट्रांसफार्मर के क्वाइल के चोरी होने का मामला सामने आया है. आरपीएफ रायपुर की मुस्तैदी से दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है, बाकी की तलाश जारी है. आरपीएफ पोस्ट रायपुर के निरीक्षक एमके मुखर्जी के मुताबिक पंप हाउस में ट्रांसफार्मर के क्वाइल को कुछ संदिग्ध आरोपी ऑटो में ले गए थे।

## कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



**रायपुर 26 अगस्त।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की दो दिवसीय मीटिंग संपन्न हुई जिसमें देश के लगभग 27 राज्यों के 150 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेताओं ने भाग लेकर देश भर के व्यापारियों के व्यापार में टेक्नोलॉजी के ज़रिए किस प्रकार से वृद्धि की जा सकती है, पर विस्तार से चर्चा की गई और भविष्य के लिए रणनीति तय की गई। इस दो दिवसीय मीटिंग में कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री अमर परवानी को केंद्र सरकार द्वारा गठित राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड का सदस्य बनाए जाने पर देश भर के व्यापारी नेताओं ने ज़बरदस्त स्वागत किया गया। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी.सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महासचिव श्री प्रवीण खण्डेलवाल ने बताया की मीटिंग में कम नकदी वाले व्यवसाय के लिए आवश्यक तैयारी और इंटरनेट धोखाधड़ी के लिए सावधानियां, व्यापारियों के लिए डेटा भंडारण और इसकी सुरक्षा क्यों महत्वपूर्ण है। कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक मे कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप उपस्थित रहे - अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वासु माखीजा, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, अमर धींगानी, विजय पटेल, राकेश ओचवानी, कैलाश खेमानी, नरेश पाटनी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, जयराम कुकरेजा, दीपक विधानी, भूपेन्द्रर सिंह खालसा, परविन्द्रर सिंह खनूजा, रमेश खोडियार, राकेश लालवानी, सुशील लालवानी एवं शैलेन्द्र शुक्ला आदि।

## राजधानी में न्यूरो डॉक्टरों का सम्मेलन





**रायपुर 26 अगस्त।** रामकृष्ण केयर अस्पताल छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के न्यूरोसर्जन, न्यूरोलॉजी और न्यूरो से संबंधित डॉक्टर्स का सम्मेलन है जिसमें विभिन्न प्रकार के मस्तिष्क व नस से संबंधित बीमारियों के बारे में परिचर्चा रखी गई है। इसमें मरीजों का लाईव सर्जरी होगा जिसमें मस्तिष्क का ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन, गले की नस का दबाव का ऑपरेशन कमर के दबे हुए नस का ऑपरेशन और नाक के रास्ते से Pituitar4 का ऑपरेशन किया जायेगा। उक्त बीमारियों का ऑपरेशन रामकृष्ण केयर के न्यूरोसर्जन डॉ. एस. एन. मढ़रिया एवं हैदराबाद से आये हुए सर्जन डॉ. मानस पानीगिरी एवं जबलपुर से आये हुये सर्जन डॉ. वाय.आर. यादव, डॉ. शैलेन्द्र रात्रे के द्वारा किया जायेगा।

उक्त ऑपरेशन आधुनिक पद्धति से किया जायेगा जिससे मरीज को बहुत कम दर्द होता है। और छोटा छिद्र बना के किया जायेगा। न्यूरोसर्जन डॉ. मढ़रिया ने बताया कि साइटिका, कमर दर्द का ऑपरेशन को बिना बेहोश करके बात करते-करते दूरबीन द्वारा किया जायेगा। जिसमें एक उंगलि के टिप के बराबर दूरबीन द्वारा किया जायेगा। इस तरह के वर्कशॉप का उद्देश्य उपचार का अत्याधुनिक विधि को छत्तीसगढ़ के लोगों के सुविधा देने के लिये यहां के न्यूरोसर्जन को अवगत कराना होता है। नहीं तो इस तरह की सुविधा बड़े शहरों में ही निहित रहेगी।

अत्याधुनिक चिकित्सा पद्धति ट्रायल एवं सुधार के सिद्धांत पर नहीं चलता यह विज्ञान पर आधारित होकर परफेक्शन के साथ किया जाता है और मोटिवेशन एक अच्छी ऑपरेशन को देखकर होता है अगर कोई सर्जरी अच्छी दिख रही है उसका मतलब यह नहीं है कि सरल या कठिन है इसका मतलब यह होता है कि उसको अच्छे तरीके से प्लानिंग करके किया जा रहा है और यही प्रत्येक सर्जरी के लिये आवश्यक होता है जिसको इस तरह के वर्कशॉप में बताया जाता है क्योंकि आधुनिक समय में जो नई विधा और मशीनों का अविष्कार हो रहा है उससे ऑपरेशन करने के तरीके में परिवर्तन हो रहा है जिसे जानने और समझने की आवश्यकता है लेकिन मानव शरीर के बनावट हजारों वर्षों से वैसी ही है भले उसको नई विधा को सिखने का सबसे अच्छा माध्यम इसके स्पेशिलिस्ट के सुपरविजन में करना होता है और सिखना होता है। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के मेडिकल व मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे जो 30 वर्षों से अधिक अनुभवी व कुशल सर्जन के रूप मे प्रतिष्ठित हैं रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल को, अपने परिश्रम व प्रयासों से श्रेष्ठ हॉस्पिटल का दर्जा प्राप्त करने में समर्पित ढंग से जुटे रहते हैं एवं इस तरह की नये नये तकनीक लोगों के लिये प्रदर्शित करते रहते हैं।

## वायरल फीवर एवं डेंगू की बीमारी को लेकर विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री, प्रमुख सचिव एवं स्वास्थ्य सचिव को लिखा पत्र



**रायपुर 26 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में मौसम परिवर्तन के कारण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की जलवायु पर काफी अधिक प्रभाव पड़ा है। वहीं रायपुर में इसका असर दिखाई दे रहा है। संसदीय सचिव एवं विधायक विकास उपाध्याय लगातार क्षेत्र का निरीक्षण करते ही रहते हैं एवं अपने क्षेत्रवासियों को सदैव अपना परिवार मानते हैं। जिसमें कल उनके द्वारा रामनगर के अंतर्गत गोपाल नगर क्षेत्र में वायरल फिवर एवं डेंगू को लेकर निरक्षण किया गया था और जैसे ही विधायक को आभास हुआ कि उक्त बीमारी का प्रकोप बढ़ते ही जा रहा है, उन्होंने तत्काल स्वास्थ्य विभाग से चर्चा की एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी कराया। लेकिन इस बीमारी का प्रकोप ज्यादा ही तेजी से फैल रहा है, इसलिए विधायक विकास उपाध्याय ने माननीय उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन और सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को पत्र प्रेषित किया है। विधायक विकास उपाध्याय ने पत्र में लिखा है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वायरल फीवर की शिकायत लगातार बढ़ रही है एवं वायरल के साथ-साथ डेंगू बीमारी के मरीजों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। अतः उक्त गंभीर परिस्थिति के निराकरण करने के लिए शीघ्र ही पश्चिम विधानसभा के सभी प्रभावित क्षेत्रों में जाँच एवं उपचार करने हेतु स्वास्थ्य टीम को भेजने एवं पूरे पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में एंटीलार्वा का छिड़काव कराने संबंधित को निर्देशित करने व संबंधित स्वास्थ्य विभाग को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने अनुरोध किया है।

### नशे में धुत्त युवक महिलाओ से कर रहा था गाली गलौज, हो गयी पिटाई

**रायपुर 26 अगस्त।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रेलवे स्टेशन के सामन ए-1 रेस्टोरेंट की खाना बनाने वाली महिलाओं के साथ अज्ञात युवक ने नशे की हालत में गाली गलौज की। जिसके बाद रेस्टोरेंट के आक्रोशित संचालकों ने पहले युवक की पिटाई की, उसके बाद महिलाओं ने भी युवक को मारा। घटना शुक्रवार रात लगभग 10 बजे की है। इसके बाद सूचना पर 112 की पुलिस पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और 112 पुलिस पेट्रोलिंग द्वारा समझाइश देकर युवक को छोड़ दिया गया।





कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23